बिहार सरकार
समाज कल्याण विभाग

अधिसूचना।

सं0– 1191 दिनांक– 14.06. 2017 किशोर न्याय (बालकों की देख–रेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 (2 का 2016) की धारा 110 की उप–धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार सरकार एतद् द्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है:–

अध्याय–1
प्रारंभिक

1. **संक्षिप्त नाम विस्तार एवं प्रारंभ।**– (1) यह नियमावली "बिहार किशोर न्याय (बालकों की देख–रेख एवं संरक्षण) नियमावली, 2017 कही जा सकेगी।
यह राजपत्र में इसके प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त होगी।
2. **परिभाषाएँ।**– जब तक इन नियमों में संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,–

(i) "अधिनियम" से किशोर न्याय (बालकों की देख–रेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 (2016 का 2) अभिप्रेत है;

(ii) "प्राधिकरण" से अधिनियम की धारा 68 के अधीन गठित केंद्रीय दत्तकग्रहण संसाधन प्राधिकरण अभिप्रेत है;

(iii) "मामला कार्यकर्ता" से बाल देख–रेख संस्था में कार्यरत कर्मी या पंजीकृत गैर सरकारी स्वैच्छिक संगठन का ऐसा प्रतिनिधि अभिप्रेत है, जो कि बालक के साथ बोर्ड या समिति के समक्ष जाएगा और ऐसे कार्य करेगा, जो कि बोर्ड या समिति द्वारा उसे सौंपे जाय।

(iv) "बाल दत्तकग्रहण संसाधन सूचना और मार्गदर्शन प्रणाली" से ऐसी ऑनलाइन प्रणाली अभिप्रेत है, जो दत्तकग्रहण कार्यक्रम में सहायता करे एवं उस कार्यक्रम की निगरानी करे;

(v) "बाल अध्ययन रिपोर्ट" से अभिप्रेत है, जिसमें बाल के ब्यौरे जैसे, जन्मतिथि और सामाजिक पृष्ठभूमि का उल्लेख हो;

(vi) "समुदाय सेवा" से विधि का उल्लंघन करने वाले चौदह वर्ष से अधिक आयु के बालकों द्वारा समाज को प्रदान की जाने वाली सेवा अभिप्रेत है और इसके अंतर्गत उद्यानों का रखरखाव, वृद्धों की सेवा, स्थानीय अस्पताल या परिचर्या गृह की सहायता करने, विकलांग बच्चों की सेवा करने, यातायात स्वयंसेवी के रूप में कार्य करने इत्यादि जैसे कार्यकलाप भी हैं।

(vii) "प्ररूप" से इन नियमों के साथ संलग्न प्ररूप अभिप्रेत है;

(viii) "गृह अध्ययन रिपोर्ट" से ऐसी रिपोर्ट अभिप्रेत है, जिसमें भावी दत्तकग्रहण करने वाले माता–पिता या बालक माता–पिता के ब्यौरे का उल्लेख हो और इस ब्यौरे

693

में सामाजिक और आर्थिक स्थिति, पारिवारिक पृष्ठभूमि, घर का विवरण और माहौल तथा स्वास्थ्य की स्थिति शामिल होंगे;

(ix) "व्यक्तिगत देख–रेख योजना" किसी बालक के लिए ऐसी व्यापक विकास योजना है, जो उस बालक की आयु और लिंग–विशिष्ट आवश्यकताओं तथा उस बालक के मामले के पूर्ववृत्त पर आधारित हो, जिसे बालक का खोया आत्मसम्मान, गरिमा और स्वाभिमान लौटाने और उसे जिम्मेदार नागरिक बनाने के उद्देश्य से बालक के साथ परामर्श करके तैयार किया गया हो और तदनुसार इस योजना में बालक की निम्नलिखित आवश्यकताओं की पूर्ति की जाएगी जिसकी कोई सीमा नहीं होगी अर्थात्–

(क) स्वास्थ्य और पोषण संबंधी आवश्यकताएँ, जिसके अंतर्गत कोई विशेष आवश्यकताएँ भी हैं;

(ख) भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक आवश्यकताएँ;

(ग) शैक्षणिक और प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताएँ;

(घ) अवकाश, सर्जनात्मकता और खेलकूद;

(ङ) सभी प्रकार के शोषण, उपेक्षा और दुर्व्यवहार से संरक्षण;

(च) उद्धार और अनुवर्तन;

(छ) समाज की मुख्यधारा में सम्मिलित करना;

(ज) जीवन कौशल प्रशिक्षण।

(x) "देश में दत्तकग्रहण" से भारत में निवास कर रहे भारत के किसी नागरिक द्वारा किसी बालक का दत्तकग्रहण अभिप्रेत है;

(xi) "चिकित्सीय परीक्षण रिपोर्ट" से किसी विधिवत् अनुज्ञप्ति–धारी चिकित्सक द्वारा दी गई बालक की रिपोर्ट अभिप्रेत है;

(xii) "प्रभारी व्यक्ति" से बाल देख–रेख संस्था के नियंत्रण और प्रबंधन के लिए नियुक्त किया गया कोई व्यक्ति अभिप्रेत है;

(xiii) "यौ.अ.बा.सं.अ." से यौन अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (2012 का 32) अभिप्रेत है;

(xiv) "पुनर्वास–सह–स्थापन अधिकारी" से प्रत्येक बाल देख–रेख संस्था में बच्चों के पुनर्वास के प्रयोजन के लिए अभिहित अधिकारी अभिप्रेत है;

(xv) "चयन समिति" से इन नियमों के नियम 87 के अधीन राज्य सरकार द्वारा गठित समिति अभिप्रेत है;

(xvi) "सामाजिक पृष्ठभूमि रिपोर्ट" से विधि का उल्लंघन करने वाले किसी बालक की रिपोर्ट अभिप्रेत है, जिसमें बाल कल्याण पुलिस अधिकारी द्वारा तैयार की गई बालक की पृष्ठभूमि की जानकारी का उल्लेख है;

(xvii) "सामाजिक अन्वेषण रिपोर्ट" से किसी बालक की रिपोर्ट अभिप्रेत है, जिसमें उस बालक की परिस्थितियों, आर्थिक, सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और अन्य सुसंगत कारकों के अनुसार उसकी परिस्थिति के संबंध में विस्तृत जानकारी और उन पर सिफारिशों का उल्लेख हो;

(xviii) "सामाजिक कार्यकर्ता" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जिसे सामाजिक कार्य या समाज–विज्ञान या मनोविज्ञान या बाल विकास में स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त हो या उक्त विषयों में स्नातक डिग्री और बाल शिक्षा तथा विकास या संरक्षण संबंधी मुद्दों पर कार्य का न्यूनतम 2 वर्षों का अनुभव हो और जिसे बालक की सामाजिक अन्वेषण रिपोर्ट या व्यक्तिगत देख–रेख योजना, बाल अध्ययन रिपोर्ट, भावी दत्तक ग्रहण करने वाले माता–पिता या पालक माता–पिता की गृह अध्ययन रिपोर्ट तैयार करने, दत्तकग्रहण के उपरांत सेवाएं प्रदान करने और अधिनियम या इन नियमों के अधीन ऐसे व्यक्ति को सौंपे गए अन्य कृत्यों का निष्पादन करने के लिए किसी बाल देख–रेख संस्था द्वारा नियुक्त किया गया हो या जिला बाल संरक्षण इकाई या राज्य बाल संरक्षण समिति या राज्य दत्तकग्रहण संसाधन अभिकरण या केंद्रीय दत्तकग्रहण संसाधन प्राधिकरण द्वारा प्राधिकृत किया गया हो;

स्पष्टीकरण: इस परिभाषा के प्रयोजन के लिए, यह स्पष्ट किया जाता है कि बोर्ड के सामाजिक कार्यकर्ता सदस्य की अर्हताएं अधिनियम की धारा 4 एवं इन नियमावली के नियम 4 के उप–नियम (3) के अनुसार होंगी।

(xix) "विशेष शिक्षक" का वही अर्थ होगा, जो कि यौन अपराधों से बालकों का संरक्षण नियम, 2012 में अर्थ है;

(xx) "राज्य बाल संरक्षण समिति" से अधिनियम की धारा 106 के अधीन गठित समिति अभिप्रेत है;

(2) उन सभी शब्दों और पदों, जो अधिनियम में परिभाषित और प्रयुक्त हैं किन्तु इन नियमों में परिभाषित नहीं हैं, के वही अर्थ होंगे, जो अधिनियम में अर्थ हैं।

अध्याय – 2

किशोर न्याय बोर्ड

3. **बोर्ड।**– राज्य सरकार राजपत्र में अधिसूचना के द्वारा प्रत्येक जिले में एक या अधिक किशोर न्याय बोर्ड का गठन किया जाएगा।

4. **किशोर न्याय बोर्ड की संरचना।**– (1) बोर्ड में एक महानगर मजिस्ट्रेट अथवा प्रथम श्रेणी का एक न्यायिक मजिस्ट्रेट, जिसे कम से कम तीन वर्षों का अनुभव प्राप्त हो और उसे बोर्ड का

प्रधान मजिस्ट्रेट अभिहित किया जाएगा, तथा संबंधित जिले से दो सामाजिक कार्यकर्ता सदस्य, जिनमें से कम से कम एक महिला होगी, न्यायपीठ का गठन करेंगे।

(2) सामाजिक कार्यकर्ता सदस्यों की नियुक्ति इस नियमवली के नियम 87 के तहत् गठित चयन समिति की सिफारिशों पर राज्य सरकार द्वारा की जाएगी।

(3) सामाजिक कार्यकर्ता सदस्यों की न्यूनतम 30 वर्ष और अधिकतम 65 वर्ष आयु के साथ निम्नलिखित अर्हताएँ होगीः–

(i) किसी भी विषय में स्नातकोत्तर डिग्री के साथ बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य, कल्याण या संरक्षण कार्यकलापों में कम से कम सात वर्षों का अनुभव हो या वे मनोविज्ञान, मनश्चिकित्सा या समाज–विज्ञान या विधि क्षेत्र में स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त एवं कम से कम पाँच वर्षों के अनुभव के साथ व्यवसायरत कृतिक होने चाहिए;

(ii) उपर्युक्त उप–नियम 3 के खण्ड (i) में वर्णित न्यूनतम अर्हताएं रखने वाले उपयुक्त उम्मीदवारों के उपलब्ध न होने की दशा में निम्नलिखित के चयन पर विचार किया जा सकता है–

(क) सामाजिक कार्य/स्वास्थ्य/शिक्षा/मनोविज्ञान/समाज विज्ञान/ग्रामीण विकास/महिला अध्ययन/विकास अध्ययन/लोक प्रशासन विषय में स्नातक डिग्री के साथ बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य, कल्याण या संरक्षण कार्यकलापों में कम से कम पाँच वर्षों का अनुभव हो; या

(ख) किसी भी विषय में स्नातक के साथ बाल संरक्षण/परामर्श/बाल विकास/बाल अधिकार/मानव अधिकार/महिला अध्ययन/अपराध शास्त्र/मानव व्यापार निषेध/स्वास्थ्य या लोक स्वास्थ्य/मानसिक आरोग्य विषय में डिप्लोमा अथवा सर्टिफिकेट प्राप्त होने एवं बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य, कल्याण या संरक्षण कार्य–कलापों में कम से कम पाँच वर्षों का अनुभव हो।

(4) बोर्ड के लिए इस प्रकार चयनित दो सामाजिक कार्यकर्ता सदस्य भिन्न–भिन्न वृत्ति के क्षेत्रों या पेशों या शैक्षणिक योग्यता से होंगे।

(5) सदस्यों के चयन के समय दो या दो से अधिक उम्मीदवारों की समान अर्हता पाये जाने की स्थिति में अनुसूचित जाति/जनजाति के उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

(6) बोर्ड के सभी सदस्यों जिसके अंतर्गत प्रधान मजिस्ट्रेट भी हैं, की नियुक्ति की तारीख से साठ दिनों की अवधि के भीतर प्रारंभिक प्रशिक्षण प्रदान और संवेदनशील किया जाएगा।

5. बोर्ड के सदस्यों का कार्यकाल।– (1) बोर्ड के सामाजिक कार्यकर्ता सदस्यों का कार्यकाल नियुक्ति की तारीख से तीन वर्षों से अधिक नहीं होगा।

(2) बोर्ड का सामाजिक कार्यकर्ता सदस्य अधिकतम दो कार्यकाल के लिए पात्र होगा, जो कि लगातार नहीं होंगे।

स्पष्टीकरणः– अवधि की गणना के उद्देश्य से, एक व्यक्ति जो इन नियमों के लागू होने की तारीख से पहले बोर्ड का सदस्य अधिसूचित किया गया और एक वर्ष से अधिक अवधि तक कार्यरत रहा है, तो बोर्ड में सदस्य का एक कार्यकाल माना जाएगा।

(3) सदस्य किसी भी समय राज्य सरकार को एक मास की लिखित सूचना देकर त्यागपत्र दे सकते हैं।

(4) बोर्ड में किसी भी रिक्ति को चयन समिति द्वारा तैयार किए गए नामों के पैनल से किसी अन्य व्यक्ति की नियुक्ति द्वारा भरा जाएगा।

(5) बोर्ड की बैठकों में कोरम हेतु कम से कम दो सदस्य होंगे जिसके अन्तर्गत प्रधान मजिस्ट्रेट भी हैं।

(6) ऐसी स्थिति में, जहाँ किसी सामाजिक कार्यकर्ता सदस्य या सदस्यों का कार्यकाल समाप्त होने पर बोर्ड का कोरम प्रभावित होता है, ऐसे सदस्य या सदस्यों का कार्यकाल अगले छः माह के लिए या नए सदस्य के चयन तक, जो भी पहले हो, बढ़ाया जा सकता है।

6. बोर्ड की बैठकें।–(1) बोर्ड अपनी बैठकें संप्रेक्षण गृह में अथवा विधि का उल्लंघन करने वाले बालकों के लिए अधिनियम के अधीन स्थापित किसी संस्था के उपयुक्त परिसर में आयोजित करेगा और ऐसा गृह या संस्था के उपलब्ध न होने की दशा में गृह या संस्था के निकट स्थित स्थान पर किन्तु किसी भी परिस्थिति में बोर्ड किसी न्यायालय या कारागार परिसर में अपनी बैठकें आयोजित नहीं करेगा।

(2) बोर्ड यह सुनिश्चित करेगा कि जब मामले की सुनवाई चल रही हो तब कमरे में ऐसा कोई व्यक्ति उपस्थित न रहे, जिसका उस मामले से कोई संबंध न हो।

(3) बोर्ड यह सुनिश्चित करेगा कि केवल उस/उन व्यक्ति/व्यक्तियों को ही बैठक के दौरान उपस्थित रहने की अनुमति दी जाए, जिनकी उपस्थिति में बालक सहज महसूस करे।

(4) बोर्ड अपनी बैठकें बालकों के अनुकूल परिसरों में आयोजित करेगा तथा वे परिसर किसी भी स्थिति में न्यायालय जैसे नहीं दिखेंगे और बैठने की व्यवस्था इस प्रकार होगी कि बोर्ड बालक से आमने–सामने बात कर सके।

(5) बालक से बात करते समय, बोर्ड अपने आचरण के माध्यम से बालकों के अनुकूल तकनीकों का प्रयोग करेगा और बालकों को संबोधित करते हुए शारीरिक हाव–भाव, चेहरे के भावों, नजरों, बोलचाल के लहजे और आवाज के संदर्भ में बालकों के अनुकूल दृष्टिकोण अपनाएगा।

(6) बोर्ड के सदस्य के आसन ऊंचे मंच पर नहीं होंगे और बोर्ड तथा बालक के मध्य साक्षियों के कटघरे या अवरोध जैसी बाधाएं नहीं होंगी।

(7) बोर्ड सभी कार्य दिवसों पर मजिस्ट्रेट न्यायालय के कार्य समय के अनुरूप न्यूनतम छह घंटे अपनी बैठकें आयोजित करेगा, जब तक कि जिला विशेष में लंबित मामलों की संख्या कम न हो और राज्य सरकार ने इस संबंध में कोई आदेश जारी न किया हो या राज्य सरकार ने जिले में लंबित मामलों की संख्या, क्षेत्र या भूभाग जनसंख्या घनत्व या अन्य किसी कारक पर विधिवत विचार करने के बाद राजपत्र में अधिसूचना द्वारा जिले में एक से अधिक बोर्डों का गठन न किया हो।

(8) जब बोर्ड की बैठक न हो तब विधि का उल्लंघन करने वाले बालक को बोर्ड के किसी एकल सदस्य के समक्ष प्रस्तुत किया जा सकता है। उक्त प्रयोजन के लिए, बोर्ड का एक सदस्य किसी आपातकालीन मामले का संज्ञान लेने के लिए सदैव उपलब्ध या पहुंच में रहेगा और ऐसे सदस्य द्वारा आपातकालीन परिस्थिति से निपटने के लिए आवश्यक निर्देश जिले के विशेष किशोर पुलिस इकाई या स्थानीय पुलिस को दिए जाएंगे। प्रधान मजिस्ट्रेट उन सदस्यों का ड्यूटी रोस्टर तैयार करेगा, जो कि रविवार और छुट्टी के दिनों सहित हर दिन इस प्रकार

उपलब्ध और पहुँच में रहेंगे। यह रोस्टर अग्रिम से सभी पुलिस थानो, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट, जिला न्यायाधीश, समितियों, जिला बाल संरक्षण इकाई और विशेष किशोर पुलिस इकाई को परिचालित किया जाएगा।

(9) बोर्ड के सामाजिक कार्यकर्ता सदस्यों को प्रत्येक बैठक के लिए कम से कम 1500/– रूपए दिए जाएंगे, जिसके अंतर्गत बैठक भत्ता, यात्रा भत्ता और अन्य कोई भत्ता भी है, जो राज्य सरकार द्वारा विहित किया जाए।

(10) केंद्र सरकार या राज्य सरकार द्वारा किसी कार्यक्रम या योजना के तहत् बोर्ड को अवसंरचना और कर्मचारीवृंद राज्य सरकार उपलब्ध कराएगी, जो केन्द्र या राज्य सरकार द्वारा किसी योजना या कार्यक्रम के अन्तर्गत इस हेतु विनिर्दिष्ट किया गया है।

7. बोर्ड के कृत्य।– (1) बोर्ड निम्नलिखित अतिरिक्त कृत्य करेगा, अर्थात:–

(i) जब कभी आवश्यक हो, बोर्ड एक अनुवादक या दुभाषिया या विशेष शिक्षक उपलब्ध कराएगा, जिसे प्रतिदिन कम से कम 1500 रूपए का भुगतान किया जाएगा और अनुवादक मामले में प्रति पृष्ठ अधिकतम सौ रुपए का भुगतान किया जाएगा। उक्त प्रयोजन के लिए जिला बाल संरक्षण इकाई अनुवादकों, दुभाषियों और विशेष शिक्षको का पैनल रखेगा और इस पैनल की जानकारी बोर्ड को देगा। अनुवादक, दुभाषिए और विशेष शिक्षक की अर्हताएं वही होगी, जो "यौ.अ.बा.सं.अ." अधिनियम, 2012 और उसके अधीन बनाए गए नियमों में विहित की गई हैं;

(ii) जहाँ कहीं अपेक्षित हो वहाँ विधि का उल्लंघन करने वाले बालक की प्रगति को मॉनीटर करने के लिए प्ररूप 14 में पुनर्वास कार्ड जारी करना;

(iii) जहाँ कहीं अपेक्षित हो वहां उस स्कूल में बालक का पुनः दाखिला कराने या शिक्षा जारी रखने के लिए समुचित आदेश पारित करना, जहाँ बालक को जाँच के लंबित रहने या कितनी भी समयावधि के लिए किसी बाल देख–रेख संस्था में रहने के कारण अपनी शिक्षा जारी रखने को अननुज्ञात किया गया हो;

(iv) बालक को विधि की सम्यक प्रक्रिया के माध्यम से मामलों की त्वरित जाँच और निपटान से सुकर बनाने को अन्य जिलों में वार्डों से संपर्क करना जिसके अंतर्गत किसी अन्य जिले या राज्य में किसी बोर्ड को जाँच या पुनर्वास के प्रयोजन के लिए भेजना भी है;

(v) विधि का उल्लंघन करने वाले बालकों संबंधी बाल देख–रेख संस्थाओं का निरीक्षण करना, ध्यान दिए जाने योग्य किन्हीं त्रुटियों के मामलों में निदेश जारी करना, सुधारों के सुझाव देना, अनुपालन की मांग करना और कर्तव्यों के अनुपालन में लापरवाही करते पाए जाने वाले कर्मचारी के विरूद्ध कार्रवाई सहित उपयुक्त कार्रवाई की सिफारिश जिला बाल संरक्षण इकाई को करना;

(vi) बोर्ड के परिसरों में किसी प्रमुख स्थान पर सुझाव पेटिका या शिकायत निपटान पेटिका रखना, ताकि बालकों और वयस्कों सभी को अपने सुझाव देने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके और इन पेटिकाओं का प्रचालन प्रधान मजिस्ट्रेट का नाम निर्देशिती करेगा;

(vii) विधि का उल्लंघन करने वाले बालकों के लिए चलाई जा रही बाल देख–रेख संस्थानों में बाल समितियों का सहज कार्यकरण सुनिश्चित करना, ताकि ऐसी बाल देख–रेख संस्थाओं के कार्यों और प्रबंधन में बालकों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके;

(viii) एक मास में कम से कम एक बार सुझाव पुस्तिका की समीक्षा करना एवं समुचित कार्रवाई की अनुशंसा करना;

(ix) यह सुनिश्चित करना कि जिला बाल संरक्षण इकाई और राज्य या जिला विधिक सहायता सेवा प्राधिकरण में कार्यरत विधिक–सह–परिवीक्षा अधिकारी बालक को निःशुल्क विधिक सेवाएं प्रदान करें;

(x) बालक या उसके माता–पिता या अभिभावक की माँग के आधार पर मामले से संबंधित दस्तावेजों एवं आदेशों की प्रमाणित प्रतियाँ प्रदान करेगा।

(xi) यदि आवश्यक हो तो अर्ध–विधिक और अन्य कार्य, जैसे कि विधि का उल्लंघन करने वाले बालक के माता–पिता से संपर्क करने, बालक के विषय में संगत सामाजिक और पुनर्वास संबंधी जानकारी एकत्र करने के लिए और छात्र स्वयंसेवियों या गैर–सरकारी संगठनों के स्वयंसेवियों की सेवाएं लेना।

अध्याय 3
विधि का उल्लंघन करने वाले बालकों के संबंध में प्रक्रिया

8. **पेशी के पूर्व पुलिस एवं अन्य अभिकरणों द्वारा की जाने वाली कार्रवाई।**– (1) जिन मामलों में बालक द्वारा किया गया जघन्य अपराध अभिकथित हो, या जब बालक द्वारा ऐसा अपराध वयस्कों के साथ सम्मिलित रूप से किए जाने का अभिकथन किया गया हो, के सिवाय कोई प्रथम सूचना रिपोर्ट रजिस्ट्रीकृत नहीं की जाएगी। अन्य सभी मामलों में, विशेष किशोर पुलिस इकाई या बाल कल्याण पुलिस अधिकारी बालक द्वारा किए गए अभिकथित अपराध की सूचना साधारण दैनिक डायरी में अभिलिखित करेगा, उसके पश्चात प्ररूप 1 में बालक की सामाजिक पृष्ठभूमि और, जहाँ कहीं लागू हो, बालक को पकड़े जाने की परिस्थितियों की रिपोर्ट प्रथम सुनवाई से पहले बोर्ड को अग्रेषित करेगा:

परन्तु पकड़े जाने की शक्ति का प्रयोग केवल जघन्य अपराधों के विषय में ही किया जाएगा, जब तक यह बालकों के सर्वोत्तम हित में न हो। छोटे–मोटे और गंभीर अपराधों के अन्य मामलों, जहाँ बालक के हित में उसे पकड़ा जाना आवश्यक न हो, पुलिस या विशेष किशोर पुलिस इकाई या बाल कल्याण पुलिस अधिकारी प्ररूप 1 में बालक की सामाजिक पृष्ठभूमि की रिपोर्ट के साथ उसके द्वारा किए गए अभिकथित अपराध के स्वरूप की जानकारी बोर्ड को भेजेगा तथा उस बालक के माता–पिता या अभिभावकों को यह सूचित करेगा कि बालक को बोर्ड के समक्ष सुनवाई के लिए कब प्रस्तुत किया जाना है।

(2) जब विधि का उल्लंघन करने के लिए अभिकथित बालक को पुलिस पकड़ती है तब संबंधित पुलिस अधिकारी उस बालक को विशेष किशोर पुलिस इकाई या बाल कल्याण पुलिस अधिकारी को प्रभार में सौंपेगा, जो तत्काल इन सबको सूचित करेगा:

(i) बालक के माता–पिता या संरक्षक को यह सूचित किया जाएगा कि बालक को पकड़ा गया है साथ ही उस बोर्ड का पता बताया जाएगा, जिसके समक्ष बालक को प्रस्तुत किया जाएगा तथा उस तारीख और समय की जानकारी दी जाएगी जब माता–पिता या संरक्षक को बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत होना है;

(ii) संबंधित परिवीक्षा अधिकारी को सूचित किया जाएगा कि बालक को पकड़ा गया है, ताकि वह बालक की सामाजिक पृष्ठभूमि और अन्य महत्वपूर्ण परिस्थितियों की जानकारी प्राप्त कर सके, जो जाँच कार्य में बोर्ड के लिए सहायक सिद्ध हो सकती हो; और

(iii) बालक को पकड़े जाने के समय चौबीस घंटे के भीतर उसे बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करते समय विशेष किशोर पुलिस इकाई या बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के साथ प्रस्तुत होने के लिए बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्ता को सूचित किया जाएगा।

(3) विधि का उल्लंघन करने के लिए अभिकथित बालक को पकड़ने वाला पुलिस अधिकारी:

(i) उस बालक को हवालात में नहीं भेजेगा और बालक को नजदीकी पुलिस थाने के बाल कल्याण समिति अधिकारी को सौंपने में देरी नहीं करेगा। वह पुलिस अधिकारी पकड़े गए बालक को अधिनियम की धारा 12 की उप धारा (2) के अधीन जब तक कि उसे बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर दिया जाता है अर्थात उसके गिरफ्तार किए जाने से चौबीस घंटे और इन नियमों के भीतर, समुचित नियमावली के नियम 9 के अनुसार आदेश प्राप्त किए जाने तक किसी संप्रेक्षण गृह में तब तक के लिए भेज सकता है;

(ii) बालक को कोई हथकड़ी, जंजीर या अन्यथा बेड़ी नहीं पहनाएगा तथा बालक पर किसी भी प्रकार के दबाव या बल का प्रयोग नहीं करेगा;

(iii) बालक को तुंरत और सीधे उन आरोपों की जानकारी उसके माता–पिता या संरक्षक के माध्यम से दी जाएगी, जो उस पर लगाए गए हैं और यदि कोई प्राथमिकी दर्ज की जाती है तो उसकी प्रति बालक को उपलब्ध कराई जाएगी या पुलिस रिपोर्ट की प्रति उसके माता–पिता या संरक्षक को दी जाएगी;

(iv) बालक को, यथास्थिति, उपयुक्त चिकित्सीय सहायता, दुभाषिए या विशेष शिक्षक की सहायता या ऐसी कोई अन्य सहायता उपलब्ध कराएगा, जिसकी आवश्यकता बालक को हो;

(v) बालक को अपना अपराध स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं करेगा तथा उससे बातचीत केवल विशेष किशोर पुलिस इकाई या बालकों के अनुकूल परिसरों या पुलिस थाने में बालकों के लिए ऐसे अनुकूल स्थान पर की जाएगी, जहाँ बालक को ऐसा प्रतीत न हो कि वह पुलिस थाने में है या उसे हिरासत में रखकर उससे परिप्रश्न किए जा रहे हैं। पुलिस जब बालक से बातचीत करे तब उसके माता–पिता या संरक्षक वहां उपस्थित हो सकते हैं; माता–पिता, अभिभावक की अनुपस्थिति में परिवीक्षा अधिकारी या सामाजिक कार्यकर्ता या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान किया गया अधिवक्ता या अन्य कोई व्यक्ति जो बोर्ड द्वारा नामित किया गया हो, उपस्थित रह सकते हैं;

(vi) बालक से किसी कथन पर हस्ताक्षर करने को नहीं कहेगा; और

(vii) बालक को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सूचित करेगा।

(4) बाल कल्याण पुलिस अधिकारी सादे कपड़ों में होगा और वर्दी में नहीं होगा।

(5) बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, बाल ३३ण्की सामाजिक पृष्ठभूमि और किसी अपराध में बालक की अभिकथित संलिप्तता के प्रत्येक मामले में उसे पकड़े जाने की परिस्थितियों की जानकारी प्ररूप 1 में अभिलिखित करेगा, जिसे तुंरत बोर्ड को भेजा जाएगा। सर्वोत्तम उपलब्ध जानकारी एकत्र करने के प्रयोजनार्थ, विशेष किशोर पुलिस इकाई या बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के लिए बालक के माता–पिता या संरक्षक से संपर्क करना आवश्यक होगा।

(6) किसी जिले में सभी अभिहित बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों, बाल कल्याण अधिकारियों, परिवीक्षा अधिकारियों, अर्ध विधिक स्वयंसेवियों, जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों और पंजीकृत स्वैच्छिक और गैर–सरकारी संगठनों, बोर्ड के प्रधान मजिस्ट्रेट और सदस्यों, विशेष किशोर पुलिस इकाई के सदस्यों, जिला बाल संरक्षण इकाई के सामाजिक कार्यकर्ता और चाइल्डलाइन सेवाओं की सूची और उनसे संपर्क के ब्यौरे प्रत्येक पुलिस थानों में प्रमुख रूप से दर्शाए जाएंगे।

(7) जब किसी ऐसे मामले में बालक को छोड़ा जाता है, जिसमें बालक को पकड़ने की आवश्यकता न हो, तब माता–पिता या संरक्षक या उस उपयुक्त व्यक्ति को, जिसकी अभिरक्षा में विधि का उल्लंघन करने के लिए अभिकथित बालक को रखा गया है, गैर–न्यायिक कागज पर प्ररूप 2 में एक वचनपत्र प्रस्तुत करना होगा, ताकि जाँच या कार्यवाही की तारीखों को बोर्ड के समक्ष उनकी उपस्थिति सुनिश्चित की जा सके।

(8) राज्य सरकार उन स्वैच्छिक या गैर–सरकारी संगठनों या व्यक्तियों का पैनल रखेगी, जो परिवीक्षा, परामर्श, मामला कार्य सेवाएं प्रदान करने और पुलिस या विशेष पुलिस इकाई या बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के साथ भी सहयुक्त होने की स्थिति में हों और जिन्हें बालक को चौबीस घंटे और कार्यवाही लंबित रहने की अवधि में बालक को बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करने में सहायता करने के लिए अपेक्षित विशेषज्ञता प्राप्त हो और ऐसे स्वैच्छिक या गैर–सरकारी संगठनों या व्यक्तियों के पैनल की जानकारी बोर्ड को भेजी जाएगी।

(9) राज्य सरकार पुलिस या विशेष किशोर पुलिस इकाई या बाल कल्याण पुलिस अधिकारी या मामला कार्यकर्ता या बालकों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए जिम्मेदार व्यक्ति को पकड़े गए या उनकी देख–रेख में रखे गए बालक को उनके साथ रहने की अवधि में उन बालकों के लिए भोजन और यात्रा खर्च तथा आकस्मिक चिकित्सीय देख–रेख सहित आधारभूत सुविधाओं को उपलब्ध या व्यय की प्रतिपूर्ति कराएगी।

9. विधि का उल्लंघन करने के लिए अभिकथित बालक को बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाना।– (1) जब विधि का उल्लंघन करने के लिए अभिकथित बालक को पकड़ा जाता है तब उसे पकड़े जाने के समय से चौबीस घंटों के भीतर पुलिस द्वारा उस बालक को पकड़े जाने के कारण स्पष्ट करने वाली रिपोर्ट के साथ बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा और बालक की सुविधा एवं इससे संबंधित खर्च की प्रतिपूर्ति राज्य सरकार द्वारा स्थापित मानदंडों के आधार पर की जाएगी।

691

(2) बालक को बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किए जाने पर, बोर्ड आदेश पारित कर सकेगा जो वह आवश्यक समझे, जिसके अंतर्गत बालक को संपेक्षण गृह में या सुरक्षित स्थान पर या उपयुक्त सुविधा या किसी उपयुक्त व्यक्ति के पास भेजना भी है।

(3) जहाँ बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया बालक अधिनियम की धारा के 83 अधीन आता हो, जिसके अंतर्गत वह बालक भी है जिसको अभ्यर्थित किया गया शमिल है, वहाँ बोर्ड विधिवत जाँच और बालक की परिस्थितियों के विषय में अपनी संतुष्टि कर लेने के बाद उस बालक को देख–रेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालक के रूप में आवश्यक कार्रवाई तथा/अथवा पुनर्वास के लिए उपयुक्त निर्देश जारी करने के लिए समिति को भेज सकता है जिसके अंतर्गत इस कार्रवाई अथवा निर्देश में बालक की सुरक्षित अभिरक्षा और संरक्षण तथा इस प्रयोजनार्थ मान्यता–प्राप्त उपयुक्त सुविधा को अंतरित करने के आदेश जो उपयुक्त संरक्षण प्रदान करने में सक्षम होगी, तथा बालक के संरक्षण और सुरक्षा के लिए उसे जिले या राज्य से बाहर किसी अन्य राज्य में भेजने के विषय में विचार करना भी है।

(4) जहाँ विधि का उल्लंघन करने के लिए अभिकथित बालक पकड़ा न गया हो और इस विषय में जानकारी पुलिस या विशेष किशोर पुलिस इकाई या बाल कल्याण पुलिस अधिकारी ने बोर्ड को भेजी हो, वहां बोर्ड, बालक से यथाशीघ्र अपने समक्ष प्रस्तुत होने की अपेक्षा करेगा, ताकि जहाँ कहीं आवश्यक हो, वहां पुनर्वास के उपाय शुरू किए जा सकें, हालांकि अंतिम रिपोर्ट बाद में प्रस्तुत की जा सकती है।

(5) यदि बोर्ड की बैठक में न हो तो विधि का उल्लंघन करने के लिए अभिकथित बालक को अधिनियम की धारा 7 की उप–धारा (2) के अनुसार बोर्ड के एक सदस्य के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

(6) यदि विधि का उल्लंघन करने के लिए अभिकथित बालक को बेवक्त या दूरदराज के स्थान पर पकड़े जाने के कारण बोर्ड या बोर्ड के एक सदस्य के समक्ष भी प्रस्तुत न किया जा सकता हो तो बाल कल्याण पुलिस अधिकारी इन नियमावली के नियम 69 (घ) के अनुसार उस बालक को संप्रेक्षण गृह या किसी उपयुक्त सुविधा में रखेगा और उसके बाद चौबीस घंटे के भीतर उस बालक को बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

(7) बोर्ड के किसी एक सदस्य के समक्ष बालक को प्रस्तुत करने के समय प्राप्त आदेश का अनुसमर्थन बोर्ड की आगामी बैठक में करने की आवश्यकता होगी।

10. प्रस्तुत किए जाने के बाद बोर्ड की प्रक्रिया।– (1) बालक को बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किए जाने पर बोर्ड बालक की सामाजिक पृष्ठभूमि, उसे गिरफ्तार किए जाने की परिस्थितियों तथा उसके द्वारा किए गए अभिकथित अपराध के उस बालक को प्रस्तुत करने वाले अधिकारियों, व्यक्तियों, अभिकरणों द्वारा प्रस्तुत ब्यौरे की रिपोर्ट की समीक्षा करेगा और बोर्ड, बालक के संबंध में ऐसे आदेश पारित कर सकता है, जिन्हें बोर्ड उपयुक्त समझे। इन आदेशों में अधिनियम की धारा 17 और 18 के अनुसार पारित किए जाने वाले आदेश शामिल हैं, जो इस प्रकार हैं:

(i) यदि बालक की पहली पेशी के समय प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों और अभिलेख पर विचार करने पर उसके द्वारा विधि का उल्लंघन किए जाने का अभिकथन निराधार प्रतीत हो या जहाँ

बालक द्वारा छोटे–मोटे अपराध किए जाने का अभिकथन किया गया हो, वहां मामले को निपटान करना;

(ii) जहाँ बोर्ड को ऐसा प्रतीत हो कि बालक को देख–रेख और संरक्षण की आवश्यकता है, वहां बालक को समिति के पास भेजना;

(iii) बालक को प्ररूप 3 में आदेश के माध्यम से, यथास्थिति, उपयुक्त व्यक्तियों या उपयुक्त संस्थाओं या परिवीक्षा अधिकारियों के पर्यवेक्षण या अभिरक्षा में इस निर्देश के साथ छोड़ना कि बालक अगली तारीख पर जाँच के लिए प्रस्तुत हो या प्रस्तुत किया जाए; और

(iv) प्ररूप 4 में आदेशानुसार जाँच के लंबित रहने के समय यदि आवश्यक हो तो बालक को जैसा भी उपयुक्त हो बाल देख–रेख संस्था में रखे जाने का निर्देश देना।

(2) जाँच के लंबित रहने के समय छोड़े जाने के सभी मामलों में बोर्ड सुनवाई की अगली तारीख अधिसूचित करेगा, जो कि पहली संक्षिप्त जाँच की तारीख से अधिकतम पंद्रह दिन बाद होगी और प्ररूप 5 में आदेश के माध्यम से परिवीक्षा अधिकारी से या परिवीक्षा अधिकारी उपलब्ध न होने के मामले में बाल कल्याण अधिकारी या संबंधित सामाजिक कार्यकर्ता या किसी स्वैच्छिक संस्था या गैर सरकारी संगठन में कार्यरत सामाजिक कार्यकर्ता से सामाजिक अन्वेषण रिपोर्ट प्रस्तुत करने की मांग भी करेगा।

(3) जब विधि का उल्लंघन करने के लिए अभिकथित बाल जमानत दिए जाने के बाद सुनवाई के लिए निर्धारित तारीख को बोर्ड की समक्ष प्रस्तुत नहीं हो पाता है और उसकी ओर से पेशी से छूट के लिए कोई आवेदन प्रस्तुत नहीं किया जाता है या उसे पेशी से छूट देने के लिए कोई पर्याप्त कारण न हो तब बोर्ड बाल कल्याण पुलिस अधिकारी और पुलिस थाना प्रभारी को बालक को प्रस्तुत करने के निर्देश जारी करेगा।

(4) यदि बाल कल्याण पुलिस अधिकारी को प्रस्तुत किए जाने के निर्देश जारी किए जाने के बाद भी बालक को बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर पाता है तो बोर्ड, दंड प्रक्रिया, संहिता, 1973 की धारा 82 के अधीन आदेशिका जारी करने के स्थान पर अधिनियम की धारा 26 के अधीन उपयुक्त आदेश पारित करेगा।

(5) किसी ऐसे बालक द्वारा अभिकथित जघन्य अपराध किए जाने के मामलों में, जिसने सोलह वर्ष की आयु पूरी कर ली हो, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी बालक को बोर्ड के समक्ष पहली बार प्रस्तुत किए जाने की तारीख से एक मास की अवधि में जाँच के दौरान अपने द्वारा अभिलिखित किए गए गवाहों के कथन और तैयार किए गए अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करेगा, जिनकी एक प्रति बालक या उसके माता–पिता या संरक्षक को भी दी जाएगी।

(6) छोटे–मोटे अपराधों के मामलों में अंतिम रिपोर्ट यथाशीघ्र और किसी भी मामले में पुलिस को सूचना की तारीख से अधिकतम दो मास की समयावधि में बोर्ड के समक्ष दायर की जाएगी, सिवाए उन मामलों के, जिनमें यथोचित रूप से यह ज्ञात नहीं था कि अपराध में संलिप्त व्यक्ति कोई बालक था, जिस मामले में अंतिम रिपोर्ट दायर करने के लिए बोर्ड द्वारा समयावधि बढ़ाई जा सकती है।

(7) विधि का उल्लंघन करने के लिए अभिकथित किसी बालक से संबंधित जाँच में परीक्षा के लिए गवाहों को प्रस्तुत करने के समय, बोर्ड यह सुनिश्चित करेगा कि जाँच कार्य पूर्णतः

प्रतिकूल कार्यवाही के रूप में न किया जाए तथा बोर्ड, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 (1872 का (1) की धारा 165 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करेगा, ताकि बालक से परिप्रश्न किए जा सकें और उसके पक्ष में उपधारणाओं के आधार पर कार्यवाही की जा सके।

(8) अधिनियम की धारा 14 के अधीन जाँच के दौरान विधि का उल्लंघन करने के लिए अभिकथित बालक की परीक्षा करने व उसका कथन अभिलिखित करने के समय बोर्ड, बालक से बाल अनुकूल रीति से सवाल–जवाब करेगा, ताकि वह बालक सहज हो सके और जिन अपराधों का आरोप उस पर लगाया गया है, न केवल उनके बारे में, बल्कि जिस घर, सामाजिक परिवेश में और प्रभाव के अधीन वह रहा या उसके साथ जो अपराध हुए हों, उन सभी के विषय में तथ्यों तथा परिस्थितियों का वर्णन बिना किसी भय के कर सके।

(9) विधि का उल्लंघन करने वाले किशोर के विषय में किसी निष्कर्ष पर पहुँचने के लिए बोर्ड, उस बालक के पकड़े जाने की परिस्थितियां और उसके कथित अपराध का ब्यौरा दर्शाने वाली रिपोर्ट तथा परिवीक्षा अधिकारी या स्वैच्छिक या गैर–सरकारी संगठन द्वारा प्ररूप 6 में तैयार की गई सामाजिक अन्वेषण रिपोर्ट और विभिन्न पक्षों द्वारा प्रस्तुत किए गए साक्ष्यों पर विचार करेगा।

(10) बालक द्वारा कारित जघन्य अपराध के मामले में सुनवाई के दौरान उसकी आयु का निर्धारण, जमानत तथा अन्तिम निपटान से संबंधित आदेश बोर्ड में उपस्थित कम से कम दो सदस्यों जिसके अन्तर्गत प्रधान मजिस्ट्रेट भी होंगे, के द्वारा लिया जाएगा।

10 क. **बोर्ड द्वारा जघन्य अपराधों का प्राथमिक निर्धारण।**– (1) बोर्ड, प्रथम दृष्टया यह अवधारित करेगा कि क्या बालक की आयु सोलह वर्ष या उससे अधिक है; यदि नहीं तो बोर्ड अधिनियम की धारा 14 के उपबंधों के अनुसार कार्यवाही करेगा।

(2) जघन्य अपराधों के प्राथमिक निर्धारण के प्रयोजनार्थ बोर्ड, मनोवैज्ञानिक या मनो–सामाजिक कार्यकर्ताओं या अन्य विशेषज्ञों की सहायता ले सकता है, जिन्हें कठिन परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों के साथ कार्य करने का अनुभव प्राप्त हो। जिला बाल संरक्षण इकाई ऐसे विशेषज्ञों का पैनल उपलब्ध करा सकता है, जिनकी सहायता बोर्ड ले सकता है या बोर्ड उनसे अलग से भी संपर्क कर सकता है।

(3) प्राथमिक निर्धारण करते समय बालक के निर्दोष होने की उपधारणा की जाएगी, यदि अन्यथा सिद्ध न हुआ हो।

(4) जहाँ बोर्ड, अधिनियम की धारा 15 के अधीन प्राथमिक निर्धारण के बाद यह आदेश पारित करता है कि उक्त बालक पर विचारण वयस्क के रूप में किए जाने की आवश्यकता है तो बोर्ड ऐसे आदेश के कारण समनुदेशित करेगा और आदेश की प्रति उस बालक को तुरंत दी जाएगी।

11 **जाँच की समाप्ति।**– (1) बालक द्वारा अभिकथित रूप से किए गए जघन्य अपराधों के मामलों में जहाँ अधिनियम की धारा 15 के अधीन प्राथमिक निर्धारण के बाद बोर्ड मामले का निपटान करने का निर्णय लेता है वहाँ बोर्ड, अधिनियम की धारा 18 में यथा विनिर्दिष्ट निपटान आदेशों में से कोई एक आदेश पारित कर सकेगा।

(2) कोई भी आदेश पारित करने के पूर्व, बोर्ड अपने आदेशानुसार परिवीक्षा अधिकारी या बाल कल्याण अधिकारी या सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा प्ररूप 6 में तैयार की गई सामाजिक अन्वेषण रिपोर्ट प्राप्त करेगा और उस रिपोर्ट के निष्कर्षों पर विचार करेगा।

(3) बोर्ड द्वारा पारित सभी निपटान आदेशों में, संबंधित विधि का उल्लंघन करने वाले बालक के लिए अनिवार्य रूप से व्यक्तिगत देख–रेख योजना को शामिल किया जाएगा। यह व्यक्तिगत देख–रेख योजना उस बालक और यदि संभव हो तो उसके परिवार से विचार–विमर्श के आधार पर परिवीक्षा अधिकारी अथवा बाल कल्याण अधिकारी या सामाजिक कार्यकर्ता अथवा किसी मान्यता प्राप्त स्वैच्छिक संगठन या गैर सरकारी संस्था द्वारा प्ररूप 7 में तैयार की जाएगी।

(4) जिन मामलों में बोर्ड को यह विश्वास हो जाए कि किसी बालक को विशेष गृह में रखना न तो स्वयं उसके हित में और न ही अन्य बालकों के हित में है, उन मामलों में, बोर्ड उस बालक को सुरक्षित स्थान पर इस प्रकार रखे जाने का आदेश पारित कर सकता है, जिस प्रकार बोर्ड को उपयुक्त प्रतीत हो।

(5) जिन मामलों में बोर्ड बालक को सलाह या भर्त्सना या वैयक्तिक या सामूहिक परामर्श में बालक की भागीदारी के पश्चात् निर्मुक्त करता है या उसे सामुदायिक सेवा करने का आदेश देता है, उन मामलों में बोर्ड जिला बाल संरक्षण इकाई को ऐसे परामर्श एवं सामुदायिक सेवा की व्यवस्था कराने का निर्देश भी जारी करेगा।

(6) जिन मामलों में बोर्ड विधि का उल्लंघन करने वाले बालक को परिवीक्षा पर छोड़ते हुए उसे माता–पिता या संरक्षक या किसी उपयुक्त व्यक्ति की देख–रेख में रखे जाने का निर्देश देता है, उन मामलों में जिस व्यक्ति की देख–रेख में उस बालको छोड़ा जाता है, उस व्यक्ति को प्ररूप 8 में यह लिखित वचनपत्र प्रस्तुत करना होगा कि अधिकतम तीन वर्षों तक वह बालक का अच्छा व्यवहार एवं कल्याण सुनिश्चित करेगा।

(7) बोर्ड विधि का उल्लंघन करने वाले बालक को प्ररूप 9 में मुचलके पर छोड़ने का निर्णय ले सकेगा।

(8) यदि विधि का उल्लंघन करने वाले बालक को उपयुक्त सुविधा या विशेष गृह में रखा जाता है तो बोर्ड इस बात का ध्यान रखेगा कि वह उपयुक्त सुविधा या विशेष गृह उस बालक के माता–पिता या संरक्षक के निवास स्थान के ज्यादा निकट हो, सिवाए उन मामलों के जिनमें ऐसा करना बालक के सर्वोत्तम हित में न हो।

(9) जिस मामले में बोर्ड विधि का उल्लंघन करने वाले बालक को परिवीक्षा पर निर्मुक्त करता है और उसे उसके माता–पिता या संरक्षक या किसी उपयुक्त व्यक्ति की देख–रेख में रखता है या जहाँ बालक को परिवीक्षा पर निर्मुक्त करता है और उसे उपयुक्त सुविधा की देख–रेख में रखता है, उस मामले में बोर्ड यह आदेश भी दे सकेगा कि उस बालक को परिवीक्षा अधिकारी की निगरानी में रहना होगा, जो प्ररूप 10 में आवधिक रिपोर्टें प्रस्तुत करेगा और ऐसी निगरानी की अवधि अधिकतम तीन वर्ष होगी।

(10) जहाँ बोर्ड को ऐसा प्रतीत होता है कि विधि का उल्लंघन करने वाले बालक ने परिवीक्षा की शर्तों का अनुपालन नहीं किया है, उस मामले में बोर्ड, संबंधित बालक को अपने समक्ष प्रस्तुत किए जाने का आदेश दे सकेगा और निगरानी की शेष अवधि के लिए उस बालक को विशेष गृह में या सुरक्षित स्थान पर भेज सकेगा।

(11) किसी भी मामले में, किसी बालको विशेष गृह में सुरक्षित स्थान पर रखे जाने की अवधि अधिनियम की धारा 18 की उप–धारा (1) के खंड (छ:) में उपबंधित अवधि से ज्यादा नहीं होगी।

12. **जाँच का लंबित रहना।**– (1) अधिनियम की धारा 16 की उप–धारा (3) के प्रयोजनार्थ, बोर्ड प्ररूप 11 में प्रत्येक मामले और प्रत्येक बालक का 'मामला निगरानी पत्र' रखेगा। उक्त प्ररूप प्रत्येक मामले की फाइल में सबसे ऊपर रखा जाएगा और इसमें समय–समय पर अद्यतन ब्यौरा भरा जाएगा। जहाँ तक प्ररूप 11 में उल्लिखित 'जाँच कार्य की प्रगति' का संबंध है, आगे दर्शाए गए बिंदुओं को ध्यान में रखा जाएगा:

(i) मामले के निपटान की समय–सीमा सुनवाई की पहली तारीख को निर्धारित की जाएगी;

(ii) 'जाँच कार्य की प्रगति' के स्तंभ संख्या (2) में निर्धारित तारीख वह बाहरी सीमा होगी, जिसके भीतर स्तंभ संख्या (1) में दर्शाए गए चरण संपन्न करने होंगे।

(2) बोर्ड मामलों के लंबित रहने, गृहों के दौरे इत्यादि के विषय में तिमाही रिपोर्ट प्ररूप 12 में निम्नलिखित को प्रस्तुत करेगा:

(i) मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट या मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट;

(ii) जिला मजिस्ट्रेट;

तथा केंद्र और राज्य सरकार द्वारा विकसित किए गए पोर्टल पर ऑनलाइन मासिक प्रतिवेदन निर्धारित प्रारूप में जमा करेगा।

(3) जिला न्यायाधीश हर तिमाही में कम से कम एक बार बोर्ड का निरीक्षण करेगा और बोर्ड की कार्यवाहियों में बोर्ड के सदस्यों की भागीदारी के आधार पर उनके निष्पादन का मूल्यांकन करेगा और इस नियमावली के नियम 87 के अधीन गठित चयन समिति एवं नियम 16 के उप नियम (2) के अधीन गठित उच्च स्तरीय समिति को रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

स्पष्टीकरण:– सदस्यों के कार्य मूल्यांकन हेतु राज्य सरकार या राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मूल्यांकन प्रपत्र तैयार किया जाएगा।

13. **बाल न्यायालय और निगरानी प्राधिकरणों के संबंध में प्रक्रिया।**– (1) बोर्ड से प्रारंभिक निर्धारण प्राप्त हो जाने पर, बाल न्यायालय यह निर्णय ले सकेगा कि क्या वयस्क अथवा बालक के रूप में बालक के विचारण की आवश्यकता है और उपयुक्त आदेश पारित कर सकेगा।

(2) जिस मामले में बोर्ड की आयु घोषित करने वाले बोर्ड के आदेश के विरूद्ध अधिनियम की धारा 101 की उप–धारा (1) के अधीन अपील दायर की गई हो, उस मामले में बाल न्यायालय पहले उक्त अपील पर निर्णय लेगा।

(3) जिस मामले में बोर्ड द्वारा किए प्राथमिक निर्धारण के निष्कर्षों के विरूद्ध अधिनियम की धारा 101 की उप–धारा (2) के अधीन अपील दायर की गई हो, उस मामले में बाल न्यायालय पहले उक्त अपील पर निर्णय लेगा।

(4) जहाँ अधिनियम की धारा 101 की उप–धारा (2) के अधीन अपील का निपटान इस निष्कर्ष के साथ हुआ हो कि वयस्क के रूप में बालक का विचारण किया जाना चाहिए, वहाँ बाल

न्यायालय, अधिनियम की धारा 19 और इन नियमों के उपबंधों के अनुसार मामले का निपटान करेगा।

(5) जहाँ अधिनियम की धारा 101 की उप–धारा (2) के अधीन अपील का निपटान इस निष्कर्ष के साथ हुआ हो कि वयस्क के रूप में बालक का विचारण किया जाना चाहिए, वहाँ बाल न्यायालय, बोर्ड से फाईल मंगवाएगा और इस अधिनियम और इन नियमों के उपबंधों के अनुसार मामले का निपटान करेगा।

(6) बाल न्यायालय किसी निष्कर्ष पर पहुँचने के समय इस बात के कारण अभिलिखित करेगा कि बालक का विचारण वयस्क के रूप में या बालक के रूप में किया जाना है।

(7) जहाँ बाल न्यायालय यह निर्णय लेता है कि वयस्क के रूप में बालक का विचारण करने की कोई आवश्यकता नहीं है और मामले का निर्णय स्वयं करेगा, वहाँ:

(i) बाल न्यायालय जाँच कार्य इस प्रकार कर सकेगा, जैसे कि न्यायालय बोर्ड के रूप में कार्य कर रहा हो तथा अधिनियम और इन नियमों के उपबंधों के अनुसार मामले का निपटान कर सकेगा।

(ii) बाल न्यायालय जाँच कार्य करते समय दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अधीन समन वाले मामले के विचारण की प्रक्रिया का अनुपालन करेगा।

(iii) कार्यवाही बंद कमरे और बालक के अनुकूल माहौल में की जाएगी तथा विधि का उल्लंघन करने के लिए अभिकथित बालक का विचारण किसी ऐसे व्यक्ति के विचारण के साथ संयुक्त रूप से नहीं किया जाएगा, जो कि बालक नहीं है।

(iv) साक्षियों को परीक्षा के लिए प्रस्तुत किए जाने के समय बाल न्यायालय यह सुनिश्चित करेगा कि जाँच कार्य पूर्णतः प्रतिकूल कार्यवाही के रूप में न किया जाए तथा न्यायालय भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 (1872 का 1) की धारा 165 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करेगा।

(v) विधि का उल्लंघन करने वाले बालक की परीक्षा करने व उसका कथन अभिलिखित करने के समय बाल न्यायालय, बालक से बाल अनुकूल रीति से सवाल–जवाब करेगा, ताकि वह बाल सहज हो सके और जिन अपराधों का आरोप उस पर लगाया गया है, न केवल उनके बारे में, बल्कि जिस घर, सामाजिक परिवेश में और प्रभाव के अधीन वह रहा, उन सभी के विषय में तथ्यों तथा परिस्थितियों का वर्णन बिना किसी भय के कर सके।

(vi) बाल न्यायालय द्वारा पारित निपटान आदेश में, संबंधित विधि का उल्लंघन करने वाले बालक के लिए प्ररूप 7 में व्यक्तिगत देख–रेख योजना को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाएगा। यह व्यक्तिगत देख–रेख योजना उस बालक और यदि संभव हो तो उसके परिवार से विचार–विमर्श के आधार पर परिवीक्षा अधिकारी अथवा बाल कल्याण अधिकारी अथवा किसी मान्यता प्राप्त स्वैच्छिक संगठन द्वारा तैयार की जाएगी।

(vii) ऐसे मामलों में बाल न्यायालय, अधिनियम की धारा 18 की उप–धारा (1) व (2) के उपबंधों के अनुसार कोई आदेश पारित कर सकेगा।

(8) जहाँ बाल न्यायालय यह निर्णय लेता है कि वयस्क के रूप में बालक का विचारण करने की आवश्यकता है, वहां:

(i) बाल न्यायालय सत्र न्यायालयों द्वारा विचारण की दंड प्रक्रिया संहिता 1973 द्वारा विनिर्दिष्ट प्रक्रिया का अनुपालन करेगा और बालक के अनुकूल माहौल बनाए रखेगा।

(ii) बाल न्यायालय द्वारा पारित आदेश में, बालक के लिए प्ररूप 7 में व्यक्तिगत देख–रेख योजना को अनिवार्य रूप से सम्मिलित किया जाएगा। यह व्यक्तिगत देख–रेख योजना उस बालक और यदि संभव हो तो उसके परिवार से विचार–विमर्श के आधार पर परिवीक्षा अधिकारी अथवा बाल कल्याण अधिकारी अथवा किसी मान्यताप्राप्त स्वैच्छिक संगठन द्वारा तैयार की जाएगी।

(iii) जहाँ बालक को अपराध में संलिप्त पाया गया है, वहां बालक को इक्कीस वर्ष की आयु तक के लिए सुरक्षित स्थान पर भेजा जा सकेगा।

(iv) बालक के सुरक्षित स्थान पर रहने के समय बालक की प्रगति का मूल्यांकन करने के लिए परिवीक्षा अधिकारी या जिला बाल संरक्षण इकाई का बाल संरक्षण अधिकारी या कोई सामाजिक कार्यकर्ता प्ररूप 13 में वार्षिक समीक्षा करेगा और रिपोर्ट बाल न्यायालय को भेजी जाएंगी।

(v) बाल न्यायालय व्यक्तिगत देख–रेख योजना के कार्यान्वयन के लिए बालक की प्रगति और संस्था द्वारा प्रदान की गई सुविधाओं का निर्धारण करने के प्रयोजनार्थ आवधिक रूप से और हर तीन मास में कम से कम एक बार बालक को अपने समक्ष प्रस्तुत किए जाने का निर्देश भी दे सकेगा।

(vi) जब बालक की आयु इक्कीस वर्ष हो जाए और उसे संस्था में रहने की अवधि पूरी करनी हो तब बाल न्यायालय:

(क) यह मूल्यांकन करने के लिए बाल से विचार–विमर्श करेगा कि उसमें सुधारात्मक बदलाव आए हैं या नहीं और क्या वह बाल समाज का योगदानकारी सदस्य बन सकता है।

(ख) यदि आवश्यक हुआ तो परिवीक्षा अधिकारी या जिला बाल संरक्षण इकाई का बाल संरक्षण अधिकारी या सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा तैयार की गई बालक की प्रगति की आवधिक रिपोर्टों पर विचार करेगा और यदि संस्थागत व्यवस्था अपर्याप्त हो तो आगे सुधार के निर्देश देगा।

(ग) मूल्यांकन करने के बाद बाल न्यायालय:

(गक) बालक को तुरंत छोड़ने:

(गख) अच्छे व्यवहार के लिए बालक को प्रतिभूति के साथ या बिना प्रतिभूति के मूचलका निष्पादित करने पर छोड़ने;

(गग) बालक को छोड़ने और परिवर्तनकारी एवं सकारात्मक व्यवहार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शिक्षा, व्यवसायिक प्रशिक्षण, प्रशिक्षुता, रोजगार, परामर्श और अन्य उपचारात्मक कार्यों के विषय में निर्देश जारी करने;

(गघ) बालक को छोड़ने और उसके संस्था में रहने की शेष विनिर्दिष्ट अवधि के लिए निगरानी प्राधिकारी नियुक्त करने का निर्णय कर सकेगा। जिस मामले में निगरानी प्राधिकारी नियुक्त किया जाए, उस मामले में वह प्राधिकारी बालक के लिए पुनर्वास कार्ड प्ररूप 14 में रखेगा।

(vii) इस नियम के उप–नियम (vi) (ग) (गघ) के प्रयोजन के लिए:

(क) परिवीक्षा अधिकारी या मामला कार्यकर्ता या बाल कल्याण अधिकारी या किसी उपयुक्त व्यक्ति को निगरानी प्राधिकारी नियुक्त किया जा सकता है।

(ख) जिला बाल संरक्षण इकाई ऐसे व्यक्तियों की सूची रखेगी, जिन्हें निगरानी प्राधिकारी नियुक्त किया जा सकता है और यह सूची द्विवार्षिक अद्यतनीकरण के साथ बाल न्यायालय को भेजी जाएगी।

(ग) छोड़े जाने के बाद पहली तिमाही में बाल पाक्षिक आधार पर या बाल न्यायालय के निर्देशानुसार अंतरालों पर निगरानी प्राधिकारी से मिलेगा। निगरानी प्राधिकारी बालक से परामर्श करके ऐसी बैठकों का समय और स्थान निर्धारित करेगा। निगरानी प्राधिकारी बालक की प्रगति के विषय में अपनी टिप्पणियां मासिक आधार पर बाल न्यायालय को भेजेगा।

(घ) पहली तिमाही समाप्त होने पर निगरानी प्राधिकारी बालक के लिए अपेक्षित अनुवर्ती प्रक्रिया के विषय में सिफारिश करेगा।

(ड.) जहाँ छोड़े जाने के बाद, बालक को आपराधिक कार्य–कलाप में प्रवृत्त होते या आपराधिक पूर्ववृत्त वाले लोगों से मेलजोल रखते हुए पाया जाए, वहाँ बालक को अगले आदेशों के लिए बाल न्यायालय के समक्ष लाया जाएगा।

(च) यदि यह पाया जाए कि अब बालक की और निगरानी किए जाने की आवश्यता नहीं है तो निगरानी प्राधिकारी सिफारिशों के साथ विस्तृत रिपोर्ट बाल न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करेगा और बाल न्यायालय निगरानी को समाप्त किए जाने या आगे जारी रखे जाने के लिए निर्देश जारी करेगा।

(छ) पहली तिमाही के बाद बाल निगरानी प्राधिकारी द्वारा पहली तिमाही के अंत में की गई सिफारिशें के आधार पर बाल न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार अंतरालों पर निगरानी प्राधिकारी से मिलेगा और निगरानी प्राधिकारी अपनी रिपोर्ट बाल न्यायालय को भेजेगा, जो कि हर तिमाही में उसकी समीक्षा करेगा।

14. **अभिलेखों को नष्ट किया जाना।**– विधि का उल्लंघन करने वाले किसी बालक की दोष–सिद्ध से संबंधित अभिलेखों को अपील की अवधि समाप्त होने या सात वर्ष, जो भी अधिक

हो, तक सुरक्षित अभिरक्षा में रखा जाएगा और उसके बाद उन्हें यथास्थिति प्रभारी व्यक्ति या विशेष किशोर पुलिस ईकाई या बोर्ड या बाल न्यायालय द्वारा नष्ट किया जाएगाः

परंतु यह कि जघन्य अपराध के मामले में जहाँ अधिनियम की धारा 19 की उप–धारा (1) के खंड (1) के अधीन बालक को विधि का उल्लंघन करते पाया जाए, वहाँ ऐसे बालक की दोष–सिद्धि के संगत अभिलेखों को बाल न्यायालय अपने पास रखेगा।

अध्याय 4
बाल कल्याण समिति

15. **बाल कल्याण समिति की संरचना और सदस्यों की अर्हताएं।**– (1) प्रत्येक जिले में एक या एक से अधिक समितियां होंगी, जिनका गठन राज्य सरकार द्वारा राजपत्र में अधिसूचना के द्वारा किया जाएगा।

(2) समिति में संबंधित जिले से जिसके लिए समिति का गठन किया गया है, एक अध्यक्ष और चार अन्य सदस्य होंगे जिनमें कम से कम दो महिला और कम से कम एक सदस्य अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य एक सदस्य अति पिछड़ा वर्ग/अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय से होगा।

(3) समिति के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति इन नियमों के नियम 87 के अधीन चयन समिति की सिफारिशों पर राज्य सरकार द्वारा की जाएगी।

(4) सामाजिक कार्यकर्ता सदस्यों की न्यूनतम 30 वर्ष और अधिकतम 65 वर्ष आयु के साथ निम्नलिखित अर्हताएँ होगीः–

(i) किसी भी विषय में स्नातकोत्तर डिग्री के साथ बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य, कल्याण या संरक्षण कार्यकलापों में कम से कम सात वर्षो का अनुभव हो या वे मनोविज्ञान, मनश्चिकित्सा या समाज–विज्ञान या विधि क्षेत्र में स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त एवं कम से कम पाँच वर्षों के अनुभव के साथ व्यवसायरत कृतिक होने चाहिए या सेवानिवृत्त विधिक अधिकारी या राजपत्रित अधिकारी जो राज्य सरकार के विभागों जो बच्चों के विकास, स्वास्थ्य, संरक्षण और शिक्षा से संबंधित हो।

(ii) उपर्युक्त उप नियम (4) के खण्ड (i) में वर्णित न्यूनतम अर्हताएं रखने वाले उपयुक्त उम्मीदवारों के उपलब्ध न होने की दशा में निम्नलिखित के चयन पर विचार किया जा सकता है–

(क) सामाजिक कार्य/स्वास्थ्य/शिक्षा/मनोविज्ञान/समाज विज्ञान/ग्रामीण विकास/महिला अध्ययन/विकास अध्ययन/लोक प्रशासन विषय में स्नातक डिग्री के साथ बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य, कल्याण या संरक्षण कार्यकलापों में कम से कम पाँच वर्षों का अनुभव हो; या

(ख) किसी भी विषय में स्नातक के साथ बाल संरक्षण/परामर्श/बाल विकास/बाल अधिकार/मानव अधिकार/महिला अध्ययन/अपराध शास्त्र/मानव व्यापार निषेध/स्वास्थ्य या लोक स्वास्थ्य/मानसिक आरोग्य विषय में डिप्लोमा अथवा सर्टिफिकेट प्राप्त होने एवं बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य, कल्याण या संरक्षण कार्यकलापों में कम से कम पाँच वर्षों का अनुभव हो।

(5) समिति के लिए चयनित दो से अधिक सदस्य समान वृत्ति के क्षेत्र, पेशा या शैक्षणिक योग्यता से नहीं होंगे।

(6) समिति का कोई भी सदस्य अधिकतम दो कार्यकालों तक नियुक्ति के लिए पात्र होगा, जो कि लगातार नहीं होंगे।

स्पष्टीकरण:– अवधि की गणना के उद्देश्य से, एक व्यक्ति जो इन नियमों के लागू होने की तिथि से पहले पूर्व में समिति के सदस्य या अध्यक्ष के रूप में अधिसूचित किये गये हों और एक वर्ष से अधिक अवधि तक सेवा की है तो समिति में सदस्य या अध्यक्ष का एक कार्यकाल माना जाएगा।

(7) चयन होने पर सभी व्यक्तियों को नियुक्ति की तारीख से साठ दिनों की अवधि में नियम 89 के अधीन अनिवार्य प्रशिक्षण दिया जाएगा।

(8) अध्यक्ष और सदस्य किसी भी समय राज्य सरकार को एक मास का लिखित नोटिस देकर त्यागपत्र दे सकते हैं।

(9) कोई रिक्त पद होने की स्थिति में चयन समिति द्वारा तैयार किए नामों के पैनल से एक अन्य व्यक्ति की नियुक्ति कर भरी जाएगी।

16. **समिति के नियम और प्रक्रिया।**– (1) समिति के अध्यक्ष और सदस्यों को ऐसा बैठक भत्ता और अन्य कोई भत्ता दिया जाएगा, जो राज्य सरकार द्वारा निर्धारित किया जाए, लेकिन यह भत्ता प्रत्येक बैठक के लिए 1500 रुपये से कम नहीं होगा।

(2) समिति द्वारा किसी विद्यमान बाल देख–रेख संस्था के दौरे को या केन्द्र सरकार या जिला बाल संरक्षण इकाई या राज्य बाल संरक्षण समिति या राज्य सरकार के समाज कल्याण विभाग के माध्यम से आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने को सदस्यों का मानदेय भुगतान करने के उद्देश्य से, कार्यक्रम से संबंधित प्रतिवेदन जिला बाल संरक्षण इकाई को जमा करने के पश्चात् समिति की बैठक माना जाएगा।

(3) समिति द्वारा अपनी बैठकें बाल गृह के परिसर अथवा बाल गृह के निकट किसी स्थान अथवा देख–रेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालकों के लिए अधिनियम के अधीन चलाई जा रही किसी संस्था के उपयुक्त परिसर में आयोजित की जाएगी।

(4) समिति यह सुनिश्चित करेगी कि जब सत्र जारी हो तब कोई भी ऐसा व्यक्ति कमरे में उपस्थित न रहे, जिसका मामले से कोई संबंध न हो।

(5) समिति यह सुनिश्चित करेगी कि केवल उन व्यक्तियों को बैठक के दौरान उपस्थित रहने की अनुमति दी जाए, जिनकी उपस्थिति में बाल सहज महसूस करे।

(6) समिति का कम से कम एक सदस्य आपात्कालिक मामले का संज्ञान लेने के लिए सदैव उपलब्ध रहेगा और ऐसे सदस्य द्वारा आवश्यक निर्देश जिले के विशेष किशोर पुलिस इकाई या स्थानीय पुलिस को दिए जाएंगे। इस प्रयोजन के लिए समिति का अध्यक्ष समिति के सदस्यों का मासिक ड्यूटी रोस्टर तैयार करेगा, जो कि रविवार और छुट्टी के दिनों सहित हर दिन उपलब्ध रहेंगे। यह रोस्टर सभी पुलिस थानों, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/मुख्य महानगर

मजिस्ट्रेट, जिला न्यायाधीश, जिला मजिस्ट्रेट, बोर्ड, जिला बाल संरक्षण इकाई और विशेष किशोर पुलिस इकाई को परिचालित किया जाएगा।

(7) समिति सभी कार्य दिवसों पर मजिस्ट्रेट न्यायालय के कार्य–समय के अनुरूप कम से कम छह घंटे अपनी बैठकें आयोजित करेगी, जब तक कि जिला विशेष में लंबित मामलों की संख्या कम न हो और संबंधित राज्य सरकार ने इस विषय में कोई आदेश जारी न किया हो:

परन्तु राज्य सरकार जिले में लंबित मामलों की संख्या, जिले के क्षेत्र या भू–भाग, जनसंख्या घनत्व या अन्य किसी कारक पर विधिवत विचार करने के बाद राजपत्र में अधिसूचना द्वारा जिले में एक से अधिक समितियों का गठन कर सकती है।

(8) देख–रेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालक या बालकों की सूचना मिलने पर, यदि परिस्थितियां ऐसी हो कि बालक अथवा बालकों को समिति के समक्ष पेश नहीं किया जा सकता, समिति, बालक अथवा बालकों तक पहुंचने के लिए स्वतः जाएगी और ऐसे बालक अथवा बालकों हेतु या ऐसे बाल देख–रेख संस्थान जिसमें बालक आवासित है या सुविधाजनक स्थान पर अपनी बैठक आयोजित करेगी।

(9) बालक से बात करते समय, समिति के सदस्य अपने आचरण के माध्यम से बालकों के अनुकूल तकनीकों का प्रयोग करेंगे।

(10) समिति अपनी बैठकें बालक के अनुकूल परिसर में आयोजित करेगी, जो कि किसी भी प्रकार से न्यायालय कक्ष के समान नहीं दिखेगा और बैठने की व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए कि समिति बालक से आमने–सामने बात कर सके।

(11) समिति ऊँचे उठे हुए आसन पर नहीं बैठेगी और वहाँ कोई बाधाएं, जैसे कि साक्षियों का कठघरा सा समिति और बालकों के बीच शलाका नहीं होगी।

(12) केंद्र सरकार या राज्य सरकार के किसी कार्यक्रम या योजना के तहत् समिति को अवसंरचना और कर्मचारी राज्य सरकार प्रदान करेगी।

(13) कोरम के लिए न्यूनतम तीन सदस्यों का होना अनिवार्य है। समिति के सदस्यों का कार्यकाल पूरा होने के बाद यदि कोरम प्रभावित होता है, ऐसी परिस्थिति में सदस्यों का कार्यकाल अधिकतम छः माह अथवा नए सदस्यों के चयन तक जो भी पहले हो, तक बनी रहेगी।

(14) समिति के अध्यक्ष या सदस्य, कार्यकाल पूरा होने, इस्तीफा या किसी अन्य कारणों से पद त्याग करने पर सभी प्रतिवेदन, रिकॉर्ड, केस फाइल, रजिस्टर, पत्र एवं अन्य सभी संबंधित दस्तावेज जो बालकों के मामलों से संबंधित है, को बाल संरक्षण अधिकारी अथवा अन्य अधिकारी जिसे जिला बाल संरक्षण ईकाई द्वारा नामित किया गया हो, को सौंपेंगे। बाल संरक्षण अधिकारी अथवा अन्य अधिकारी जिसे जिला बाल संरक्षण ईकाई द्वारा नामित किया हो, समिति द्वारा संधारित बच्चों के मामलों से जुड़े सभी प्रकार के रिपोर्ट, दस्तावेजों रिकॉर्ड रजिस्टर पत्रों, मामलों से संबंधित को संरक्षित करेगा।

17. समिति के अतिरिक्त कृत्य और उत्तरदायित्व।– (1) अधिनियम की धारा 30 के अधीन अपने कृत्यों और उत्तरदायित्व के अतिरिक्त, समिति अधिनियम के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए जो कृत्य करेगी, वे इस प्रकार होंगे:

(i) समिति जिस भी मामले में कार्य करेगी, उसे प्रत्येक मामले के सार के साथ–साथ दस्तावेज तैयार करना और मामले के विस्तृत अभिलेख प्ररूप 15 में रखना;

(ii) समिति के परिसरों में किसी प्रमुख स्थान पर सुझाव पेटिका या शिकायत निपटान पेटिका रखना, ताकि बालकों और वयस्कों सभी को अपने सुझाव देने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके और इन पेटिकाओं का संचालन जिला मजिस्ट्रेट या उसके अभिहित प्रतिनिधि द्वारा किया जाएगा;

(iii) देख–रेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालकों के लिए अपनी अधिकारिता में चलाई जा रही बाल देख–रेख संस्थाओं में बाल समितियों का निर्बाध कार्यकरण सुनिश्चित करना, ताकि उक्त बाल देख–रेख संस्थाओं के कार्यों और प्रबंधन में बालकों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके;

(iv) एक मास में कम से कम एक बार बाल सुझाव पुस्तिका की समीक्षा करना;

(v) स्वयं को प्राप्त हुए देख–रेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालकों के विषय में तिमाही सूचना प्ररूप 16 में मामलों के निपटान के स्वरूप, लंबित मामलों और ऐसे मामलों के लंबित रहने के कारणों के विषय में समस्त संगत ब्यौरे के साथ जिला मजिस्ट्रेट को भेजना एवं संबंधित जानकारी को समय–समय पर राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार द्वारा विकसित किए गए पोर्टल पर अपलोड करेगा।

(vi) जहाँ कहीं आवश्यक हो, वहाँ देख–रेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालकों की प्रगति की निगरानी करने के लिए उन बालकों को पुनर्वास कार्ड प्ररूप 14 में जारी करना;

(vii) बालकों के मामले के संबंध में अंतिम आदेश की एक प्रतिलिपि जिला बाल संरक्षण इकाई को सूचनार्थ भेजेगा।

(viii) रजिस्टर में आगे दर्शाए गए अभिलेखों को रखना:

(क) किसी दिन सूचीबद्ध मामलों और अगली तारीख की प्रविष्टियां तथा समिति अपने समक्ष प्रस्तुत किए जाने वाले मामलों की दैनिक मामला सूची तैयार करना;

(ख) समिति के समक्ष लाए गए बालकों की प्रविष्टियां और विवरण तथा जिन बालदेख–रेख संस्थाओं में बालकों को रखा गया उन संस्थाओं के ब्यौरे तथा जिन स्थानों पर बालकों को भेजा गया उन स्थानों के पते;

(ग) बंधपत्रों का निष्पादन;

(घ) संस्थाओं के दौरों सहित जाने–आने का विवरण;

(ड.) दत्तकग्रहण के लिए मुक्त घोषित किए गए बालक;

(च) प्रयोजन में रखे गए या रखे जाने के लिए अनुशंसित बालक;

(छ) व्यक्तिगत या सामूहिक पालन–पोषण देख–रेख में रखे गए बालक;

(ज) किसी अन्य समिति को भेजे गए या किसी अन्य समिति से प्राप्त हुए बालक;

(झ) बालक, जिनके संबंध में अनुवर्ती कार्रवाई की जानी है;

(ञ) पाश्चतवर्ती देख–रेख में रखे गए बालक;

(ट) समिति का निरीक्षण अभिलेख;

(ठ) समिति की बैठकों को कार्यवृत्तों का अभिलेख;

(ड) प्राप्त हुए और भेजे गऐ पत्र;

(ढ) अन्य कोई अभिलेख या रजिस्टर, जिसकी समिति को आवश्यकता हो।

(ix) इस नियम के खंड (viii) में सूचीबद्ध समस्त जानकारी को अंकनीय किया जाएगा और इससे संबंधित सॉफ्टवेयर राज्य सरकार द्वारा तैयार किया जा सकता है।

अध्याय 5
देख–रेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालकों के संबंध में प्रक्रिया

18. **समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाना।**– (1) देख–रेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालकों को कार्य–समय के दौरान समिति के बैठक स्थल पर समिति के समक्ष और कार्य–समय के बाद ड्यूटी रोस्टर के अनुसार समिति के सदस्य के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

परंतु जहाँ बालक को समिति के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया जा सकता, वहाँ स्वतः समिति बालक तक पहुँचने के लिए ऐसे बालक के स्थान तक जाएगी।

(2) जो कोई भी बालक को समिति के समक्ष प्रस्तुत करता है, प्ररूप 17 में रिपोर्ट करेगा, जिसमें बालक तथा जिन परिस्थितियों में वह पाया गया उन परिस्थितियों के ब्यौरे का उल्लेख किया जाएगा, सिवाय उस परिस्थति में जब वह बालक आम जनता द्वारा प्रस्तुत किया गया हो, जिस स्थिति में उस व्यक्ति का विवरण मामला कार्यकर्ता या बाल कल्याण अधिकारी या परामर्शदाता या समिति द्वारा नामित कोई अन्य व्यक्ति द्वारा प्ररूप 17 में भरा जाएगा।

(3) यदि बालक की आयु दो वर्ष से कम है, जो चिकित्सीय रूप से अस्वस्थ है, तो देख–रेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालक के संपर्क में आने वाला व्यक्ति या संगठन चौबीस घंटे के भीतर उस बालक की फोटो के साथ लिखित रिपोर्ट भेजेगा और उस बालक के चिकित्सीय रूप से स्वस्थ होते ही उसे इस आशय के प्रमाणपत्र के साथ समिति के समक्ष प्रस्तुत करेगा तथा इस स्थिति में समिति स्वयं या जिला बाल संरक्षण ईकाई के माध्यम से बालक को आउटरीच करेगी।

(4) बालक से विचार–विमर्श करने के बाद समिति उस बालक को उसके माता–पिता या संरक्षक के पास या जिले में अथवा पड़ोस के जिले में देख–रेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालकों हेतु संचालित बाल देख–रेख संस्था तथा ऐसी संस्था उपलब्ध न होने की दशा में उस बालक को किसी उपयुक्त व्यक्ति या उपयुक्त संस्था में अधिकतम 24 घंटे के लिए रखे जाने का निर्देश जारी करेगी तथा जिसके पश्चात् बालक को जिला बाल संरक्षण ईकाई निकटतम बाल देख–रेख संस्था में हस्तांतरित करने का निर्देश देगी।

(5) समिति या कर्तव्य पर उपस्थित समिति का सदस्य बालक को बालगृह में रखे जाने के आदेश प्ररूप 18 में जारी करेगा।

(6) समिति या कर्तव्य पर उपस्थित समिति का सदस्य उनके समक्ष प्रस्तुत किए गए बालक की तात्कालिक चिकित्सीय जाँच की आवश्यकता होने पर ऐसी जाँच के लिए जिला बाल संरक्षण ईकाई या देख–रेख संस्थान संस्था को आदेश जारी करेंगे।

(7) परित्यक्त या गुमशुदा या अनाथ बालक के मामले में जाँच कार्य लंबित रहने के समय बालक की अंतरिम अभिरक्षा प्रदान करने के संबंध में आदेश जारी करने से पहले समिति यह देखेगी कि ऐसे बालक के विषय में जानकारी केन्द्र सरकार एवं/या राज्य सरकार द्वारा तैयार किए गए अभिहित पोर्टल पर अपलोड कर दी जाए।

(8) समिति यथास्थिति जाँच कार्य लंबित रहने के समय या बालक के प्रत्यावर्तन के समय, उसके माता–पिता, संरक्षक या किसी उपयुक्त व्यक्ति की देख–रेख में बालक को रखने के लिए प्ररूप–19 में आदेश करते हुए ऐसे माता–पिता, संरक्षक या उपयुक्त व्यक्ति को प्ररूप 20 में वचनबंध पर हस्ताक्षर करने को कह सकेगी।

(9) जब कभी समिति किसी बालक को किसी संस्था में रखे जाने का आदेश देती है, तब जाँच कार्य लंबित रहने के समय अल्पकालिक स्थापन के प्ररूप 18 में जारी किए गए आदेश की प्रति बाल देख–रेख संस्था और बालक के माता–पिता, संरक्षक और पिछले अभिलेख के ब्यौरे के साथ ऐसी संस्था के प्रभारी अधिकारी को भेजी जाएगी। ऐसे आदेश की एक प्रति जिला बाल संरक्षण इकाई को भी भेजी जाएगी।

19. **जाँच की प्रक्रिया।**– (1) समिति उन परिस्थितियों की जाँच करेगी, जिनमें बालक को प्रस्तुत किया गया है, और तदनुसार ऐसे बालक को देख–रेख और संरक्षण का जरूरतमंद बालक घोषित करेगी।

(2) यदि आवश्यक हुआ तो अधिनियम की धारा 94 के अनुसार आगे जाँच कार्य लंबित रहने के समय समिति अपनी अधिकारिता का अभिनिश्चय करने के उद्देश्य से प्रथम दृष्टया बालक की आयु अवधारित करेगी।

(3) जब बालक को समिति के समक्ष लाया जाता है, तब समिति प्ररूप 21 में आदेश के माध्यम से अधिनियम की धारा 36 की उप–धारा (2) के अधीन सामाजिक अन्वेषण करने के लिए वह मामला बाल देख–रेख संस्था से संबद्ध मामला कार्यकर्ता या बाल कल्याण अधिकारी अथवा जिला बाल संरक्षण ईकाई का सामाजिक कार्यकर्ता या किसी मान्यता प्राप्त गैर–सरकारी संगठन को सौंपेगी।

(4) समिति उपयुक्त पुनर्वास योजना सहित व्यक्तिगत देख–रेख योजना प्ररूप 7 में तैयार करने का निर्देश बाल देख–रेख संस्था से संबद्ध मामला कार्यकर्ता या बाल कल्याण अधिकारी अथवा जिला बाल संरक्षण इकाई का सामाजिक कार्यकर्ता या संबंधित गैर सरकारी संगठन को देगी। संस्थागत देख–रेख में रहने वाले प्रत्येक बालक के लिए तैयार की जाने वाली यह व्यक्तिगत देख–रेख योजना मामले के पूर्ववृत्त, बालक की परिस्थितियों और व्यक्तिगत आवश्यकताओं के आधार पर उसके पूर्ण पुनर्वास और पुनर्समेकन के उद्देश्य से तैयार की जाएगी एवं संबंधित जानकारी केन्द्र एवं/या राज्य सरकार द्वारा विकसित अभिहित पोर्टल पर अपलोड की जाएगी।

6 71

(5) जाँच कार्य से नैसर्गिक न्याय के आधारभूत सिद्धांतों की पूर्ति होगी और बालक एवं उसके माता–पिता या संरक्षक की जानकारी–प्राप्त भागीदारी सुनिश्चित होगी। बालक को सुनवाई का अवसर दिया जाएगा और उसकी आयु और परिवक्वता के स्तर के अनुरूप उसके विचारों को भी ध्यान में रखा जाएगा। समिति के आदेश लिखित रूप में होंगे और उनमें कारणों का उल्लेख किया जाएगा।

(6) समिति बालक से संवेदनशील और बालक के अनुरूप तरीके से सवाल–जवाब करेगी और किसी भी प्रतिकूल या आरोप लगाने वाले शब्द या बालक की गरिमा या आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने वाले शब्दों का प्रयोग नहीं करेगी।

(7) समिति प्ररूप 19 के अनुसार बालक को उसके सर्वोत्तम हित में निर्मुक्त या उसका प्रत्यार्वत करने से पहले दस्तावेजों और सत्यापन रिपोर्टों के माध्यम से अपनी संतुष्टि करेगी।

(8) बाल देख–रेख संस्था से संबद्ध मामला कार्यकर्ता या बाल कल्याण अधिकारी अथवा जिला बाल संरक्षण इकाई या संबंधित गैर सरकारी संगठन का सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा किया जाने वाला सामाजिक अन्वेषण प्ररूप 22 के अनुसार होगा और इसमें बालक की पारिवारिक स्थिति के मूल्यांकन का विस्तृत विवरण होना चाहिए तथा लिखित रूप में यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि क्या बालक के परिवार को उसका प्रत्यावर्तन उस बालक के सर्वोत्तम हित में होगा।

(9) बालक को निर्मुक्त करने या उसका प्रत्यावर्तन करने से पहले समिति उस बालक और उसके माता–पिता अथवा संरक्षक को परामर्शदाता के पास भेज सकेगी।

(10) समिति अपने समक्ष प्रस्तुत किए गए बालकों के समुचित अभिलेख रखेगी, जिनमें चिकित्सीय रिपोर्ट, सामाजिक अन्वेषण रिपोर्ट, कोई अन्य रिपोर्ट और बालक के विषय में समिति द्वारा पारित आदेश शामिल होंगे।

(11) जाँच कार्य के लंबित रहने के सभी मामलों में, समिति बालक को पेशी की अगली तारीख की जानकारी पिछली तारीख के बाद अधिकतम 15 दिनों की अवधि में देगी और ऐसी प्रत्येक तारीख को जाँच कार्य कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता या मामले के कार्यकर्ता या बाल कल्याण अधिकारी से आवधिक स्थिति रिपोर्ट भी मांगेगी।

(12) जाँच कार्य के लंबित रहने के सभी मामलों में, समिति बालक को प्रस्तुत किए जाने की पहली तारीख से शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण इत्यादि सहित बालक के पुनर्वास के उपाय करने के निर्देश उस व्यक्ति या संस्था को देगी, जिसके पास बालको रखा गया है।

(13) जब समिति की बैठक जारी न हो तब समिति के किसी एक सदस्य द्वारा लिए गए किसी निर्णय का अनुसमर्थन, समिति की अगली बैठक में किया जाएगा।

(14) किसी मामले के अंतिम निपटान के समय, अध्यक्ष सहित कम से कम तीन सदस्य उपस्थित होंगे और अध्यक्ष की अनुपस्थिति में अध्यक्ष द्वारा इस रूप में कार्य करने के लिए अभिहित सदस्य उपस्थित होगा।

(15) समिति एक निकाय के रूप में तालमेल ढंग से कार्य करेगी और इसलिए अपनी कोई उप–समिति गठित नहीं करेगी।

(16) जहाँ किसी बालक को किसी अन्य जिले या राज्य या देश को प्रत्यावर्तित किया जाना हो, वहाँ समिति जिला बाल संरक्षण इकाई को यथापेक्षित आवश्यक अनुमति प्राप्त करने के निर्देश देगी, जैसे कि अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए विदेशी क्षेत्रीय रजिस्ट्रीकरण कार्यलयों और विदेश मंत्रालय से संपर्क करना, किसी अन्य जिले या राज्य या देश की समकक्ष समिति या किसी अन्य स्वैच्छिक संगठन से संपर्क करना, जहाँ बालकों भेजा जाना है।

(17) मामले के अंतिम निपटान के समय, समिति निपटान आदेश में यथास्थिति बाल देख–रेख संस्था से संबद्ध मामला कार्यकर्ता या बाल कल्याण अधिकारी अथवा जिला बाल संरक्षण इकाई का सामाजिक कार्यकर्ता या संबंधित गैर–सरकारी संगठन द्वारा प्ररूप 7 में तैयार की गई ऐसे बालक की व्यक्तिगत देख–रेख योजना को शामिल करेगी।

(18) मामले के अंतिम निपटान के समय, समिति मामले के निपटान की तारीख से अधिकतम एक मास की अवधि में बालक के अनुवर्तन की तारीख देगी और उसके बाद छह मास में एक बार तथा उसके बाद कम से कम एक वर्ष या ऐसी अवधि तक, जिसे समिति उपयुक्त समझे, हर तीन मास में एक बार अनुवर्तन की तारीख देगी।

(19) जहाँ बालक किसी अन्य जिले का हो, वहाँ समिति आयु संबंधी घोषणा और मामले की फाइल तथा व्यक्तिगत देख–रेख योजना संबंधित जिले की समिति को भेजेगी, जो कि व्यक्तिगत देख–रेख योजना का अनुवर्तन इस प्रकार करेगी जैसे कि निपटान आदेश उसी ने पारित किया हो।

(20) व्यक्तिगत देख–रेख योजना की निगरानी निपटान आदेश पारित करने वाली समिति द्वारा इस प्रयोजनार्थ प्ररूप 14 में जारी किए गए पुनर्वास कार्ड द्वारा की जाएगी और यह कार्ड व्यक्तिगत देखेरख योजना के कार्यान्वयन का अनुवर्तन करने वाली समिति के अभिलेख में शामिल होगा। ऐसा पुनर्वास कार्ड पुनर्वास–सह–स्थापन अधिकारी द्वारा रखा जाएगा।

(21) देख–रेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालक के संबंध में समिति द्वारा पारित सभी आदेश बालक की गोपनीयता और निजता का विधिवत ध्यान रखते हुए अभिहित पोर्टल पर अपलोड भी किए जाएँगे।

(22) जब कोई माता–पिता या संरक्षक अधिनियम की धारा 35 की उप–धारा (1) के अधीन किसी बालक को अभ्यर्पित करना चाहे, तब ऐसे माता–पिता या संरक्षक प्ररूप 23 में समिति को आवेदन प्रस्तुत करेंगे। जिस मामले में माता–पिता या संरक्षक निरक्षरता या अन्य किसी कारण से आवेदन प्रस्तुत न कर पाएं, उस मामले में समिति विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले विधिक सहायता परामर्शी के माध्यम से उन्हें आवेदन प्रस्तुत करने में सहायता करेगी। अभ्यर्पण विलेख प्ररूप 24 के अनुरूप निष्पादित किया जाएगा।

(23) समिति अधिनियम की धारा 35 की उप–धारा 3 के अधीन जाँच शीघ्रतापूर्वक कराएगी और अभ्यर्पण की तारीख से साठ दिनों की अवधि समाप्त होने के बाद अभ्यर्पित बालक को दत्तकग्रहण के लिए विधिक रूप से मुक्त घोषित करेगी।

(24) अनाथ या परित्यक्त बालक के मामले में समिति बालक के माता–पिता या संरक्षकों को खोजने के सभी संभव प्रयास करेगी और ऐसी जाँच पूरी होने पर, यदि यह सिद्ध हो जाता है कि बालक या तो ऐसा अनाथ या परित्यक्त है, जिसकी देख–रेख करने वाला कोई नहीं है तो समिति उस बालक को दत्तकग्रहण के लिए विधिक रूप से मुक्त घोषित करेगी।

675

(25) विशेषीकृत दत्तकग्रहण अभिकरण सहित किसी बाल देख–रेख संस्था को प्राप्त हुए परित्यक्त या अनाथ बालक के मामले में ऐसा बालक नियम 18 की उपधारा 3 के अधीन विहित प्रावधानों के अंतर्गत, चौबीस घंटे की अवधि में (यात्रा के लिए आवश्यक समय को छोड़कर) प्ररूप 17 में रिपोर्ट के साथ समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा और इस रिपोर्ट में बालक का विवरण और फोटो तथा उन परिस्थितियों का ब्यौरा दर्शाया जाएगा, जिन परिस्थितियों में वह बालक प्राप्त हुआ और बाल देख–रेख या विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान द्वारा उसी अवधि में ऐसी रिपोर्ट की प्रति स्थानीय पुलिस को भी प्रस्तुत की जाएगी।

(26) समिति अधिनियम की धारा 36 के अधीन जाँच के लंबित रहने के समय बालक के लिए अल्पावधिक स्थापन एवं अंतरिम देख–रेख आदेश प्ररूप 18 में जारी करेगी।

(27) समिति अनाथ या परित्यक्त बालक के ब्यौरे को अपलोड कराते हुए, यह अभिनिश्चय करने के लिए अभिहित पोर्टल का प्रयोग करेगी कि क्या परित्यक्त या अनाथ बालक कोई गुमशुदा बालक है।

(28) समिति जोखिम कारकों पर विचार करने के बाद और बालक के सर्वोत्तम हित में उसके जन्मदाता के लिए विधिक रूप से मुक्त घोषित करने हेतु उनका पता लगाने के प्रयोजनार्थ संबंधित जिला बाल संरक्षण ईकाई को बालक प्राप्त होने के समय से पाँच कार्य दिवसों की अवधि में अनाथ या परित्यक्त बालक का ब्यौरा और फोटो व्यापक परिचालन वाले राज्य या राष्ट्रीय समाचार–पत्रों में प्रकाशित किए जाने का निर्देश देगी। ऐसे मामले में जहाँ बालक अन्य राज्य का है, बालक का ब्यौरा उसके बताए हुए मूल स्थान पर व्यापक परिचालन वाले समाचार पत्र में प्रकाशित करेगी।

(29) समिति अधिनियम के उपबंधों, तत्संबंधी नियमावली एवं दत्तकग्रहण विनियमनों में विहित प्रावधानों के अनुसार जाँच करने के बाद परित्यक्त या अनाथ बालक को दत्तकग्रहण के लिए विधिक रूप से मुक्त घोषित करने वाला आदेश प्ररूप 25 में, समिति के समक्ष बालक को प्रस्तुत करने की तिथि से दो माह के भीतर यदि बालक की आयु दो वर्ष से कम है तथा चार माह के भीतर यदि बालक की आयु दो वर्ष से अधिक है, जारी करेगी और जानकारी प्राधिकरण को भेजेगी।

(30) जहाँ बालक के माता–पिता का पता लगा लिया जाता है, वहां बालक के प्रत्यावर्तन की प्रक्रिया इन नियमों के नियम 82 के अनुसार होगी।

20. **मामलों का लंबित रहना।**– (1) समिति प्रत्येक मामले का 'मामला निगरानी पत्र' रखेगी और यदि किसी मामले में एक से अधिक बालक हों तो प्रत्येक बालक के लिए पृथक् पत्र इस्तेमाल किया जाएगा। यह मामला निगरानी पत्र प्ररूप 26 में होगा। उक्त प्ररूप प्रत्येक मामले की फाइल में सबसे ऊपर रखा जाएगा और इसमें समय–समय पर अद्यतन ब्यौरा भरा जाएगा। जहाँ तक प्ररूप 26 में उल्लिखित 'जाँच कार्य की प्रगति' का संबंध है, आगे दर्शाए गए बिंदुओं पर विचार किया जाएगा:

(i) मामले के निपटान की समय–सीमा सुनवाई की पहली तारीख को निर्धारित की जाएगी;

(ii) 'जाँच कार्य की प्रगति' के स्तंभ संख्या (2) में निर्धारित तारीख वह बाहरी सीमा होगी, जिसके भीतर स्तंभ संख्या (1) में दर्शाए गए चरण संपन्न करने होंगे।

(2) समिति लंबित मामलों की समीक्षा के लिए जिला मजिस्ट्रेट को तिमाही रिपोर्ट प्ररूप 16 में केन्द्र सरकार या राज्य सरकार द्वारा विकसित पोर्टल में ऑनलाइन सूचना निर्धारित प्रपत्रों में मासिक/त्रैमासिक प्रतिवेदन के रूप में अपलोड करेंगे।

(3) जिला मजिस्ट्रेट प्रत्येक तिमाही में एक बार निरीक्षण सहित समिति के कार्यकरण की समीक्षा और समिति की कार्यवाहियों में अध्यक्ष एवं सदस्यों की भागीदारी के आधार पर उनके निष्पादन का मूल्यांकन भी करेगा तथा इन नियमों के नियम 87 के अधीन गठित चयन समिति को रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

अध्याय 6
पुनर्वास और सामाजिक पुनर्समेकन

21. **बाल देख–रेख संस्थाओं के रजिस्ट्रीकरण का तरीका।**– (1) देख–रेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालकों या विधि का उल्लंघन करने वाले बालकों के लिए संस्थागत देख–रेख सेवाएं चलाने वाली सभी संस्थाओं, चाहे वे संस्थाएं सरकार द्वारा या स्वैच्छिक संगठन द्वारा चलाई जा रही हों, को अधिनियम की धारा 41 की उप–धारा (1) के अधीन रजिस्ट्रीकरण किया जाएगा, चाहे वे संस्थाएं तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकरण या अनुज्ञप्ति–प्राप्त हों।

(2) ऐसी सभी संस्थाएं अपने नियमों, उप–नियमों, संगम–ज्ञापन, नियंत्रक निकाय, पदाधिकारियों की सूची, न्यासियों की सूची, पिछले तीन वर्षों के तुलन–पत्र, संस्था द्वारा प्रदान की गई सामाजिक या सार्वजनिक सेवा के अभिलेख इत्यादि प्रत्येक की एक प्रति के साथ प्ररूप 27 में अपना आवेदन और व्यक्ति या संगठन की ओर से पूर्व में दोष–सिद्धि के पिछले अभिलेख या किसी अनैतिक कार्य या बालक से दुर्व्यवहार या बाल श्रमिक के नियोजन में संलिप्तता के विषय में और यह घोषणा राज्य सरकार को प्रस्तुत करेंगी कि उन्हें केंद्रीय या राज्य सरकार द्वारा काली सूची में नहीं डाला गया है;

(3) राज्य सरकार यह सत्यापन करने के बाद कि अधिनियम और इन नियमों के अनुसार बालकों की देख–रेख और संरक्षण, स्वास्थ्य, शिक्षा, भोजन तथा आश्रय सुविधाओं, व्यावसायिक सुविधाओं और पुनर्वास के प्रावधान संस्था में मौजूद हैं, अधिनियम की धारा 41 की उप–धारा (1) के अधीन ऐसी संस्था को रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र प्ररूप 28 में जारी कर सकेगी।

(4) जहाँ रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन करने वाली संस्था में पर्याप्त सुविधाएं मौजूद न हों, वहां राज्य सरकार अनंतिम रजिस्ट्रीकरण नहीं कर सकेगी और राज्य सरकार आवेदन प्राप्त होने की तारीख से एक मास समाप्त होने से पहले यह आदेश जारी करेगी कि वह संस्था अनंतिम रजिस्ट्रीकरण के लिए भी पात्र नहीं है।

(5) रजिस्ट्रीकरण के आवेदन पर निर्णय लेते समय राज्य सरकार अन्य विहित प्रावधानों के अतिरिक्त निम्नलिखित तथ्यों पर विचार कर सकेगी:–

(i) तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन संगठन का रजिस्ट्रीकरण;

(ii) भौतिक अवसंरचना, जल तथा बिजली सुविधाओं, स्वच्छता और साफ–सफाई, मनोरंजन सुविधाओं के ब्यौरे;

(iii) संगठन की वित्तीय स्थिति और पिछले तीन वर्षों के लेखे के लेखा–परीक्षित विवरण के साथ दस्तावेजों का रखरखाव;

(iv) संस्था या मुक्त आश्रय गृह चलाने का नियंत्रक निकाय का संकल्प;

(v) नए आवेदकों के मामले में बालकों को चिकित्सीय, व्यावसायिक, शैक्षणिक, परामर्श, मनोरंजन एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ जैसी सेवाएं प्रदान करने की योजना और मौजूदा संस्थाओं के मामले में प्रदान की जाने वाली ऐसी सेवाओं का ब्यौरा;

(vi) सुरक्षा, संरक्षा और परिवहन की व्यवस्थाएं;

(vii) संगठन द्वारा चलाई जाने वाली अन्य सहायता सेवाओं का ब्यौरा;

(viii) बालकों को आवश्यकता–आधारित सेवाएं प्रदान करने के लिए अन्य सरकारी, गैर–सरकारी, कॉर्पोरेट और अन्य सामुदायिक एजेंसियों के साथ लिंकेज तथा नेटवर्क का ब्यौरा;

(ix) मौजूदा कर्मचारियों की अर्हताओं और अनुभव सहित उनका ब्यौरा;

(x) विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकरण और उपलब्ध निधियों का ब्यौरा, यदि कोई हो;

(xi) व्यक्ति या संगठन की ओर से पूर्व में दोष–सिद्धि के पिछले अभिलेख या किसी अनैतिक कार्य या बाल से दुर्व्यवहार या बाल श्रमिक के नियोजन में संलिप्तता के विषय में घोषणा;

(xii) राज्य सरकार द्वारा यथा विहित कोई अन्य मानदंड।

(6) जहाँ अंतिम रजिस्ट्रीकरण किया गया हो, वहाँ राज्य सरकार विस्तृत निरीक्षण करेगी या अधिनियम की धारा 41 की उप–धारा (1) अधीन रजिस्ट्रीकरण के बाद सुविधाओं, कर्मचारियों, अवसंरचना तथा अधिनियम और इन नियमों में यथा–निर्धारित देख–रेख, संरक्षण, पुनर्वास और पुनर्समेकन सेवाओं के मानकों के अनुपालन तथा संस्था या संगठन के प्रबंधन की वार्षिक समीक्षा करेगी।

(7) यदि निरीक्षण या वार्षिक समीक्षा से यह ज्ञात हो कि अधिनियम और इन नियमों में यथा निर्धारित देख–रेख, संरक्षण, पुनर्वास तथा पुनर्समेकन सेवाओं और संस्था के प्रबंधन के मानकों का अनुपालन असंतोषजनक है या सुविधाएं अपर्याप्त हैं, तो राज्य सरकार संस्था के प्रबंधन को किसी भी समय सूचना तामील कर सकती है और सुनवाई का अवसर देने के बाद यथास्थिति विस्तृत निरीक्षण या वार्षिक समीक्षा की तारीख से साठ दिनों की अवधि में यह घोषणा कर सकती है कि संस्था या संगठन की रजिस्ट्रीकृत सूचना में विनिर्दिष्ट तारीख से प्रत्याहृत या रद्द हो जाएगा और उक्त तारीख से वह संस्था अधिनियम की धारा 41 की उप–धारा (1) के अधीन रजिस्ट्रीकृत संस्था नहीं रह जाएगी।

(8) जब कोई संस्था अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत संस्था न रह जाए या उक्त उपबंध में यथा–निर्धारित समयावधि में रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन न कर पाए या उसका अंतिम रजिस्ट्रीकरण न किया जाए, तब उक्त संस्था का प्रबंधन राज्य सरकार करेगी या उसमें रखे गए बालकों को बोर्ड या समिति के आदेशानुसार अधिनियम की धारा 41 की उप–धारा (1) के अधीन रजिस्ट्रीकृत किसी अन्य संस्था में स्थानांतरित किया जाएगा।

(9) सभी संस्थाओं के लिए रजिस्ट्रीकरण की अवधि समाप्त होने से तीन मास पूर्व रजिस्ट्रीकरण के नवीकरण के लिए आवेदन करना अनिवार्य होगा और यदि वे संस्था के रजिस्ट्रीकरण की अवधि समाप्त होने से पहले रजिस्ट्रीकरण के नवीकरण के लिए आवेदन नहीं कर पाते हैं, तो वह संस्था अधिनियम की धारा 41 की उप–धारा (1) और इस नियम के उप–नियम (8) के उपबंधों के अधीन रजिस्ट्रीकृत संस्था नहीं रह जाएगी।

(10) संस्था के रजिस्ट्रीकरण के नवीकरण के आवेदन का निपटान वह आवेदन प्राप्त होने की तारीख से साठ दिनों की अवधि में किया जाएगा।

(11) रजिस्ट्रीकरण के नवीकरण के विषय में निर्णय उस वर्ष में की गई वार्षिक समीक्षा के आधार पर किया जाएगा, जिस वर्ष नवीकरण का आवेदन किया गया है।

(12) राज्य सरकार आवेदनों की प्राप्ति और उन पर कार्रवाई करने तथा रजिस्ट्रीकरण करने और रजिस्ट्रीकरण को रद्द करने के लिए मॉडल ऑनलाइन प्रणाली तैयार करने में सहायता करेगी तथा इस बीच राज्य में मौजूदा प्रणालियां जारी रहेंगी।

22. **खुला आश्रय गृह।**– (1) राज्य सरकार स्वयं अथवा स्वैच्छिक या गैर–सरकारी संगठनों के माध्यम से खुला आश्रय गृह स्थापित कर सकेगी।

(2) खुला आश्रय गृह स्थापित करने को इच्छुक या पहले से खुला आश्रय गृह चला रहे सभी संगठन और व्यक्ति रजिस्ट्रीकरण के लिए राज्य सरकार को प्ररूप 27 में आवेदन करेंगे।

(3) आवेदक खुला आश्रय गृह खोलने की आवश्यकता की रिपोर्ट और उसके साथ उस स्थान पर बालकों की संख्या दर्शाने वाली बालकों की स्थिति का सर्वेक्षण प्रस्तुत करेंगे, जिस स्थान पर खुला आश्रय गृह स्थापित करने का प्रस्ताव है। समुचित पुलिस सत्यापन और यथावश्यक अन्य जाँच कार्य के बाद उस संगठन या व्यक्ति का चयन खुला आश्रय गृह चलाने के लिए किया जा सकता है।

(4) खुला आश्रय गृहों का रजिस्ट्रीकरण, अधिनियम की धारा 41 की उप–धारा (1) उपबंधों के अनुसार प्ररूप 28 में किया जाएगा।

(5) खुला आश्रय गृहों में प्रदान की जाने वाली सेवाओं में भोजन, कपड़े धोने और शौचालय सुविधाओं तथा राज्य सरकार द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली किसी अन्य सुविधा सहित दिवस देख–रेख और रैन बसेरा सुविधाएं शामिल की जा सकेंगी।

(6) किसी खुला आश्रय गृह की क्षमता इतनी होनी चाहिए कि उसमें एक बार में कम से कम पच्चीस बच्चों को रखा जा सके और उसमें रसोईघर, भोजन परोसने की सुविधाएं, स्नानगृह और शौचालय, बिस्तर, लॉकर और मनोरंजन सुविधाएं शामिल होनी चाहिए।

(7) जिन मामलों में खुला आश्रय गृह की प्रभारी एजेंसी यह पाए कि किसी बालक को अल्पकालिक देख–रेख और संरक्षण से बढ़कर चौबीस घंटे से अधिक के लिए देख–रेख और संरक्षण की आवश्यकता है तो ऐसे बालक को आगे उपयुक्त उपायों के लिए समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जा सकता है।

(8) खुला आश्रय गृह देख–रेख और संरक्षण के जरूरतमंद किसी भी बालक को किसी भी समय प्रवेश देने से मना नहीं करेंगे।

(9) प्रत्येक खुला आश्रय गृह अपने यहाँ सेवाएँ पाने वाले बालकों के विषय में मासिक सूचना प्ररूप 29 में जिला बाल संरक्षण इकाई और समिति को भेजेगा एवं केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा विकसित पोर्टल पर विहित प्ररूपों में प्रतिवेदन अपलोड करेगी।

23. **पालन पोषण देख–रेख।**– (1) राज्य सरकार देख–रेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालकों को समिति के आदेश के माध्यम से संक्षिप्त या विस्तृत अवधि के लिए सामूहिक पालन पोषण देख–रेख सहित पालन पोषण देख–रेख में रख सकेगी।

(2) किसी जिले में पालन पोषण देख–रेख कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए जिला बाल संरक्षण इकाई नोडल प्राधिकरण होगी।

(3) किसी बालक को पालन पोषण देख–रेख में रखे जाने से संबंधित सभी निर्णय समिति द्वारा अधिनियम एवं नियमावली में निहित प्रावधानों एवं केन्द्र या राज्य सरकार द्वारा निर्गत दिशानिर्देश के अनुसार लिए जाएँगे। छह वर्ष या इससे अधिक आयु–वर्ग के बालकों को इन नियमावली के नियम 44 के उप–नियम (1) के खण्ड (ii), (iii), (iv) में उल्लिखित परिस्थितियों में पालन पोषण देख–रेख में रखे जाने पर विचार किया जा सकेगा। जहाँ तक संभव हो सके, छह वर्ष से कम आयु के बालकों को दत्तकग्रहण में रखा जाएगा।

(4) समुदाय में रह रहे देख–रेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालकों को भी जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा प्ररूप 31 में तैयार की गई बाल अध्ययन रिपोर्ट के आधार पर पालन पोषण देख–रेख में रखे जाने पा विचार किया जा सकता है।

(5) समिति पालन पोषण देख–रेख के स्वरूप का निर्धारण करने से पहले बालक की व्यक्तिगत देख–रेख योजना और बालक की आयु और परिपक्वता को विधिवत ध्यान में रखते हुए उसकी राय पर विचार करेगी। इस पूरी प्रक्रिया के संबंध में बालक को सूचित और तैयार किया जाएगा।

(6) बालक की आवश्यकताओं के अनुसार पालन पोषण देख–रेख अल्पकालिक या दीर्घकालिक हो सकती है। अल्पकालिक पालन पोषण देख–रेख की अवधि एक वर्ष से अधिक नहीं होगी।

(7) दीर्घकालिक पालन पोषण देख–रेख की अवधि एक वर्ष से अधिक होगी। यह अवधि पालन पोषण देख–रेख प्रदान करने वाले माता–पिता या सामूहिक पालन पोषण देख–रेख व्यवस्था के साथ बालक की अनुकूलता के निर्धारण के आधार पर बालक की आयु अठारह वर्ष हो जाने तक समिति द्वारा समय–समय पर बढ़ाई जा सकती है।

(8) प्रत्येक बालक के पारिवारिक परिवेश में बढ़ने के अधिकार को मान्यता प्रदान करते हुए, यदि संभव हो सके तो बालक को उसके जन्मदाता माता–पिता से पुनः मिलाने हेतु हर संभव प्रयास किया जाएगा।

(9) बालक को पालन पोषण देख–रेख में रखने से पहले समिति जिला बाल संरक्षण इकाई के माध्यम से पोषक परिवार की गृह अध्ययन रिपोर्ट प्ररूप 30 में प्राप्त करेगी।

(10) विशेष जरूरत वाले बालकों को या तो पोषक परिवार या सामूहिक पालन पोषण देख–रेख में रखे जाने पर विचार किया जा सकेगा, परंतु यह कि पोषक परिवार की गृह अध्ययन रिपोर्ट में उस परिवार की उपयुक्तता का समर्थन किया गया हो या सामूहिक देख–रेख व्यवस्था में ऐसे बालकों की देख–रेख की सुविधाएँ मौजूद हों।

(11) सामूहिक पालन पोषण देख–रेख में रखे गए बालकों की संख्या एक इकाई में पालन पोषण देख–रेख प्रदाता के जैविक बालकों सहित आठ से अधिक नहीं होगी।

(12) पोषक परिवार का चयन करते समय जिला बाल संरक्षण इकाई जिन मानदंडों पर विचार करेगी, वे इस प्रकार होंगे:

(i) पोषक माता–पिता भारतीय नागरिक होने चाहिए;

(ii) पोषक माता–पिता उस बालक का पालन पोषण करने के लिए इच्छुक होने चाहिए;

(iii) पोषक माता–पिता की आयु पैंतीस वर्ष से अधिक होनी चाहिए और उनका शारीरिक, भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य उत्तम होना चाहिए;

(iv) आमतौर पर पोषक माता–पिता की आमदनी इतनी होनी चाहिए कि वे बालक की जरूरतों की पूर्ति कर सकें;

(v) पोषक परिवार के परिसरों में रह रहे उस परिवार के सभी सदस्यों की चिकित्सीय रिपोर्टें प्राप्त की जानी चाहिए, जिनमें ह्यूमन इम्यूनो वायरस (एचआईवी), तपेदिक (टीबी) और हैपेटाइटिस बी इत्यादि शामिल हैं, ताकि यह अवधारित किया जा सके कि वे चिकित्सीय रूप से स्वस्थ हैं और

(vi) पोषक परिवार के पास पर्याप्त स्थान और आधारभूत सुविधाएँ होनी चाहिए।

(13) जिला बाल संरक्षण इकाई सामूहिक पालन पोषण देख–रेख व्यवस्था का चयन करते समय आगे दर्शाए गए मानदंडों पर विचार करेगी:

(i) अधिनियम के अधीन सामूहिक व्यवस्था का रजिस्ट्रीकरण;

(ii) समिति द्वारा उपयुक्त सुविधा के रूप में मान्यता प्रदान किया जाना;

(iii) बाल संरक्षण नीति की मौजूदगी; और

(iv) बालकों के लिए पर्याप्त स्थान और समुचित सुविधाएँ।

(14) पोषक परिवार या सामूहिक पालन पोषण व्यवस्था के चयन की प्रक्रिया राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित की जाएगी।

(15) समिति बालक को पालन पोषण देख–रेख में रखने का अंतिम आदेश प्ररूप 32 में पारित करेगी, जिसमें बालक को पालन पोषण देख–रेख में रखे जाने की अवधि विनिर्दिष्ट की जाएगी।

(16) पोषक परिवार या सामूहिक पालन पोषण देख–रेख प्रदाता बालक का की पालन पोषण देख–रेख के लिए प्ररूप 33 में बचनबंध पर हस्ताक्षर करेंगे।

(17) जिला बाल संरक्षण इकाई पालन पोषण देख–रेख में रखे गए प्रत्येक बालक का अभिलेख प्ररूप 34 में रखेगी।

(18) समिति पोषक परिवारों या सामूहिक पालन पोषण देख–रेख प्रदाताओं का मासिक निरीक्षण प्ररूप 35 में करेगी, ताकि बालक की भलाई सुनिश्चित की जा सके।

(19) पोषक परिवार या सामूहिक पालन पोषण देख–रेख प्रदाता निम्नलिखित प्रदान करेंगे:

(i) पर्याप्त भोजन, वस्त्र, आश्रय और शिक्षा प्रदान करना;

(ii) बालक के समग्र शारीरिक, भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए देख–रेख, तथा उपचार उपलब्ध कराना;

(iii) शोषण, दुर्व्यवहार, क्षति, उपेक्षा और दुरुपयोग से संरक्षण सुनिश्चित करना;

(iv) आयु के अनुसार उपयुक्त मनोरंजन, पाठयेतर कार्यकलापों, जैसे कि खेलकूद, संगीत, नृत्य, नाटक, कला इत्यादि की सुविधाएँ उपलब्ध कराना;

(v) बालक की रूचि के अनुसार व्यावसायिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराना;

(vi) बालक की निजता और उसके जैविक परिवार या संरक्षक का आदर करना और यह स्वीकारना कि उनके विषय में प्रदान की गई कोई भी जानकारी गोपनीय है तथा बिना पूर्व–सहमति के किसी तीसरे पक्ष के समक्ष प्रकट नहीं की जाएगी;

(vii) आपात परिस्थितियों में उपचार कराना तथा समिति और जैविक परिवार को इस बात की जानकारी देना, जो कि आवश्यक होने पर उपयुक्त आदेश पारित कर सकेगी;

(viii) बालक के सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखते हुए समिति के परामर्श से बालक और उसके परिवार के बीच सहायता संपर्क;

(ix) बालक की प्रगति के विषय में समय–समय पर समिति तथा बालक के जैविक परिवार को जानकारी प्रदान करना तथा उनसे विचार–विमर्श करना तथा समिति के निर्देशानुसार बालक को समिति के समक्ष प्रस्तुत करना; और

(x) यह सुनिश्चित करना है कि बालक की स्थिति हमेशा ज्ञात रहे, जिसमें उसके पते, छुट्टी की योजनाओं में बदलाव और बालक के भाग जाने की घटनाओं की सूचना समिति को देना शामिल है।

24. **प्रायोजन।**– (1) राज्य सरकार प्रायोजन कार्यक्रम तैयार करेगी, जिसमें निम्नलिखित शामिल हो सकते हैं:

(i) व्यक्ति से व्यक्ति का प्रायोजन;

(ii) समूहिक प्रायोजन;

(iii) सामुदायिक प्रायोजन;

(iv) प्रायोजन के माध्यम से परिवारों को सहायता; और

(v) बाल देख–रेख संस्थाओं को सहायता।

(2) यह प्रायोजन कार्यक्रम जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा केन्द्र या राज्य सरकार द्वारा विकसित दिशानिर्देशों के अनुसार कार्यान्वित किया जाएगा, जो किसी बालक के प्रायोजन के लिए इच्छुक व्यक्तियों या परिवारों का पैनल उपलब्ध कराएगी।

(3) इस पैनल में शिक्षा, चिकित्सीय सहायता, पोषण, व्यावसायिक प्रशिक्षण इत्यादि जैसे रूचि के क्षेत्रों तथा प्रायोजित के स्वरूप के अनुसार प्रायोजकों को सूचीबद्ध किया जाएगा।

(4) जिला बाल संरक्षण इकाई यह पैनल बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय को भेजेगी।

(5) बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय स्व–प्रेरणा से या इस विषय में आवेदन प्राप्त होने पर किसी बालक को प्रायोजन में रखे जाने पर विचार कर सकेंगे, जिसके लिए वे पैनल से यह सत्यापन करेंगे कि क्या ऐसे बालक की सहायता के लिए कोई प्रायोजक उपलब्ध है और उस बालक को प्रायोजित किये जाने का आदेश प्ररूप 36 में पारित कर सकेंगे।

(6) जिला बाल संरक्षण इकाई व्यक्तिगत प्रायोजन के मामले में अधिमानतः माता द्वारा संचालित किया जाने वाला खाता बालक के नाम से खोलेगी। धनराशि सीधे जिला बाल संरक्षण इकाई के बैंक खाते से बालक के बैंक खाते में अंतरित की जाएगी।

(7) प्रायोजन की अवधि आमतौर पर तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी, जिसे 2 वर्ष की अवधि के लिए आगे और बढ़ाया जा सकेगा, जिसके लिए लिखित रूप से कारणों को दर्ज किया जाएगा।

25. संस्थागत देख–रेख छोड़कर जाने वाले बालकों की पश्चात्वर्ती देख–रेख।– (1) जिन बालकों को अठारह वर्ष की आयु हो जाने पर बाल देख–रेख संस्थाओं को छोड़कर जाना पड़ता है, उन बालकों की शिक्षा की व्यवस्था करके, उन्हें रोजगार के योग्य कौशल सिखाकर तथा समाज की मुख्यधारा में उनके पुनर्समेकन को सुकर बनाने के लिए उन्हें रहने का स्थान उपलब्ध कराकर उनके लिए कार्यक्रम राज्य सरकार तैयार करेगी।

(2) बाल देख–रेख संस्था को छोड़कर जाने वाले किसी भी बालक को यथास्थिति समिति या बोर्ड या बाल न्यायालय के प्ररूप 37 के अनुसार आदेश पर इक्कीस वर्ष की आयु होने तक तथा अपवादात्मक परिस्थितियों में इक्कीस वर्ष की आयु हो जाने पर और दो वर्ष तक पश्चात्वर्ती देख–रेख प्रदान की जा सकेगी।

(3) जिला बाल संरक्षण इकाई शिक्षा, चिकित्सीय सहायता, पोषण, व्यावसायिक प्रशिक्षण इत्यादि जैसे रूचि के क्षेत्र के अनुसार पश्चात्वर्ती देख–रेख प्रदान करने को इच्छुक संगठनों, संस्थाओं और व्यक्तियों की सूची तैयार करेगी व रखेगी तथा उस सूची को बोर्ड या समिति और सभी बाल देख–रेख संस्थाओं को उनके अभिलेख में रखे जाने के लिए भेजेगी।

(4) परिवीक्षा अधिकारी या बाल कल्याण अधिकारी या मामले का कार्यकर्ता निर्मुक्ति पश्चात योजना बच्चों के परामर्श के साथ तैयार करेगा और उस योजना को बोर्ड या समिति को तब भेजेगा जब बालक द्वारा बाल देख–रेख संस्था छोड़े जाने में तीन मास का समय शेष हो तथा

इस योजना में बालक की आवश्यकतानुसार ऐसे बालक के लिए पश्चात्वर्ती देख–रेख की सिफारिश की जाएगी।

(5) बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय निर्मुक्ति पश्चात योजना की निगरानी करते समय पश्चात्वर्ती देख–रेख कार्यक्रम की प्रभावोत्पादकता की जाँच भी विशेषकर इस संदर्भ में करेंगे कि क्या इस कार्यक्रम का उपयोग उसी प्रयोजन के लिए किया जा रहा है, जिसके लिए यह देख–रेख प्रदान की गई है और ऐसे पश्चात्वर्ती देख–रेख कार्यक्रम के परिणामस्वरूप बालक द्वारा की गई प्रगति की भी जाँच करेंगे।

(6) पश्चात्वर्ती देखरेख कार्यक्रम में रखे गए बालकों को राज्य सरकार उनके आवश्यक खर्चों के लिए निधियां उपलब्ध कराएगी; ऐसी निधियां सीधे उनके बैंक खातों में आंतरित की जाएँगी।

(7) पश्चातवर्ती देख–रेख कार्यक्रम में प्रदान की जाने वाली सेवाओं में निम्नलिखित को शामिल किया जा सकेगा:

(i) छह से आठ व्यक्तियों के समूहों के लिए अस्थायी आधार पर सामुदायिक सामूहिक आवास या किसी मान्यता प्राप्त स्वयंसेवी संस्था या गैर–सरकारी संगठन के माध्यम से संस्थागत मॉडल;

(ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण के दौरान वृतिका या उच्चतर शिक्षा के लिए छात्रवृति और व्यक्ति को रोजगार मिलने तक सहायता का उपबंध करना;

(iii) राष्ट्रीय कौशल विकास कार्यक्रम, भारतीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान और केन्द्रीय और राज्य सरकारों के ऐसे अन्य कार्यक्रमों तथा कॉरपोरेट इत्यादि के साथ समन्वय से कौशल प्रशिक्षण और वाणिज्यिक स्थापनाओं में रोजगार दिलाने की व्यवस्था करना;

(iv) ऐसे व्यक्तियों से उनकी पुनर्वास योजनाओं के विषय में विचार–विमर्श करने के लिए उनके साथ नियमित रूप से संपर्क में रहने वाले परामर्शदाता की व्यवस्था करना;

(v) उनकी ऊर्जा को सकारात्मक माध्यम उपलब्ध कराने और उनके जीवन में आए संकटों से पार पाने में उनकी सहायता करने के लिए सर्जनात्मक कार्यकलापों की व्यवस्था करना;

(vi) पश्चात्वर्ती देख–रेख में रखे गए और उद्यमी कार्यकलापों की स्थापना के आकांक्षी व्यक्तियों के लिए ऋणों या सहायकी व्यवस्था; और

(vii) राज्य अथवा संस्थागत सहायता के बिना जीवनयापन के लिए उन्हें प्रोत्साहित करना।

26. **बाल देख–रेख संस्थाओं का प्रबंध और मॉनीटरी करना।**–(1) बाल देख–रेख संस्थाओं के कार्मिकों की संख्या दायित्वों, पदों, कार्य–समय और जिन बालकों के लिए उन कार्मिकों को कार्य करना है, उन बालकों की श्रेणी के अनुसार अवधारित की जाएगी।

(2) बाल देख–रेख संस्था के कर्मचारी प्रभारी व्यक्ति के नियंत्रण और समग्र पर्यवेक्षण के अधीन होंगे, जो अधिनियम और इन नियमों की सांविधिक अपेक्षाओं के अनुसार आदेश द्वारा उनके विशिष्ट दायित्व तथा जिम्मेदारियां अवधारित करेगा।

(3) कर्मचारियों की प्रत्येक श्रेणी में पदों की संख्या संस्था की क्षमता के आधार पर निर्धारित की जाएगी तथा संस्था की क्षमता में वृद्धि के अनुपात में यह संख्या भी बढ़ेगी।

(4) यदि बाल देख–रेख संस्थाओं में बालिकाएँ रह रही हों तो केवल महिला प्रभारी और कर्मचारी नियुक्ति की जाएगी।

(5) बाल देख–रेख संस्था से जुड़ी कोई भी व्यक्ति किसी अपराध के लिए दोषी सिद्ध न हुआ हो या किसी अनैतिक कार्य या बालक से दुर्व्यवहार या बाल श्रमिक के नियोजन या नैतिक अधमता के अपराध में संलिप्त न रहा हो या अपने कार्यकाल के दौरान किसी राजनैतिक दल का पदाधिकारी न रहा हो।

(6) पुलिस के सत्यापन के बिना कोई भी व्यक्ति किसी बाल देख–रेख संस्था में नियुक्त नहीं किया जाएगा और न ही कार्य करेगा।

(7) पचास बालकों की क्षमता वाली संस्था में कर्मचारियों संबंधी सुझावपरक मानक इस प्रकार होंगे:

क्र.सं.	कार्मिक / कर्मचारीवृंद	संख्या
1.	प्रभारी व्यक्ति (अधीक्षक)	1
2.	परिवीक्षा अधिकारी / बाल कल्याण अधिकारी / मामला कार्यकर्त्ता * किसी बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्ता को पुनर्वास–सह–स्थापन अधिकारी अभिहित किया जा सकेगा	2
3.	परामर्शदाता / मनोवैज्ञानिक / मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ	1
4.	हाउस मदर / हाउस फादर	3
5.	शिक्षक / ट्यूटर	1 (अंशकालिक)
6.	चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सक)	1 (बुलाए जाने पर / प्रतिनियुक्ति पर)
7.	अर्ध–चिकित्सीय कर्मचारी / स्टाफ नर्स	1
8.	लेखाकार–सह–भंडारपाल–सह–आँकड़ा सहायक	1
9.	कला और शिल्प और कार्यकलाप अध्यापक	1 (अंशकालिक)
10.	पीटी अनुशिक्षक–सह–योग प्रशिक्षक	1 (अंशकालिक)
11.	रसोइया	1
12.	सहायक	1
13.	हाउस कीपिंग	1
14.	सेक्युरिटी गार्ड	आवश्यकतानुसार
15.	माली	1 (अंशकालिक)

(8) जिन संस्थाओं में शिशुओं को रखा गया है, उन संस्थाओं के मामले में आवश्यकतानुसार आयाओं और अर्धचिकित्सीय कर्मचारियों की व्यवस्था की जाएगी।

665

(9) बाल देख--रेख संस्था के स्वरूप और अपेक्षा के अनुसार बालकों की संख्या, आयु–वर्ग, शारीरिक और मानसिक स्थिति, अपराध की श्रेणी के आधार पर पृथक्करण सुविधा और संस्था को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा कार्मिक तैनात किए जाएंगे।

(10) नियुक्त या तैनात किए जाने वाले सुरक्षा कार्मिक संवेदनशीलता वाले बालकों से निपटने के लिए पर्याप्त रूप से प्रशिक्षित और अभिमुखीकृत होंगे तथा अधिमानतः पूर्व–सैनिक या अर्धसैनिक बलों के सेवानिवृत कार्मिक या पुनर्स्थापन महानिदेशक के माध्यम से होंगे।

(11) सुरक्षा कार्मिकों के पास शस्त्र या बंदूकें नहीं होगी लेकिन वे आपात परिस्थिति से निपटने, हिंसा पर काबू पाने और बालकों को संस्था से भागने से रोकने, तलाशी और खोज तथा सुरक्षा निगरानी कार्यकलाप चलाने के लिए प्रशिक्षित और विशेष कौशलों से संपन्न होंगे।

27. **उपयुक्त सुविधा।**– (1) बोर्ड या समिति सरकार या किसी गैर–सरकारी संगठन द्वारा चलाई जा रही किसी संस्था या संगठन का आवेदन प्राप्त होने पर, जिसे जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा ऐसे आवेदन प्राप्त होने की तिथि से 15 दिनों के अंदर उचित सत्यापन एवं अनुशंसाओं के साथ अग्रसारित किया गया हो, उस सुविधा को उपयुक्त सुविधा के रूप में मान्यता प्रदान करेंगे, परंतु यह कि उस सुविधा का प्रबंधक विशिष्ट प्रयोजन या सामूहिक पालन पोषण देख–रेख के लिए किसी बालक को प्राप्त करने के लिए अस्थायी रूप से इच्छुक हो।

(2) मान्यता के लिए आवेदन के साथ नियमों, उप–नियमों, संगम–ज्ञापन, नियंत्रक निकाय, पदाधिकारियों की सूची, न्यासियों की सूची, पिछले तीन वर्षों के तुलन–पत्र, संस्था या संगठन द्वारा प्रदान की गयी सामाजिक या सार्वजनिक सेवा के पिछले अभिलेख इत्यादि प्रत्येक की एक प्रति प्ररूप 38 में भेजी जाएगी।

(3) उपयुक्त सुविधा के रूप में मान्यता के लिए कोई सुविधा :

(i) बालक की देख–रेख और संरक्षण के आधारभूत मानकों की पूर्ति करेगी;

(ii) अपने पास रखे गये बालक को आधारभूत सेवाएँ प्रदान करेगी;

(iii) अपने पास रखे गये किसी बालक में किसी भी प्रकार की क्रूरता या शोषण या उपेक्षा या किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार नहीं होने देगी;

(iv) बोर्ड या समिति द्वारा पारित आदेशों का अनुपालन करेगी; और

(v) जिला बाल संरक्षण इकाई के अनुशंसाओं का पालन करेगी।

(4) जिला बाल संरक्षण इकाई के प्रतिवेदन तथा संगठन या संस्था द्वारा जमा किए गए दस्तावेजों के सत्यापन के पश्चात् एवं यदि आवश्यक हो तो बोर्ड या समिति स्वयं जाँचोपरान्त यह सुनिश्चित करने के लिए इन नियमों के अनुसार बालकों की देख–रेख और संरक्षण के लिए उनके स्वास्थ्य, शिक्षा, भोजन तथा आश्रय सुविधाओं, व्यावसायिक सुविधाओं और पुनर्वास के विशेष संदर्भ में प्रावधान संस्था में मौजूद हैं तथा यथा उपलब्ध अन्य सामग्री पर विचार के आधार पर ऐसी संस्था या संगठन को उपयुक्त सुविधा के रूप में मान्यता प्ररूप 39 में प्रदान कर सकेंगे:

परंतु यह कि ऐसी संस्था या संगठन से जुड़ा कोई भी व्यक्ति किसी अपराध के लिए दोषी सिद्ध न हुआ हो या किसी अनैतिक कार्य या बालक से दुर्व्यवहार या बाल श्रमिकों के नियोजन या नैतिक अधमता के अपराध में संलिप्त न रहा हो।

(5) जिला बाल संरक्षण इकाई अपना प्रतिवेदन इस संबंध में आवेदन प्राप्त होने की तिथि से पंद्रह दिनों के भीतर जमा करेगी तथा बोर्ड या समिति किसी संस्था या संगठन की मान्यता के आवेदन पर निर्णय यह प्रतिवेदन प्राप्त होने की तारीख से पंद्रह दिनों की अवधि में लेगी।

(6) उपयुक्त सुविधा के रूप में किसी संस्था या संगठन की मान्यता आरंभ में तीन वर्षों की अवधि के लिए होगी, जिसे इस नियम के उप–नियम (4) के अनुसार आगे और तीन वर्ष की अवधि के लिए नवीकृत किया जा सकेगा।

(7) यदि बोर्ड या समिति प्रदान की जा रही देख–रेख और संरक्षण, या उस सुविधा में मौजूद दशाओं, या अधिनियम के अधीन मान्यता–प्राप्त संस्था या संगठन के प्रबंधन के मानक से संतुष्ट न हो या अधिनियम की धारा 54 के अधीन नियुक्त की गई निरीक्षण समिति की किसी प्रतिकूल रिपोर्ट पर तथा इस संबंध में जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा पूरक रिपोर्ट या किसी अन्य कारण से वे किसी भी समय कारण सहित आदेश द्वारा उपयुक्त सुविधा के रूप में उस संस्था या संगठन की मान्यता को बोर्ड या समिति के आदेश में विनिर्दिष्ट तारीख से प्रत्याहृत कर सकेंगे और वह संस्था या संगठन अधिनियम और इन नियमों के अधीन उपयुक्त सुविधा के पात्र नहीं रहेंगे।

(8) जहाँ बोर्ड या समिति द्वारा उपयुक्त सुविधा के रूप में मान्यता प्रत्याहृत कर ली गयी हो, वहां इस तथ्य की सूचना बाल न्यायालय, विशेष किशोर पुलिस इकाई और जिला बाल संरक्षण इकाई को भेजी जाएगी तथा ऐसी संस्था या संगठन के पास रखे गए बालकों को बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय द्वारा किसी अन्य उपयुक्त सुविधा या किसी अन्य बाल देख–रेख संस्था में स्थानांतरित किया जाएगा।

(9) बोर्ड या समिति द्वारा अनुमोदित सुविधाओं की सूची कार्यालय में रखी जाएगी और बाल न्यायालय, विशेष किशोर पुलिस इकाई और जिला बाल संरक्षण इकाई तथा राज्य बाल संरक्षण समिति को भेजी जाएगी।

(10) किसी संस्था या संगठन को आगे दर्शाए गए प्रयोजनों के लिए उपयुक्त सुविधा के रूप में मान्यता प्रदान की जाएगी, जो कि इस प्रकार होंगे:–

(i) अल्पकालिक देख–रेख;
(ii) चिकित्सीय देख–रेख उपचार और विशेषीकृत उपचार;
(iii) मनश्चिकित्सीय और मानसिक स्वास्थ्य देख–रेख;
(iv) नशा–मुक्ति और पुनर्वास;
(v) शिक्षा;
(vi) व्यावसायिक प्रशिक्षण और कौशल विकास;
(vii) गवाह संरक्षण; और
(viii) सामूहिक पालन पोषण देख–रेख।

(11) उपयुक्त सुविधा द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाएँ इस प्रकार होगी:

(i) भोजन, वस्त्र, जल, स्वच्छता और साफ–सफाई;
(ii) परामर्श सहित मानसिक स्वास्थ्य कार्यकलाप;

(iii) प्रथमोपचार सहित चिकित्सीय सुविधाएं और विशेषीकृत उपचार में सहायता;

(iv) सेतु शिक्षा और निरंतर शिक्षा सहित आयु के अनुसार उपयुक्त औपचारिक शिक्षा और जीवन कौशल शिक्षा; तथा

(v) मनोरंजन, खेलकूद, ललित कलाएं और सामूहिक कार्यकलाप।

(12) किसी बालक को उपयुक्त सुविधा में उतनी अवधि के लिए रखा जाएगा, जितनी अवधि बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय को उपयुक्त प्रतीत हो।

28. **उपयुक्त व्यक्ति।**– (1) वह व्यक्ति जो आवश्यक अवधि के लिए किसी बच्चे को देखरेख, संरक्षण अथवा उपचार हेतु अस्थायी रूप से लेने के लिए उपयुक्त हो, बोर्ड अथवा समिति द्वारा एक उपयुक्त व्यक्ति के रूप में पता लगाया जाएगा।

(2) बोर्ड अथवा समिति बच्चे को लेने के लिए उनकी साख, सम्मान, विशेषज्ञता, व्यावसायिक अर्हताएं, बच्चों के साथ व्यवहार का अनुभव तथा उनकी इच्छा के आधार पर व्यक्तियों के पैनल को अभिज्ञात करे तथा इस अधिनियम के प्रयोजनों हेतु उपयुक्त व्यक्तियों के रूप में उनका पता लगाए:

परंतु ऐसा कोई व्यक्ति इस अधिनियम के अधीन किसी अपराध का आरोपी अथवा किसी अनैतिक कार्य अथवा बाल शोषण के कार्य अथवा बाल श्रम रोजगार अथवा नैतिक चरित्रहीनता के किसी अपराध में संलग्न नहीं होना चाहिए।

(3) बोर्ड अथवा समिति भी ऐसे व्यक्ति की साख का सत्यापन करने के बाद, तथा जहाँ कहीं संभव हो, ऐसे किसी व्यक्ति पर कराए गए पुलिस सत्यापन प्राप्त करने के पश्चात किसी बच्चे अथवा बच्चों के लिए आवश्यकता आधार पर एक उपयुक्त व्यक्ति के रूप में किसी व्यक्ति को नियुक्त कर सकती है।

(4) बोर्ड अथवा समिति, यदि उपलब्ध करायी गयी देख–रेख तथा संरक्षण के स्तर से अथवा किसी अन्य कारण से असंतुष्ट होने पर, किसी भी समय, बोर्ड अथवा समिति के आदेश पर विनिर्दिष्ट तारीख से एक उपयुक्त व्यक्ति के रूप में किसी व्यक्ति की मान्यता को वापस लेने के तर्कसंगत आदेश के द्वारा वापस ले सकता है।

(5) जहाँ किसी उपयुक्त व्यक्ति की मान्यता बोर्ड द्वारा अथवा समिति द्वारा वापस की जाती है, इसकी सूचना बाल न्यायालय, विशेष किशोर पुलिस इकाई और जिला संरक्षण इकाई को भेजी जाएगी और ऐसे उपयुक्त व्यक्ति के पास रखे गए बालक को बोर्ड अथवा समिति अथवा बाल न्यायालय द्वारा किसी अन्य उपयुक्त व्यक्ति के अथवा उपयुक्त सुविधा के साथ अथवा किसी बाल देख–रेख संस्था के पास रखा जाए।

(6) बोर्ड अथवा समिति द्वारा मान्यता प्राप्त उपयुक्त व्यक्तियों की सूची बोर्ड तथा समिति के कार्यालय और बाल न्यायालय में रखी जाएगी तथा विशेष किशोर पुलिस इकाई, जिला बाल संरक्षण इकाई और राज्य बाल संरक्षण समिति को भेजी जाएगी।

(7) जहाँ बालक को दूरी तथा/अथवा विषम समय की वजह से किसी बाल देख–रेख संस्था में नहीं भेजा जा सकता, बोर्ड अथवा समिति अथवा बाल न्यायालय, जहाँ की अपेक्षित हो, ऐसे मामलों में बालक को एक उपयुक्त व्यक्ति के संरक्षण में रख सकता है।

(8) उपयुक्त व्यक्ति :

(i) बालक को लेने की क्षमता तथा इच्छा रखेगा; तथा

(ii) बालक की देख–रेख और संरक्षण की बुनियादी सेवाएँ उपलब्ध कराएगा।

(9) बालक की आवश्यकता के आधार पर तथा उपयुक्त व्यक्ति के परामर्श से बोर्ड अथवा समिति अथवा बाल न्यायालय बालक की उस अवधि को निर्धारित करेंगे जिसमें बालक उपयुक्त व्यक्ति के पास रहेगा।

(10) बालक को 48 घंटे से अधिक अवधि के लिए उपयुक्त व्यक्ति के संरक्षण में नहीं रखा जाएगा तथा ऐसे मामलों में जहाँ बालक को और अधिक देख–रेख की जरूरत है, वहाँ समिति बालक के पालन–पोषण देख–रेख प्लेसमेंट पर विचार कर सकती है अथवा बालक के लिए अन्य आवास विकल्पों पर विचार करे। ऐसे मामलों में जहाँ बालक की प्लेसमेंट अवधि 30 दिन से ज्यादा हो बोर्ड अथवा बाल न्यायालय बालक के संबंध में अगले आदेशों के लिए मामले को समिति को भेजें।

29. **भौतिक अवसंरचना।**– (1) प्रत्येक संस्था में आवास निम्नलिखित मानदंड के अनुसार होगा, अर्थात:–

(i) संप्रेषण गृह :

(क) बालिकाओं तथा बालकों के लिए पृथक संप्रेषण गृह;

(ख) शारीरिक और मानसिक स्थिति तथा किए गए अपराध की प्रकृति पर पर्याप्त ध्यान देते हुए उनके आयु वर्ग अधिमानत: 7–11 वर्ष, 12–15 वर्ष तथा 16–18 वर्ष के अनुसार बालकों का वर्गीकरण तथा पृथक्कीकरण।

(ii) विशेष गृह :

(क) बालिकाओं तथा बालकों के लिए पृथक विशेष गृह;

(ख) बालक की आयु और अपराध की प्रकृति तथा उनकी मानसिक और शारीरिक स्थिति के आधार पर वर्गीकरण तथा पृथक्कीकरण।

(iii) सुरक्षित स्थान:

(क) जघन्य अपराध करने के आरोपी 16–18 वर्ष की आयु वर्ग के बालकों के लिए, जिनकी जाँच लंबित है;

(ख) जाँच के समापन पर जघन्य अपराध मे लिप्त पाए जाने वाले 16–18 वर्ष के आयु वर्ग के बालकों के लिए;

(ग) 18 वर्ष से कम आयु में किए गए अपराध के आरोपी 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए, जिनकी जाँच लंबित है;

(घ) जाँच पूरी होने पर अपराध में लिप्त पाए जाने वाले 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए;

(ड़) इस अधिनियम की धारा 18 की उपधारा (1) के खंड (छ) के अधीन बोर्ड के आदेशों के अनुसार बालकों के लिए।

(iv) बाल गृह:

(क) 6–18 वर्ष की आयु वर्ग के बालिकाओं तथा बालकों के लिए पृथक बाल गृह;

(ख) बच्चों की शारीरिक और मानसिक स्थिति पर पर्याप्त ध्यान देते हुए 7–11 वर्ष, 12–15 वर्ष और 16–18 वर्ष के आयु वर्ग के अनुसार पृथक सुविधाएँ।

(2) बाल देख–रेख संस्थाएँ बाल अनुकूल होंगी तथा वे किसी भी प्रकार से कारावास अथवा हवालात जैसी नहीं दिखेंगी।

(3) प्रत्येक बाल देख–रेख संस्था स्टाफ और इनमें रह रहे बालकों दोनों के उपयोग के लिए इस अधिनियम की एक प्रति तथा राज्य सरकार द्वारा बनाए गए नियमों तथा साथ ही राज्य बाल संरक्षण समिति द्वारा तैयार की गई बाल संरक्षण नीति की प्रति को रखेगी।

(4) प्रत्येक बाल देख–रेख संस्था में संस्था के प्रबंधन के लिए तथा गृह में प्रत्येक बालक की प्रगति की निगरानी के लिए एक प्रबंधन समिति होगी।

(5) कानून तोड़ने वाले बालकों के लिए तथा देख–रेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालकों के लिए बाल देख–रेख संस्थाएँ प्रतिपादित मानदंड के अनुसार पृथक परिसरों से कार्य करेंगी।

(6) 50 बालकों वाली प्रत्येक संस्था में भवन अथवा आवास हेतु सुझाए गए मानदंड इस प्रकार हो सकते हैं :

(i)	2 शयनशाला (डोरमेटरी)	25 बालकों के लिए प्रत्येक 1000 वर्ग फुट की अर्थात 2000 वर्ग फुट
(ii)	2 कक्षाएं	25 बालकों के लिए 300 वर्ग फुट की अर्थात 600 वर्ग फुट
(iii)	रोगी कक्ष / प्राथमिक उपचार कक्ष	प्रत्येक 10 बालकों हेतु 75 वर्ग फुट अर्थात 750 वर्ग फुट
(iv)	रसोई	250 वर्ग फुट
(v)	भोजन कक्ष	800 वर्ग फुट
(vi)	भंडार गृह	250 वर्ग फुट
(vii)	मनोरंजन कक्ष	330 वर्ग फुट
(viii)	पुस्तकालय	500 वर्ग फुट
(ix)	5 स्नान घर	प्रत्येक 25 वर्ग फुट की अर्थात 125 वर्ग फुट
(x)	8 शौचालय	प्रत्येक 25 वर्ग फुट की अर्थात 125 वर्ग फुट
(xi)	कार्यालय कक्ष	(क) 300 वर्ग फुट (ख) प्रभारी व्यक्ति कक्ष 200 वर्ग फुट
(xii)	परामर्श और मार्गदर्शन कक्ष	120 वर्ग फुट
(xiii)	कार्यशाला	प्रति प्रशिक्षु 75 वर्ग फुट की दर से 15 बालकों के लिए 1125 वर्गफुट
(xiv)	प्रभारी व्यक्ति हेतु आवास	(क) प्रत्येक 250 वर्ग फुट के 2 कक्ष (ख) रसोई 75 वर्गफुट (ख) स्नान घर सह शौचालय 50 वर्ग फुट
(xv)	किशोर न्याय बोर्ड अथवा बाल कल्याण समिति हेतु 2 कक्ष	प्रत्येक 300 वर्ग फुट की अर्थात 600 वर्ग फुट
(xvi)	खेल का मैदान	कुल बालकों की संख्या के अनुसार पर्याप्त क्षेत्र
	कुल	**8495 वर्ग फुट**

(7) प्रभारी व्यक्ति संस्था में रहेगा तथा उसे क्वार्टर उपलब्ध कराया जाएगा तथा यदि वह विधिमान्य कारणों से बाल देख–रेख संस्था में रहने में समर्थ नहीं है, (सहायक निदेशक से अनुमति प्राप्त की जाएगी) तो संस्था का कोई अन्य वरिष्ठ स्टाफ सदस्य संस्थान में रहेगा और बालकों की समग्र देख–रेख का पर्यवेक्षण करने तथा किसी संकट अथवा आपातकाल के मामले में निर्णय लेने की स्थिति में होगा।

(8) दुर्घटनाओं से बचने के लिए उचित या फिसलन रहित फर्श रखने होंगे।

(9) उचित प्रकाश, सर्दियों में परिसर का गर्म रखने और गर्मियों में ठंडा करने के प्रबंध, वातायन, सुरक्षित पेयजल, साफ–सफाई वाले और जेंडर सुलभ और आयु अनुसार उचित तथा निशक्तता अनुकूल शौचालय तथा बार्बड तार की बाड़ वाली ऊँची दीवारें होंगी।

(10) इस अधिनियम के अधीन सभी संस्थाएं:

(i) प्राथमिक उपचार किट, रसोई घर में अग्निशामक, मनोरंजन कक्ष, व्यावसायिक प्रशिक्षण कक्ष, शयनागार, भंडार कक्ष तथा परामर्श कक्ष का प्रावधान करेंगी;
(ii) इलेक्ट्रिकल स्थापनाओं की आवधिक जाँच करेंगे;
(iii) उचित भंडारण तथा खाद्य वस्तुओं की जाँच सुनिश्चित करेंगी; तथा
(iv) जल भंडारण तथा आपातकालीन प्रकाश व्यवस्था के लिए उद्यत प्रबंध सुनिश्चित करेंगी।

(11) पृथक रूप से सक्षम बालकों को विशेष अवसंरचनात्मक सुविधाएँ तथा आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। ये सुविधाएँ तथा उपकरण विशेषज्ञों अथवा अनुभवी व्यक्तियों के मार्गदर्शन में डिजाइन की जाएगी।

(12) अन्य संभार और कार्यात्मक आवश्यकताएं, जिन्हें उपलब्ध कराया जाएगा, में निम्नलिखित शामिल होगा :

(i) कम्प्यूटर सेट;
(ii) फोटोकापीयर;
(iii) प्रिंटर, स्कैन–सह–फैक्स;
(iv) इंटरनेट सुविधा सहित दूरभाष;
(v) वेब कैमरा;
(vi) पदाधिकारियों हेतु फर्नीचर, अभिलेख रखने की अलमारियां, वर्क स्टेशन, पहियादार कुर्सी तथा चिकित्सा कक्ष के लिए स्ट्रेचर्स;
(vii) अध्ययन और भोजन हाल हेतु कुर्सियां तथा मेज;
(viii) प्रोजेक्टर; एवं
(ix) सी0सी0टी0वी0 कैमरा।

30. **कपड़े, बिस्तर, टायलेट्रीज तथा अन्य वस्तुएं।**– (1) कपड़े तथा बिस्तर मापदंड और जलवायु की परिस्थितियों अनुसार होंगे। प्रत्येक बालक की आवश्यकताओं तथा कपड़ों और बिस्तर हेतु न्यूनतम मानक इस प्रकार होंगे :–

		क. बिस्तर
क्र. सं.	वस्तु	प्रत्येक बालक को उपलब्ध कराई जाने वाली प्रमात्रा
1.	गद्दा	प्रवेश के समय 1 और तत्पश्चात् प्रत्येक वर्ष बाद 1
2.	सूती दरी	प्रवेश के समय 2 और तत्पश्चात् 2 वर्ष बाद 2
3.	बिछाने की सूती चादरें	प्रवेश के समय 2 और तत्पश्चात् 6 मास बाद 1
4.	तकिया (सूती)	प्रवेश के समय 1 और तत्पश्चात् 1 वर्ष बाद 1
5.	तकिया कबर	प्रवेश के समय 1 और तत्पश्चात् 1 वर्ष बाद 1
6.	सूती कंबल/खेस	प्रवेश के समय 2 और तत्पश्चात् 2 वर्ष बाद 1
7.	रूई भरी हुई रजाई	प्रवेश के समय 1 और तत्पश्चात् 1 वर्ष बाद 1 (ठंडे क्षेत्र में कंबलों के अलावा)

8.	मच्छरदानी	प्रवेश के समय 1 और तत्पश्चात् 6 मास बाद 1
9.	सूती तौलिया	प्रवेश के समय 2 और तत्पश्चात् प्रत्येक 3 मास बाद 1

ख. लड़कियों के लिए कपड़े		
क्र. सं.	वस्तु	प्रति बालप्रमात्रा
1.	स्कर्ट और ब्लाउज अथवा सलवार कमीज अथवा ब्लाउज और पेटीकोट सहित हॉफ साड़ी	आयु तथा क्षेत्रीय वरीयताओं पर निर्भर करते हुए लड़कियों के लिए प्रतिवर्ष 5 सेट
2.	उचित आयु के अनुसार अंतरीय	प्रति तिमाही 3 सेट
3.	सेनेटरी टॉवल्स	बड़ी लड़कियों के लिए प्रति वर्ष 12 पैक्स
4.	ऊनी स्वेटर्स (पूरी बाजू वाले)	प्रति वर्ष 2 स्वेटर
5.	ऊनी स्वेटर्स (आधी बाजू के)	प्रति वर्ष 2 स्वेटर
6.	ऊनी शाल	प्रति वर्ष 1
7.	रात्रि में पहनने के कपड़े	प्रति 6 मास में 2 सेट

ख. लड़कों के लिए कपड़े		
क्र. सं.	वस्तु	प्रति बालप्रमात्रा
1.	कमीज	प्रवेश के समय 2 तथा तत्पश्चात् प्रत्येक छह मास के बाद 1
2.	निकर	प्रवेश के समय 2 छोटे बालकों के लिए तत्पश्चात् प्रत्येक छह मास के बाद 1
3.	पैंट	प्रवेश के समय 2 तथा बड़े बालकों के लिए प्रत्येक छह मास में 1
4.	आयु अनुसार उचित अंतरीय	प्रति तिमाही 3 सेट
5.	ऊनी जर्सियां (पूरी बाजू की)	वर्ष में 2
6.	ऊनी जर्सियां (आधी बाजू की)	वर्ष में 2
7.	ऊनी टोपियां	एक वर्ष में 1
8.	रात्रि में पहनने के लिए कुर्ता पायजामा	प्रत्येक छह मास 2 सेट

ग. विविध वस्तुएं		
1.	स्लीपर	प्रवेश के समय 1 जोड़ी तथा तत्पश्चात् प्रत्येक छह मास बाद
2.	खेल के जूते	प्रवेश के समय 1 जोड़ी तथा तत्पश्चात् प्रत्येक एक वर्ष बाद 1 जोड़ी
3.	स्कूल वर्दी	स्कूल जाने वाले बालकों हेतु प्रत्येक छह मास 2 सेट
4.	स्कूल बैग	स्कूल जाने वाले बालकों के लिए वर्ष 1
5.	स्कूल के जूते	स्कूल में प्रवेश के समय 1 जोड़ी तथा तत्पश्चात् प्रत्येक छह मास के बाद 1 जोड़ी
6.	रूमाल	प्रवेश के समय 2 तथा तत्पश्चात् प्रत्येक 2 मास के बाद 2
7.	जुराबें	प्रत्येक छह मास में 3 जोड़ी
8.	लेखन सामग्री	आवश्यकतानुसार

(2) उक्त विनिर्दिष्ट कपड़ों के अतिरिक्त, समारोह के अवसरों पर उपयोग करने हेतु प्रत्येक बालकों तीन वर्षों में एक बार, एक सफेद कमीज, निकर अथवा पैंट एक जोड़ी, एक जोड़ी

सफेद कैनवास के जूते तथा एक ब्लेजर उपलब्ध कराया जाएगा। लड़कियों के मामले में, एक सफेद हॉफ साड़ी अथवा एक सलवार कमीज अथवा एक सफेद स्कर्ट तथा एक सफेद ब्लाउज, एक जोड़ी सफेद कैनवास के जूते तथा ब्लेजर उपलब्ध कराया जाएगा।

(3) संस्था से संबद्ध प्रत्येक अस्पताल में, जहाँ भर्ती रोगियों की चारपाई का प्रावधान है, निम्नलिखित मानदंड़ों का अनुपालन किया जाता है :–

क्र. सं.	रात्रि के कपड़े तथा बिस्तर	आपूर्त्ति हेतु मापदंड
1.	गद्दा	3 वर्ष में प्रति बिस्तर एक
2.	बिछाने की सूती चादरें	प्रति वर्ष प्रति बिस्तर एक
3.	तकिया	प्रति दो वर्ष में प्रति बिस्तर एक
4.	तकिया कबर	प्रति वर्ष प्रति बिस्तर चार
5.	ऊनी कम्बल	प्रति 2 वर्ष में प्रति बिस्तर एक
6.	पायजामे तथा ढ़ीली कमीजें (लड़कों हेतु अस्पताल की प्रकार की)	प्रति वर्ष प्रति बाल 3 जोड़ी
7.	बालिकाओं के लिए स्कर्ट और ब्लाउज अथवा सलवार कमीज	प्रति वर्ष प्रति बाल 3 जोड़ी
8.	सूती दरी	प्रति 3 वर्ष में प्रति बिस्तर एक

(4) टॉयलेट्री : बाल देख–रेख संस्था के प्रत्येक निवासी को निम्नलिखित मानदंड के अनुसार तेल, साबुन तथा अन्य सामग्री जारी की जाएगी :

क्र. सं.	मद	प्रति बालक जारी की जाने वाली मात्रा
1.	बालों के बनाव श्रृंगार के लिए बालों का तेल	प्रति मास 100 एमएल
2.	प्रसाधन साबुन/हैंडवाश	प्रति मास 100 ग्राम की दो टिकिया
3.	टूथ ब्रश	प्रति 3 मास में 1
4.	टूथ पेस्ट	प्रति मास 100 ग्रम की (टयूब)
5.	कंघा	प्रत्येक 3 मास में 1
6.	शैम्पू सैशे	मास में 8 (10 मिलिग्राम/प्रति सैशे)
7.	बालों की क्लिप/बैंड	3 मास में 2 बैंड
8.	माश्चराइचर्स अथवा कोल्डक्रीम (सर्दियों में)	मास में 250 मिलीग्राम

(5) कपडे और तौलिया, बिछाने वाली चद्दाई आदि धोने के लिए निम्नलिखित मापदंड अपनाए जाएंगे :

(i) धुलाई का साबुन : एक मास के लिए 3 साबुन (125ग्राम) अथवा समकक्ष कपड़े धोने का पाउडर;

(ii) केवल सफेद कपड़ों के लिए अपेक्षित सीमा में कपड़ों को सफेद करने अथवा विरंजित करने का पाउडर।

अस्पताल के कपड़े धुलाई के समय अन्य कपड़ों के साथ मिलाए नहीं जाने चाहिए तथा यदि आवश्यक हो, तो अधीक्षक अस्पताल के कपड़ों की धुलाई के लिए अलग से उक्त मदें जारी कर सकता है। अधीक्षक यथापेक्षित कपड़े धोने की मशीनें लगवा सकता है।

(6) बाल देख–रेख संस्थाओं को स्वास्थ्य और स्वच्छ स्थिति में बनाए रखने के लिए निम्नलिखित चीजें उपलब्ध कराई जाएगी :

क्र. सं.	मद	आपूर्त्ति का मापदंड
1.	झाड़ू	संस्था के क्षेत्र पर निर्भर रहते हुए प्रति मास 25 से 40
2.	कीटनाशक स्प्रे	संस्था के चिकित्सा की सलाह पर
3.	खटमल मारने की कारगर दवा	यथापेक्षित
4.	फिनाइल और साफ–सफाई का एसिड	संस्था के चिकित्सक की सलाहनुसार (दैनिक) साफ किए जाने वाले प्रक्षालन पात्र के क्षेत्र पर निर्भर
5.	मच्छर विकर्षक मशीन	पर्याप्त पटिट्का वाला प्रति मास प्रतिदर्श 2

31. **स्वच्छता और साफ–सफाई**।– (1) प्रत्येक बाल देख–रेख संस्था में निम्नलिखित सुविधाएं होगी, नामतः

(i) रसोई घर, शयनागार, मनोरंजन कक्षों आदि जैसे आसानी से पहुंचने वाले परिसरों में अनेक स्थलों पर पर्याप्त उपचारित पेयजल, जल शोधक लगाए जाएँगे;

(ii) नहाने और कपड़े धोने, परिसर के रखरखाव और साफ–सफाई के लिए गर्म पानी सहित पर्याप्त पानी की व्यवस्था;

(iii) नियमित रखरखाव सहित समुचित जल निकास प्रणाली;

(iv) कचरे के निस्तारण की व्यवस्था;

(v) मच्छरदानी अथवा विकर्षक उपलब्ध करारकर मच्छरों से संरक्षण;

(vi) वार्षिक कीट नियंत्रण;

(vii) सात बालकों के लिए कम से कम एक शौचालय के अनुपात मे पर्याप्त रोशनी और हवादार शौचालयों की पर्याप्त संख्या, जिसमें कुछ निःशक्त बच्चों के उपयोग के लिए अनुकूल हों;

(viii) दस बालकों के लिए कम से कम एक स्नानागार के अनुपात मे पर्याप्त रोशनी और हवादार स्नानागार की पर्याप्त संख्या;

(ix) कपड़ों की धुलाई और उनके सूखने के लिए पर्याप्त स्थान;

(x) धुलाई की मशीन जहाँ संभव हो;

(xi) साफ और मक्खियों के प्रवेश रहित रसोई और बर्तनों को धोने के लिए पृथक स्थान;

(xii) प्रत्येक मास में दो बार बिस्तरों तथा नियमित आधार पर कपडों को सुखाना;

(xiii) चिकित्सा केंद्र में साफ–सफाई का रखरखाव;

(xiv) घर के सभी फर्शों को प्रतिदिन झाड़ना व पोंछना;

(xv) प्रतिदिन शौचालयों और स्नानघरों को दो बार साफ करना अथवा धोना;

(xvi) सब्जियों और फलों की उचित धुलाई तथा भोजन बनाने का स्वच्छ तरीका;

(xvii) प्रत्येक भोजन बनाने के उपरांत रसोई स्लैब, फर्श तथा गैस की सफाई;

(xviii) प्रत्येक खाद्य वस्तु और अन्य आपूर्तियों की देख–रेख के लिए साफ और कीटरहित भंडार;

(xix) वर्ष में कम से कम दो बार बिस्तरों को संक्रमण रहित करना;

(xx) सांसर्गिक अथवा संक्रामक रोग के मामले में प्रत्येक रोगी की छुट्टी मिलने के उपरांत रोगी कक्ष अथवा पृथक कक्ष का धूम्रीकरण;

(xxi) चिकित्सा केंद्र में साफ–सफाई।

32. **दिनचर्या।**– (1) प्रत्येक संस्थान में बाल समिति के परामर्श के किशोरों या बालकों के लिए दिनचर्या विकसित होगी, जिसे संस्थान में विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शित किया जाएगा।

(2) दिनचर्या में अन्य बातों के साथ–साथ नियमित और अनुशासित जिंदगी, व्यक्तिगत साफ–सफाई, शारीरिक व्यायाम, योग, शैक्षणिक कक्षाएं, व्यावसायिक प्रशिक्षण, सुव्यवस्थित मनोरंजन और खेल, नैतिक शिक्षा, सामूहिक क्रियाकलाप, प्रार्थना और सामुदायिक गायन और रविवारों और छुट्टियों, त्योहारों, जन्मदिवसों के लिए विशेष कार्यक्रम होंगे।

33. **पोषण और आहार मानक।**–(1) संस्था, निम्नलिखित पोषण और आहार मानकों का अनुसरण करेगा, अर्थात :

(i) बालकों को नाश्ते सहित दिन में चार बार भोजन दिया जाएगा।

(ii) संतुलित आहार तथा न्यूनतम पोषण मानकों के अनुसार स्वाद में भिन्नता सुनिश्चित करने के लिए पोषण विशेषज्ञ या चिकित्सक की सहायता से व्यंजन सूची तैयार की जाएगी।

(iii) प्रत्येक संस्था नीचे यथा–विनिर्दिष्ट निर्धारित न्यूनतम पोषण मानकों और आहार मानकों का कड़ाई से पालन करेगी।

क्र. सं.	आहार की वस्तुओं के नाम	प्रतिदिन प्रति बालक मानक
1.	चावल / गेहूं / रागी / ज्वार	600 ग्राम, (16 से 18 वर्ष की आयु वर्ग को 700 ग्राम) जिसमें कम से कम या तो गेहूं या रागी या ज्वार या चावल हो।
2.	दाल / राजमा / चना	120 ग्राम
3.	खाद्य तेल	25 ग्राम
4.	प्याज	25 ग्राम
5.	नामक	25 ग्राम
6.	हल्दी	05 ग्राम
7.	धनिया बीज चूर्ण	05 ग्राम
8.	अदरक	05 ग्राम
9.	लहसून	05 ग्राम
10.	इमली / आमचूर्ण	05 ग्राम
11.	दूध (नाश्ते में)	150 ग्राम
12.	सूखी मिर्च	05 ग्राम
13.	पत्तेदार सब्जियां	100 ग्राम

	पत्ता रहित	130 ग्राम
14.	दही या छाछ	100 ग्राम/मिली लीटर
15.	सप्ताह में एक बार चिकन/मांस/मछली या अंडा चार दिन	115 ग्राम
16.	गुड़ और मूंगफली अथवा पनीर (केवल शाकाहारी को)	सप्ताह में एक बार प्रत्येक को 60 ग्राम (पनीर 100 ग्राम
17.	चीनी	40 ग्राम
18.	चाय/कॉफी	5 ग्राम
19.	सूजी/पोहा	150
20.	श्रागी	150 ग्राम
	50 बालकों के लिए निम्नलिखित मदें प्रतिदिन	
21.	काली मिर्च	25 ग्राम
22.	जीरा बीज	25 ग्राम
23.	काला चना दाल	50 ग्राम
24.	सरसों बीज	50 ग्राम
25.	अजवायन	50 ग्राम
	10 किलो चिकन (चिकन दिवस के लिए)	
26.	गरम मसाला	10 ग्राम
27.	कोपरा	150 ग्राम
28.	खसखस	150 ग्राम
29.	सरसो तेल/मुँगफली का तेल/रिफाइंड तेल	500 ग्राम
	बीमार बालकों हेतु	
30.	ब्रेड	500 ग्राम
31.	दूध	500 ग्राम
32.	खिचड़ी	300 ग्राम
	अन्य मदें	
33.	केवल कूकिंग हेतु एलपीजी गैस	

(2) बालकों को अवकाशों, त्योहारों, खेलकूद और सांस्कृतिक दिवस तथा राष्ट्रीय उत्सव समारोह पर विशेष भोजन कराया जाएगा।

(3) शिशुओं और बीमार बालकों को उनकी आहारीय अपेक्षा पर चिकित्सक की सलाहानुसार विशेष आहार प्रदान किया जाएगा।

(4) लौह और फॉलिक एसिड संपूरकों की आवश्यकता सहित प्रत्येक बालकी जरूरत को ध्यान में रखा जाएगा।

(5) दिन के लिए व्यंजन की सूची बाल समिति के परामर्श से तैयार की जाएगी तथा भोजन कक्ष में प्रदर्शित की जाएगी।

(6) आहार में भिन्नता मौसमी तथा क्षेत्रीय भिन्नताओं के अनुसार हो सकती है, सुझायी गई आहार किस्में नीचे दी गई हैं :

(i) तूर (अरहर), मूंग (हरा चना) ऊरद, मसूर तथा चना (काबुली चना) और मिश्रित दाल (अरहर, मूँग, मसूर, उरद) की किस्में वैकल्पिक रूप से दी जाए;

(ii) गैर–शाकाहारी दिवसों पर शाकाहारी बालकों को या तो 80 ग्राम गुड और लड्डू के आकार में प्रति व्यक्ति 60 ग्राम मूंगफली का प्रत्येक अन्य स्वीट डिश या 100 ग्राम पनीर की सब्जी दी जाएगी;

(iii) मेथी (फेनूग्रीक), पालक (स्पींच), सरसों (सरसों की पत्तियां), बथुआ, लाल साग अथवा कोई अन्य साग आदि जैसी पत्तेदार सब्जियां भी सप्ताह में एक बार दी जा सकती है। यदि किसी संस्था से कोई किचन गार्डन संबद्ध है तो पत्तेदार सब्जियां उगाई तथा दी जानी चाहिए तथा अधीक्षक को सब्जियों की विभिन्न किस्में देने की कोशिश करनी चाहिए तथा यह कोशिश करनी चाहिए कि ये सब्जियां कम से कम एक सप्ताह में दोहरायी नहीं जाए;

(iv) मौसमी फल पर्याप्त मात्राओं में गैर–दोहराव तरीके से प्रतिदिन उपलब्ध कराए जाएगे;

(v) प्रभारी व्यक्ति व्यक्तिगत मामलों में जब उसके द्वारा आवश्यक समझा जाए अथवा संस्था के चिकित्सक की सलाह पर इस शर्त्त के अध्यधीन कि निर्धारित मानक अधिक नहीं है। आहार के मानदंड में अस्थायी विकल्प बना सकता है।

(7) भोजन का समय तथा सूची :

(i) नाश्ता – 7.30 बजे (पूर्वाह्न) से 8.30 बजे पूर्वाह्न

(क) दही–चूड़ा

(ख) करी/सब्जी/दाल/सांभर/छोला

(ग) भरवा पराठा/पूरी–सब्जी

(घ) इडली/वड़ा साँभर के साथ

(ड.) उपमा, गेहूं अथवा रागी से बनी चपातियां या अन्य कोई आहार;

च) गोंगुरा या ताजा करी पत्ता या ताजा धनिया या नारियल की चटनी तथा पुतनादाल आदि, दाल या सब्जी एक डिश के रूप में दी जा सकती;

(छ) दूध;

(ज) पर्याप्त मात्रा में कोई मौसमी फल

(ii) दोपहर का भोजन 12.30 बजे से 1.30 बजे अपराह्न तथा रात्रि का भोजन–7.00 अपराह्न–8.00 अपराह्न

(क) चावल या चपातियां या दोनों का संयोजन;

(ख) सब्जी करी;

(ग) सांभर या दाल;

(घ) छाछ या दही

(8) अन्य

(i) मौसम पर निर्भर करते हुए, प्रभारी व्यक्ति को खाद्य के वितरण के समय में परिवर्तन करने का विवेकाधिकार होगा;

(ii) संस्था के चिकित्सक की सलाह पर या प्रभारी व्यक्ति के विवेकाधिकार पर, प्रत्येक रोगी बाल जिसे नियमित भोजन लेने से मना किया जाता है, उसकी बीमारी को ध्यान में रखते हुए, रोगी बालक के लिए मानदंड अनुसार चिकित्सा आहार जारी किया जा सकता है;

(iii) दूध, अंडे, चीनी तथा फलों जैसे पोषण का अतिरिक्त आहार नियमित आहार के अलावा संस्था के चिकित्सक की सलाह पर जारी किया जाएगा। वजन बढ़ाने अथवा अन्य स्वास्थ्य कारणों के लिए तथा दैनिक राशन की परिगणना के प्रयोजनार्थ बीमार बालकों दिन में दिए जाने वाले निर्धारित आहार से बाहर रखा जाएगा।

(iv) राष्ट्रीय त्योहारों तथा त्योहारों के अवसर पर समय–समय पर बाल देख–रेख संस्था के प्रभारी व्यक्ति द्वारा निर्धारित दर पर बाल देख–रेख संस्था में बालकों विशेष दोपहर का भोजन अथवा रात्रि का भोजन उपलब्ध कराया जाए, जिसके अंतर्गत:

(क) गणतंत्र दिवस (26 जनवरी);
(ख) स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त);
(ग) महात्मा गांधी जन्मदिवस (2 अक्टूबर);
(घ) बाल दिवस (14 नवम्बर)
(ड) राष्ट्रीय त्योहार;
(च) स्थानीय त्योहार;
(छ) बाल देख–रेख संस्था का वार्षिक दिवस भी है।

34. **चिकित्सा देखभाल।**– (1) सभी बाल देख–रेख संस्थाओं में, एक चिकित्सा अधिकारी बालक की नियमित चिकित्सा जाँच और उपचार हेतु जब कभी आवश्यक होगा कॉल पर उपलब्ध कराया जाएगा।

(2) सभी बाल देख–रेख संस्थाओं में नर्स या परा–चिकित्सीय 24 घंटे उपलब्ध कराया जाएगा।

(3) प्रत्येक बाल देख–रेख संस्था:

(i) प्रवेश के 24 घंटों के भीतर या विशेष मामलों में या चिकित्सा आपातकाल के दौरान, तुरंत, चिकित्सा अधिकारी द्वारा संस्था में दाखिल प्रत्येक बालक की चिकित्सा जाँच की व्यवस्था करेगी;

(ii) तबादले से पूर्व 24 घंटों के भीतर तबादले के समय चिकित्सा अधिकारी द्वारा बालक की चिकित्सा जाँच की व्यवस्था करेगी;

(iii) मासिक चिकित्सीय जाँच के आधार पर प्रत्येक बालक का स्वास्थ्य कार्ड सहित चिकित्सा अभिलेख रखेगी तथा आवश्यक चिकित्सीय सुविधाएँ प्रदान करेगी;

(iv) यह सुनिश्चित करेगी कि चिकित्सा अभिलेखा में वजन और लंबाई का अभिलेख, बीमारी और उपचार तथा अन्य शारीरिक अथवा मानसिक समस्याओं का अभिलेख शामिल हो;

(v) दाँतों की जाँच, आँखों की जाँच तथा त्वचा समस्याओं के लिए स्क्रीनिंग तथा बालकों के उपचार सहित त्रैमासिक चिकित्सा जाँच की सुविधाएँ रखेगी;

(vi) प्राथमिक उपचार किट रखने के लिए प्रत्येक संस्था तथा समस्त स्टाफ को प्राथमिक उपचार करने में प्रशिक्षित किया जाएगा;

(vii) बालकों के प्रतिरक्षण टीकाकरण के लिए आवश्यक प्रबंध करेगी;

(viii) सांसर्गिक अथवा संक्रामक रोगों के प्रकोप के मामले में निवारक उपाय करेगी;

(ix) बीमार बालकों को स्थिर चिकित्सा पर्यवेक्षक के अधीन रखेगी;

(x) बालक के माता–पिता या संरक्षक की पूर्व सहमति के बिना शल्य चिकित्सा तब तक नहीं करेगी जब तक माता–पिता को ढूंढ पाना कठिन हो तथा चिकित्सा अधिकारी की राय में किसी बालक की स्थिति ऐसी है कि उसकी शल्य चिकित्सा में विलंब होने से बालक को अनावश्यक पीड़ा, उसके स्वास्थ्य को क्षति पहुँचने की संभावना हो या संस्था के प्रभारी अधिकारी की इस आशय की लिखित सहमति प्राप्त किए बिना उसका शल्य उपचार नहीं करेगी;

(xi) संस्था प्रत्येक बालक को नियमित परामर्श प्रदान करेगी या इसका प्रबंध करेगी या ऐसी सेवाएँ, जिसके अंतर्गत संस्था के परिसर में परामर्श सत्रों के लिए पृथक कमरे भी हैं, विशिष्ट मानसिक स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रमों की सुनिश्चित करेगी;

(xii) ऐसे बालक को, जिन्हें विशेष नशीले पदार्थों का सेवन छुड़ाने तथा पुनर्वास कार्यक्रम की जरूरत है, को अर्हत्ता प्राप्त कार्मिकों द्वारा चलाए जा रहे उपयुक्त केंद्रों में भेजेगी, जहाँ इन कार्यक्रमों में संबंधित बालक की आयु, लिंग तथा अन्य विनिर्देशों को अपनाया जाएगा।

(4) पूर्ण रक्त गणना (सीबीसी), यूरीन रूटीन, एचआईबी, वीडीआरएल, हेपेटाइटस बी तथा हेपेटाइटस सी जाँचें तथा एलर्जी या नशीले पदार्थों की लत का आधारभूत अन्वेषण बालक की जाँच करने के बाद चिकित्सक के सुझाव अनुसार संस्था में प्रवेश के समय सभी बालकों के लिए आयोजित किया जाएगा।

(5) बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय के आदेशानुसार यदि अपेक्षित होगी तो गर्भावस्था या यौनिक अपराधों के पीड़ितों की बीमारियों की जाँच ऐसे मामलों में जिला बाल संरक्षण इकाई, यदि आवश्यक हुआ तो गर्भावस्था का चिकित्सीय समापन अधिनियम, 1971 में निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुपालन को सुसाध्य बनाएगी।

(6) जिला बाल संरक्षण इकाई के माध्यम से राज्य सरकार चिकित्सा अधिकारी की अनुशंसा पर आनुवांशिक समस्याओं, प्रतिरक्षण–समझौता बीमारियों, शारीरिक तथा मानसिक अक्षमताओं जैसी विशेष समस्याओं के निदान किए गए बालकों हेतु व्यवस्था करेगी। विशेष इकाई संस्थान के भीतर स्थापित विशेष इकाइयों में या विशेष देख–रेख की आवश्यकता वाले बच्चे के गृहों अथवा अस्पतालों में रखे जाएंगे तथा आवश्यक चिकित्सीय/मनोवैज्ञानिक तथा मानसिक सहायता या उपचार उपलब्ध कराया जाएगा।

(7) कौमार्यता प्राप्त कर चुकी सभी बालिकाओं में लौह की कमी का पता लगाने के लिए स्वास्थ्य मूल्यांकन किया जाएगा। यदि आवश्यक हुआ तो आहार आवश्यक आहारीय योजना तथा दवाएं, विशेषज्ञ तथा नियुक्त चिकित्सक द्वारा निर्धारित की जाएगी।

(8) प्रत्येक बालक की मानसिक–सामाजिक रूपरेखा का बाल देख–रेख संस्था द्वारा रखरखाव किया जाएगा तथा इसे प्रत्येक मास अद्यतन किया जाएगा। जब आवश्यक होगा विशेष प्रेक्षणों

का अभिलेख रखा जाएगा। संस्था का प्रभारी व्यक्ति सुनिश्चित करेगा कि की गई अनुशंसाओं का विधिवत अनुपालन हो।

35. **मानसिक स्वास्थ्य।**– (1) किसी संस्था में माहौल शोषण से मुक्त रखा जाना चाहिए ताकि बाल अपनी परिस्थितियों का सामना कर सकें तथा वे फिर से आत्मविश्वास प्राप्त कर सके।

(2) किसी संस्था में बालकों की देख–रेख में लगे सभी व्यक्ति वातावरण को अनुकूल बनाने में भाग लेंगे तथा चिकित्सकों के साथ सहयोग करेंगे।

(3) दोनों प्रकार के परिवेश आधारित अंतःक्षेप, जो बालकों के लिए समर्थ परिवेश और व्यक्तिगत चिकित्सा उपलब्ध करा रहे हैं प्रत्येक बालक के लिए जरूरी है तथा इसे सभी संस्थाओं को उपलब्ध कराया जाएगा।

स्पष्टीकरणः– इस उपनियम के प्रयोजन के लिए परिवेश आधारित अंतःक्षेप पुनः निरोग होने की एक प्रक्रिया है जो किसी संस्था में संस्कृति और परिवेश को समर्थ बनाने के लिए प्रारंभ होती है जिससे यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि प्रत्येक बालक की योग्यताओं का पता लगाया जाता है और उनके पास चुनाव करने और अपनी जिंदगी के संबंध में निर्णय लेने का अधिकार है और इस प्रकार, वे विश्वास करते हैं तथा अपने नकारात्मक अनुभवों के परे अपना विकास और पहचान स्थापित करते हैं और ऐसे अंतःक्षेप का बालक पर महत्वपूर्ण भावनात्मक प्रभाव होता है।

(4) व्यक्तिगत चिकित्सा एक विशेषीकृत प्रक्रिया है तथा प्रत्येक संस्था इसके लिए महत्वपूर्ण मानसिक स्वास्थ्य अंतःक्षेप की व्यवस्था करेगी।

(5) प्रत्येक संस्था बालक के मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण तथा बालक के लिए विशेषीकृत और नियमित व्यक्तिगत चिकित्सा के लिए प्रशिक्षित परामर्शदाताओं की सेवाएँ उपलब्ध होनी चाहिए, जो बाल मार्गदर्शन केंद्रों, मनोविज्ञान और मनः चिकित्सा विभागों जैसे बाह्य अभिकरणों अथवा इस तरह के सरकारी और गैर–सरकारी अभिकरणों से भी प्राप्त की जा सकती है।

(6) प्रत्येक मामले की फाइल में मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों की अनुसंशाओं को रखा जाएगा तथा इसे प्रत्येक बालक के लिए देख–रेख योजना में सम्मिलित किया जाएगा।

(7) किसी भी बालक के प्रशिक्षित मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन तथा रोग निदान किए बिना मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के लिए दवा नहीं दी जाएगी।

(8) केवल प्रशिक्षित चिकित्सा कर्मचारिवृंद द्वारा बालकों को दवाएं दी जाएगी तथा न कि गृह के अन्य किसी स्टाफ द्वारा।

36. **शिक्षा।**– (1) प्रत्येक संस्था सभी बालकों को उनकी आयु या सामर्थ्य के अनुसार बालकों के लिए उचित सुरक्षा नियोजन और सेवा आवश्यकतानुसार, संस्था के भीतर या बाहर शिक्षा प्रदान करेगी।

(2) शैक्षणिक अवसर, जिनमें विद्यालय, ब्रिज विद्यालय, मुक्त विद्यालय, अनौपचारिक शिक्षा, विशेष शिक्षण केन्द्र तथा जहाँ आवश्यकता हो, विशेष शिक्षाविदों से शिक्षा शामिल है, उपलब्ध कराए जाएंगे।

(3) जहाँ कहीं आवश्यक हो, संस्थाओं के विद्यालय जाने वाले बालकों को अतिरिक्त प्रशिक्षण सेवा प्रदान की जाएगी। यह सेवा स्वयं सेवकों को प्रोत्साहित करके अथवा प्रशिक्षण केंद्रों से संपर्क करके प्रदान की जाएगी।

(4) विशेषीकृत प्रशिक्षकों और विशेषज्ञों को शारीरिक अथवा मानसिक विशेष जरूरतों वाले बालकों की शैक्षणिक जरूरतों की पूर्ति करने हेतु नियुक्त किया जाएगा। व्यक्तिगत देख–रेख योजना में सीखने की विकृति की पहचान की जाएगी।

(5) शिक्षा कार्यक्रम और बालकों की उपस्थिति की विनियामकता सुनिश्चित की जाएगी।

(6) बालकों को छात्रवृत्ति, अनुदान और स्कीमें तथा प्रायोजकता प्राप्त करने में समर्थ होना चाहिए।

37. **व्यावसायिक प्रशिक्षण।**– (1) प्रत्येक बाल देख–रेख संस्था बालकों को बाल देखरेख संस्था के भीतर अथवा बाहर उनकी आयु, प्रकृति, अभिरूचि और योग्यता के अनुसार लाभदायक व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करेगी।

(2) व्यावसायिक प्रशिक्षण में व्यावसायिक चिकित्सा, कौशल और अभिरूचि आधारित प्रशिक्षण शामिल होगा, जिसका उद्देश्य पाठयक्रम के समापन पर उपयुक्त प्लेसमेंट करना है। व्यावसायिक प्रशक्षिण प्रदान करने वाले वरीय रूप में सरकारी मान्यता प्राप्त संस्था पाठयक्रम के समापन पर एक प्रमाणपत्र देंगे।

(3) जहाँ व्यावसायिक प्रशिक्षण वाली देख–रेख संस्था के परिसर से बाहर देने की पेशकश की जाती है, वहां बालकों, विशेषकर उन बालकों को, जो जोखिम में है, उचित सुरक्षा आयोजना और सेवाओं के साथ ऐसे कार्यक्रमों हेतु मार्गरक्षण किया जाएगा।

(4) कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बालकों का अभिलेख रखा जाएगा तथा प्रत्येक बाल द्वारा की गई प्रगति की समीक्षा की जाएगी। इस संबंध में रिपोर्ट, तिमाही तथा मासिक आधार पर प्रस्तुत की जाएगी।

38. **मनोरंजन सुविधाएँ।**– (1) मनोरंजन सुविधाओं में इंडोर खेल और आउटडोर खेल, योग तथा ध्यान लगाना, संगीत, टेलीविजन, पिकनिक और बाहर ले जाना, सांस्कृतिक कार्यक्रम, बागबानी और पुस्तकालय आदि शामिल किए जाएं।

(2) आउटडोर खेल–कूदों और खेलों के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराया जाएगा।

(3) पिकनिक और बाहर घूमने जाने में शिक्षा मेला अथवा विज्ञान मेल, संग्रहालय, तारामंडल, वनस्पति बगीचा, जीवजन्तु बगीचा आदि शामिल किए जाएं।

(4) त्योहारों पर अथवा राष्ट्रीय उत्सवों पर प्रतिभा दिखाने के लिए प्रत्येक तिमाही में एक बार सांस्कृतिक कार्यक्रम या खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

(5) पुस्तकालय में बाल अनुकूल वातावरण रखा जाएगा। क्षेत्रीय भाषा में पुस्तकें, अखबार, बालकों की पत्रिकाएं, पहेली पुस्तकें, तस्वीर पुस्तकें, ब्रेल लिपि में पुस्तकें, ऑडियो और वीडियो उपकरण आदि होंगे।

(6) बालकों को एक माली या अन्य व्यक्ति द्वारा दी जा रही तकनीकी जानकारी के साथ बागबानी के लिए गृह में स्थान उपलब्ध कराया जाएगा।

(7) प्रत्येक बालक को स्वस्थ करने वाली प्रक्रिया में वृद्धि करने के लिए मनोरंजन कार्यकलापों की सूची में संगीत, नृत्य और कला चिकित्सा को सम्मिलित किया जा सकता है।

(8) कार्यकलापों की नियमितता को, यदि आवश्यक हो तो संस्थाओं और गैर–सरकारी संगठनों की सहायता से बनाए रखा जाएगा तथा यथास्थिति, बोर्ड अथवा समिति अथवा बाल न्यायालय को तिमाही एवं/या मासिक आधार पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।

39. **प्रबंधन समिति।**– (1) प्रत्येक बाल देख–रेख संस्था में संस्था के प्रबंधन के लिए तथा प्रत्येक बालक की प्रगति के मॉनीटरी करने के लिए एक प्रबंधन समिति होगी।

(2) व्यक्तिगत देख–रेख योजनाओं के अनुसार उचित देख–रेख और उपचार सुनिश्चित करने के संबंध में, बालकों का, उनकी आयु, अपराध की प्रकृति अथवा अपेक्षित देख–रेख की प्रकार, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य तथा देख–रेख में रहने की अवधि के आधार पर समूह बनाया जाएगा।

(3) प्रबंधन समिति में निम्नानुसार शामिल होंगे:–

(i)	सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई	– अध्यक्ष;
(ii)	भार साधक व्यक्ति	– सदस्य सचिव;
(iii)	परिवीक्षा अधिकारी अथवा बाल कल्याण अधिकारी अथवा मामला कार्यकर्ता	–सदस्य;
(iv)	चिकित्सा अधिकारी	–सदस्य;
(v)	मनोचिकित्सक अथवा परामर्शदाता	–सदस्य;
(vi)	कार्यशाला पर्यवेक्षक अथवा व्यावसायिक अनुदेशक	–सदस्य;
(vii)	अध्यापक	–सदस्य;
(viii)	बोर्ड अथवा समिति के सामाजिक कार्यकर्ता सदस्य	–सदस्य;
(ix)	प्रत्येक बाल समिति में दो बाल प्रतिनिधि	–सदस्य;
(x)	अध्यक्ष की सहमति से कोई अन्य विशेष आमंत्रित व्यक्ति।	

(4) प्रबंधन समिति की, निम्नलिखित पर विचार–विमर्श करने तथा समीक्षा के लिए प्रत्येक मास में कम से कम एक बार बैठक होगी:

(i) संस्था में देखभाल, आवास, कार्यकलाप के क्षेत्र तथा पर्यवेक्षण के प्रकार अर्थात् अपेक्षित अंतःक्षेप;

(ii) चिकित्सा सुविधाओं और उपचार;

(iii) भोजन, पानी, स्वच्छता और साफ–सफाई की स्थितियां;

(iv) मानसिक स्वास्थ्य अंतःक्षेप;

(v) बालकों की अलग–अलग समस्याओं तथा संस्थागत समायोजन;

(vi) व्यक्तिगत देख–रेख योजनाओं की तिमाही समीक्षा;

(vii) विधायी सहायता सेवाओं का प्रावधान;

(viii) रोजगार के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण और अवसर;

(ix) शिक्षा और जीवन कौशल विकास कार्यक्रम;

(x) सामाजिक समायोजन, मनोरंजन, समूह कार्य कार्यकलापों, मार्गदर्शन और परामर्श देना;

(xi) बालकों की जरूरतों के लिए आवासीय कार्यक्रमों की प्रगति, समायोजन और रूपांतरण;

(xii) पश्च देख–रेख सेवाओं के सहयोग से दो वर्षों की अवधि में, निर्मुक्ति पश्चात् अथवा पुनर्स्थापन के पश्चात् पुनर्वास कार्यक्रम की योजना तथा यथास्थिति अनुवर्ती कार्रवाई;

(xiii) निर्मुक्ति पूर्व अथवा पुनर्स्थापन पूर्व तैयारी;

(xiv) निर्मुक्ति अथवा पुनर्स्थापन

(xv) निर्मुक्ति पश्चात् अथवा पुनर्स्थापन के पश्चात् अनुवर्ती कार्रवाई;

(xvi) उपलब्ध अवसंरचना और सेवाओं सहित देख–रेख के न्यूनतम मानक;

(xvii) दैनिक दिनचर्या;

(xviii) शिक्षा, व्यावसायिक क्रियाकलापों, मनोरंजन और अभिरूचि जैसी बालक के आवासीय जीवन में सामुदायिक भागीदारी तथा स्वैच्छिक प्रतिभागिता;

(xix) इस अधिनियम और नियमों के अधीन विधिवत हस्ताक्षरित या मोहरयुक्त यथापेक्षित सभी रजिस्टरों को संस्था द्वारा रखरखाव करना, तथा मासिक समीक्षा बैठकों में रजिस्टरों की जाँच करना तथा सत्यापित करना;

(xx) बालकों की समितियों से संबंधित मामले; और

(xxi) अन्य कोई विषय जिसे भारसाधक व्यक्ति उठाना चाहे।

(5) प्रबंधन समिति प्रत्येक संस्था में एक शिकायत और निवारण तंत्र की स्थापना करेगी तथा कार्यालय सेट–अप से पृथक बालकों की सुगमता से पहुँच वाले स्थान पर तथा बालकों के आवास अथवा कमरों अथवा शयन कक्ष के नजदीक प्रत्येक संस्था में बालकों के लिए सुझाव पेटिका लगाई जाएगी।

(6) बालकों की सुझाव पेटिका की चाबी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष की अभिरक्षा में रहेगी तथा बाल समितियों के सदस्यों की उपस्थिति में प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अथवा जिला बाल संरक्षण इकाई के प्रतिनिधि द्वारा प्रत्येक सप्ताह इसकी जाँच की जाएगी।

(7) यदि कोई समस्या अथवा सुझाव हो, जिस पर तुरंत ध्यान देना अपेक्षित हो, तो प्रबंधन समिति का अध्यक्ष, इस पर विचार–विमर्श करने तथा आवश्यक कार्रवाई करने के लिए प्रबंधन समिति की आपात बैठक बुला सकता है।

(8) आपातकालीन बैठकें करने का कोरम बाल समितियों के दो सदस्य, यथास्थिति, प्रबंधन समिति का अध्यक्ष, बोर्ड या समिति का सदस्य तथा बाल देख–रेख संस्था का भारसाधक व्यक्ति सहित पाँच सदस्य होंगे।

(9) संस्था के भारसाधक व्यक्ति के विरूद्ध गंभीर आरोप अथवा शिकायत के मामले में, वह आपातकालीन बैठक का हिस्सा नहीं होगा तथा प्रबंधन समिति का अन्य उपलब्ध सदस्य, उसके स्थान पर बैठक में सम्मिलित किया जाएगा।

(10) सुझाव पेटिका के माध्यम से प्राप्त सभी सुझाव तथा आपातकालीन बैठक में लिए गए निर्णयों के परिणामस्वरूप की गई कार्रवाई अथवा की जाने वाली अपेक्षित कार्रवाई प्रबंधन समिति की मासिक बैठकों में विचार–विमर्श तथा पुनर्विलोकन के लिए रखी जाएगी।

(11) प्रत्येक संस्था जहाँ प्रबंधन समिति द्वारा शिकायत तथा की गई कार्रवाई विधिवत अभिलेख की जाती है तथा ऐसी कार्रवाई और अनुवर्ती कार्रवाई प्रबंधन समिति की प्रत्येक मासिक बैठक के उपरांत बाल समितियों को सम्प्रेषित की जाएगी।

(12) बोर्ड अथवा समिति मास में कम से कम एक बार बालकों की सुझाव पेटिका की पुनर्विलोकन करेगी।

(13) शिकायत पेटिका समिति के अध्यक्ष अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति द्वारा सुलभ कराई जाएगी।

40. **बाल समिति।**– (1) बालकों के लिए प्रत्येक संस्था के प्रभारी व्यक्ति बालकों के 7 से 11, 12 से 15 वर्ष तथा 16 से 18 वर्ष के विभिन्न आयु वर्गों हेतु बाल समितियों की स्थापना को सुकर कराएंगे तथा यह बाल समितियां केवल बालकों के लिए गठित की जाएंगी।

(2) ऐसी बाल समितियां को निम्नलिखित कार्यकलापों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा:

(i) संस्था की स्थिति का सुधार;
(ii) अनुपालन की जा रही देख–रेख के मानकों की समीक्षा करना;
(iii) दैनिक दिनचर्या तथा आहार मापदंड तैयार करना;
(iv) शैक्षणिक, व्यावसायिक और मनोरंजन योजनाओं का विकास करना;
(v) प्रबंधन संकट में परस्पर सम्मान करना तथा परस्पर सहायता करना;
(vi) समकक्षों और बड़े बच्चों द्वारा छोटे बालकों का शोषण एवं डराने–धमकाने के मामले में देख–रेख कर्ताओं द्वारा शोषण की रिपोर्ट करना;
(vii) बाल पेपरों अथवा न्यूजलेटरों अथवा पेंटिंग, अथवा संगीत अथवा थियेटर के माध्यम से उनके विचारों की सृजनात्मक अभिव्यक्ति;
(viii) प्रबंधन समिति के माध्यम से संस्था का प्रबंधन।

(3) भारसाधक व्यक्ति सुनिश्चित करेगा कि प्रतिमास बाल समिति की बैठक की जाए तथा उनके कार्यकलापों और कार्यवाहियों के अभिलिखित करने के लिए एक रजिस्टर का रखरखाव करेगा और इसे मासिक बैठकों में प्रबंधन समिति के समक्ष रखा जाएगा।

(4) भारसाधक व्यक्ति सुनिश्चित करेगा कि बाल समितियों को अनिवार्य सहायता तथा सामग्रियां, जिनमें लेखन सामग्री, स्थान तथा कारगर कार्यकरण के लिए मार्गदर्शन शामिल है, उपलब्ध कराई जाती है।

(5) भारसाधक व्यक्ति जहाँ तक व्यवहार्य होगा, बाल समितियों की स्थापना करने तथा कार्यकरण हेतु बाल प्रतिभागिता विशेषज्ञों अथवा स्थानीय स्वैच्छिक संगठनों से सहायता माँग सकता है।

(6) स्थानीय स्वैच्छिक संगठन अथवा बाल प्रतिभागिता विशेषज्ञ निम्नलिखित में बाल समितियों की सहायता मांगेंगे:

(i) चुनावों को आयोजित करने के लिए आयोजित किए जाने की प्रक्रिया की युक्ति निकालने में तथा उनके नेताओं को चुनना;

(ii) चुनावों और मासिक बैठकों का आयोजन करना;

(iii) बाल समितियों के कार्यकरण हेतु नियम बनाना तथा इनका पालन करना;

(iv) अभिलेखों और बाल सुझाव पुस्तिका तथा अन्य प्रासंगिक दस्तावेज का रखरखाव करना; और

(v) कोई अन्य अभिनव कार्यकलाप।

(7) प्रबंधन समिति बाल समितियों की स्थापना तथा कार्यकरण पर भारसाधक व्यक्ति से रिपोर्ट मांगेगा, अपनी मासिक बैठकों में इन रिपोर्टों की समीक्षा करेगी तथा आवश्यक कार्रवाई करेगा अथवा इन्हें बोर्ड या समिति के समक्ष रखेगा, जहाँ कहीं आवश्यक हो।

41. **निरीक्षण.**– (1) राज्य सरकार, राज्य और जिला स्तर पर निरीक्षण समिति का गठन करेगी।

(2) राज्य निरीक्षण समिति में अधिकतम राज्य सरकार से सात सदस्य जिनमें कम से कम एक महिला होगी अर्थात्: बोर्ड या समिति, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, राज्य मानवाधिकार आयोग, राज्य दत्तग्रहण संसाधन अभिकरण, चिकित्सा और अन्य विशेषज्ञ, स्वैच्छिक संगठन के प्रतिनिधि तथा प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ता सम्मिलित होंगें। सदस्य सचिव, राज्य बाल संरक्षण समिति में राज्य निरीक्षण समिति का अध्यक्ष होगा।

(3) राज्य निरीक्षण समिति राज्य में बाल आवासन के संबंध में अधिनियम की धारा 2 की उपधारा (21) के अधीन यथापरिभाषित बाल देख–रेख संस्थाओं का प्ररूप 46 में निरीक्षण करेगी।

(4) राज्य निरीक्षण समिति यह तय करने के लिए कि संस्था देख–रेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालकों के हाउसिंग के लिए है, संस्था में रहने वाले बालकों का यादृच्छिक निरीक्षण करेगी।

(5) राज्य निरीक्षण समिति अधिनियम के कार्यान्वयन के लिए विभाग के सचिव को रिपोर्ट भेजेगी।

(6) राज्य निरीक्षण समिति, अधिनियम के उपबंधों तथा इसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुसार संस्थाओं के सुधार और विकास के लिए अनुशंसाएं करेगी तथा इसे उपयुक्त कार्रवाई के लिए राज्य बाल संरक्षण समिति अथवा जिला बाल संरक्षण इकाई को भेजेगी।

(7) राज्य निरीक्षण समिति अपने बालकों को कल्याण सुनिश्चित करने तथा उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए उनसे बातचीत करेगा।

(8) जिला निरीक्षण समिति निम्नलिखित आठ सदस्यों से मिलकर बनेगी, जिसमें कम से कम एक महिला होगी:

(i) जिला पदाधिकारी —अध्यक्ष
(ii) सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई —सदस्य सचिव
(iii) बोर्ड या समिति के सदस्य —सदस्य
(iv) मुख्य चिकित्सा अधिकारी —सदस्य
(v) जिला कार्यक्रम अधिकारी (शिक्षा विभाग) —सदस्य
(vi) विशेष किशोर पुलिस इकाई का एक प्रतिनिधि —सदस्य
(vii) अध्यक्ष द्वारा नामित बाल अधिकार, देखभाल, संरक्षण एवं कल्याण में कार्यरत नागरिक समाज का एक सदस्य —सदस्य
(viii) अध्यक्ष द्वारा नामित एक मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ जिसे बालकों के साथ कार्य करने का अनुभव हो। —सदस्य

(9) जिला निरीक्षण समिति प्ररूप 46 में सभी बाल देख–रेख संस्थाओं का निरीक्षण करेगी।

(10) जिले में आवास सुविधाओं का निरीक्षण प्रत्येक तीन मास में कम से कम एक बार किया जाएगा।

(11) जिला निरीक्षण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई तथा राज्य सरकार को निष्कर्षों की रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी तथा अधिनियम के उपबंधों तथा इसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुसार बाल देख–रेख संस्थाओं में सुधार और विकास हेतु सुझाव भी देगी।

(12) जिला निरीक्षण समिति संस्था में अपने दौरे में बालकों का कल्याण सुनिश्चित करने तथा प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए उनसे बातचीत करेगी।

(13) जिला बाल संरक्षण इकाई, जिला निरीक्षण समिति के प्रतिवेदन पर आवश्यक अनुसरण कर कार्रवाई करेगी तथा की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन जिला पदाधिकारी तथा राज्य सरकार को भेजेगी।

(14) राज्य एवं जिला निरीक्षण समिति के सदस्य बाल देख–रेख संस्थाओं के लिए राज्य बाल संरक्षण समिति द्वारा बनाये बाल संरक्षण नीति का दृढ़तापूर्वक पालन करेंगे।

(15) इस समिति में नागरिक समाज के प्रतिनिधि का कार्यकाल अधिकतम तीन वर्षों के लिए होगा।

42. **मूल्यांकन एवं अनुश्रवण।**– (1) प्रतिष्ठित अकादमिक संस्थाओं, विश्वविद्यालयों के सामाजिक कार्य के स्कूल, प्रबंधन संस्थाओं, विशेष रूप से इस प्रयोजनार्थ गठित बहु–अनुशासनात्मक समिति आदि जैसी संस्थाओं तथा अभिकरणों के माध्यम से तीन वर्ष में एक बार केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार द्वारा इस अधिनियम के अधीन बोर्ड, समिति, विशेष किशोर पुलिस इकाईयों, रजिस्ट्रीकृत संस्थाओं, अथवा मान्यता प्राप्त उपयुक्त सुविधाओं तथा व्यक्तियों के कार्यकरण का मूल्यांकन किया जाएगा।

(2) राज्य सरकार राज्य स्तर पर एक राज्य स्तरीय अनुश्रवण समिति का गठन करेगी जो कि अधिनियमों या नियमों के अंतर्गत संचालित संस्थाओं/अभिकरणों के कार्य प्रगति का मूल्यांकन करेगी। समिति निम्नलिखित सदस्यों से गठित की जाएगी।

(i)	मुख्य सचिव	–अध्यक्ष
(ii)	प्रधान सचिव/सचिव, समाज कल्याण	–सदस्य सचिव
(iii)	अध्यक्ष, चयन समिति	– सदस्य
(iv)	प्रधान सचिव/सचिव– (गृह, स्वास्थ्य, शिक्षा, विधि, श्रम, अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण, पि0वर्ग एवं अ0पि0वर्ग कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, पंचायती राज, ग्रामीण विकास, शहरी विकास, वित्त एवं भवन निर्माण विभाग)	–सदस्य
(v)	प्रधान सचिव/सचिव– समाज कल्याण विभाग द्वारा नामित किये गए बाल विकास संरक्षण, कल्याण के क्षेत्र में कार्यरत स्वैच्छिक संस्थाओं से दो सदस्य नामित किये गये हों।	–सदस्य
(vi)	राज्य विधि सेवा प्राधिकरण के प्रतिनिधि	–सदस्य

(3) राज्य स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक वर्ष में एक बार आयोजित की जाएगी जो निम्नलिखित कार्यों को करेगी।

(i) अधिनियम तथा इन नियमों के अंतर्गत स्थापित सेवा प्रदाता तंत्र जिसके अंतर्गत निषेधात्मक उपाय तथा संरचनाएँ भी शामिल हैं, उनके कार्यों की समीक्षा करना;

(ii) अंतर विभागीय एवं अंतर जिला समन्वय को दृढ़ता प्रदान करना; और

(iii) बालकों के संरक्षण हेतु नीति, नियोजन एवं संबंधित योजनाओं के कार्यान्वयन से संबंधित कोई भी विषय जिसे आवश्यक समझा जाय।

(4) उक्त उप–नियम (1) के अनुसार मूल्यांकन के निष्कर्ष विभिन्न संरचनाओं के कामकाज को सुदृढ करने तथा सुधार करने के संबंध में केन्द्रीय तथा राज्य सरकारों के बीच साझा किए जाएंगे।

अध्याय–7
दत्तकग्रहण

43. **दत्तकग्रहण संबंधित रिपोर्ट करना।**– (1) बाल कल्याण समिति, दत्तक विनियमनों में उपलब्ध प्ररूपों में ऑनलाइन प्राधिकरण के निर्णय हेतु लंबित मामलों तथा दत्तक ग्रहण के लिए विधिक रूप से मुक्त घोषित बालकों से संबंधित आँकड़े भेजेगी तथा जिला बाल संरक्षण इकाइयों की सहायता से राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण को भी ये आँकड़े उपलब्ध कराएगी।

44. **बालक जो दत्तक ग्रहण के लिए विधिक रूप से मुक्त घोषित किए जाने के बाद दत्तक ग्रहण नहीं किए गए हैं, पोषण देख–रेख के लिए पात्र होंगे।**– (1) बालकों के निम्नलिखित प्रवर्गों का निम्नलिखित परिस्थितियों में पोषण देख–रेख के लिए विचार किया जाएगा:

643

(i) दत्तक ग्रहण हेतु समिति द्वारा विधिक रूप से मुक्त किए जा रहे 0–6 वर्ष के आयु वर्ग के बालकों तथा उन बालकों जिन्हें दत्तक ग्रहण हेतु विधिक रूप से मुक्त घोषित किया गया है, को जहाँ तक संभव होगा, पोषण देख–रेख के लिए रखने पर विचार नहीं किया जाएगा। ऐसे बालकों को दत्तक ग्रहण विनियमनों के अनुसार दत्तक ग्रहण के माध्यम से एक स्थायी परिवार उपलब्ध कराया जाएगा।

(ii) यदि 6 से 8 वर्ष की आयु वर्ग के दत्तक ग्रहण योग्य बालकों को दो वर्षों की अवधि में देश के भीतर या देश के बाहर दत्तक ग्रहण के लिए कोई परिवार नहीं मिलता है तो इसके बाद उन्हें बाल कल्याण समिति द्वारा दत्तक ग्रहण हेतु विधिक रूप से मुक्त घोषित किया जाता है, ऐसे बालक जिला बाल संरक्षण इकाई अथवा विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान की अनुशंसा पर समिति द्वारा यथास्थिति परिवार पोषण देख–रेख अथवा समूह पोषण देख–रेख, जैसा भी मामला हो, में रखे जाने के पात्र होंगे।

(iii) जिला बाल संरक्षण इकाई अथवा विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान की अनुशंसा पर समिति द्वारा 8 से 18 वर्षों की आयु वर्ग के बालकों को, जो विधिक रूप से दत्तक ग्रहण के लिए मुक्त हैं, एक वर्ष की अवधि में जिनका किसी संबंधित दत्तकग्राही माता–पिता द्वारा चयन न किया गया हो, यथास्थिति परिवार पोषण देख–रेख अथवा समूह पोषण देख–रेख में रखे जाने के पात्र होंगे।

(iv) आयु को न देखते हुए विशेष आवश्यकताओं वाले बालक जिनको एक वर्ष के भीतर देश के भीतर अथवा विदेश में दत्तक ग्रहण के लिए कोई परिवार नहीं मिलता है, बाद में उन्हें बाल कल्याण समिति द्वारा दत्तक ग्रहण हेतु विधिक रूप से मुक्त किया जाता है, ऐसे बालक जिला बाल संरक्षण इकाई अथवा विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान की अनुशंसा पर समिति द्वारा परिवार पोषण देख–रेख अथवा समूह पोषण देख–रेख में रखे के पात्र होंगे, बशर्ते परिवार पोषण देख–रेख की गृह अध्ययन रिपोर्ट उनकी उपयुक्तता में सहायता करे तथा ऐसे बालकों की देख–रेख की सुविधाएँ हों।

(v) जहाँ बालक समिति के आदेश के द्वारा, जैसा कि नियम 44 के उप–नियम (1) के खण्ड (i) (iii) और (iv) में वर्णित परिस्थितियों के आधार पर, दत्तक ग्रहण पूर्व पोषण देख–रेख के स्थान पर न्यूनतम पाँच वर्षों तक किसी परिवार पोषण देख–रेख में रहा हो, पोषण देख–रेख करने वाला परिवार दत्तक ग्रहण के लिए आवेदन कर सकता है तथा उस बालक को दत्तक ग्रहण हेतु विधिक रूप से मुक्त घोषित होने के बाद तथा बाल दत्तक ग्रहण संसाधन सूचना और मार्गदर्शन प्रणाली में रजिस्ट्रीकरण होने के बाद दत्तक ग्रहण विनियम में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार बालक को दत्तक ग्रहण करने में वरीयता दी जाएगी।

(2) राज्य सरकार अधिनियम एवं इन नियमों के अनुरूप बालकों के पोषण देख–रेख कार्यक्रम के कार्यान्वयन हेतु स्वयं दिशा–निर्देश तैयार कर सकती है या इस संबंध में केन्द्र सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देश को ग्रहण कर सकती है।

45. **न्यायालय के समक्ष प्रक्रिया।**– (1) संबंधित न्यायालय से दत्तक ग्रहण आदेश प्राप्त करने की प्रक्रिया दत्तक ग्रहण विनियमन में उपलब्ध कराई जाएगी।

(2) न्यायालय दत्तक ग्रहण आदेश के लिए आवेदन के प्रयोजनार्थ सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का 5) तथा साक्ष्य अधिनियम, 1872 में निर्धारित प्रक्रिया के लिए बाध्य नहीं होगी। किशोर न्याय (बालकों की देख–रेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 तथा दत्तक ग्रहण विनियमन में यथा निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया जाएगा।

46. **आवेदनों के निपटारे की अवधि।**– (1) न्यायालय अधिनियम की धारा 61 की उप–धारा (2) में यथा प्रदत्त, आवेदन को भरने की तारीख से दो मास की अवधि में दत्तक ग्रहण आदेश देने हेतु आवेदन का निपटारा करेगा तथा जहाँ ऐसे मामलों में सामान्यतः क्षेत्राधिकार रखने वाले संबंधित न्यायालय का न्यायाधीश एक मास से अधिक अवधि तक उपलब्ध न हो, जब तक वहाँ ये आवेदन अन्य ज्येष्ठतम न्यायाधीश द्वारा निर्धारित समय–सीमा में निपटाए जाएँगे।

(2) बालक की पहचान को अनावृत्त करते हुए दत्तक ग्रहण संबंधी कोई सूचना अन्यथा न्यायालय आदेश को दत्तक ग्रहण विनियमन में नियत को छोड़कर निजी किसी पोर्टल पर अपलोड नहीं की जाएगी।

47. **दत्तक बालक के संरक्षण के विशेष उपबंध।**– दत्तक बालक के साथ किए गए किसी अपराध के मामले से अन्य बालकों पर लागू विधि के अनुसार निपटा जाएगा।

48. **विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान से बाल देख–रेख संस्थाओं का संपर्क।**– दत्तक ग्रहण के प्रयोजनार्थ विशेषीकृत दत्तक ग्रहण संस्थान के साथ बाल देख–रेख संस्थाओं का संपर्क इस अधिनियम की धारा 66 के उपबंधों/प्रावधानों तथा दत्तक ग्रहण विनियमन द्वारा शासित किया जाएगा।

49. **प्राधिकरण के अतिरिक्त कृत्य।**– केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचित किशोर न्याय (बालकों की देख–रेख एवं संरक्षण) आदर्श नियमावली के नियम 49 तथा दत्तकग्रहण को अभिशासित करने वाले मार्गदर्शी सिद्धांत में जैसा विहित हो।

50. **प्राधिकरण की संचालन समिति के सदस्यों की नियुक्ति की निबंधन और शर्तें।**– केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचित किशोर न्याय (बालकों की देख–रेख एवं संरक्षण) आदर्श नियमावली के नियम 50 तथा दत्तकग्रहण को अभिशासित करने वाले मार्गदर्शी सिद्धांत में जैसा विहित हो।

51. **प्राधिकरण की संचालन समितिके कार्य का लेन देन।**– केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचित किशोर न्याय (बालकों की देख–रेख एवं संरक्षण) आदर्श नियमावली के नियम 51 तथा दत्तकग्रहण को अभिशासित करने वाले मार्गदर्शी सिद्धांत में जैसा विहित हो।

52. **प्राधिकरण की वार्षिक रिपोर्ट।**– केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचित किशोर न्याय (बालकों की देख–रेख एवं संरक्षण) आदर्श नियमावली के नियम 52 तथा दत्तकग्रहण को अभिशासित करने वाले मार्गदर्शी सिद्धांत में जैसा विहित हो।

641

53. **प्राधिकरण का लेखा–जोखा तथा लेखापरीक्षा।**– केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचित किशोर न्याय (बालकों की देख–रेख एवं संरक्षण) आदर्श नियमावली के नियम 53 तथा दत्तकग्रहण को अभिशासित करने वाले मार्गदर्शी सिद्धांत में जैसा विहित हो।

अध्याय–8
बालकों के विरूद्ध अपराध

54. **बालकों के विरूद्ध अपराधों के मामले में प्रक्रिया।**– (1) किसी बालक के विरूद्ध अपराध की शिकायत बालक, परिवार, संरक्षक, बालक के मित्र अथवा अध्यापक, चाइल्डलाईन सेवा अथवा बाल कल्याण पुलिस अधिकारी या कोई पुलिस अधिकारी या किसी अन्य व्यक्ति या संस्था या संबंधित संगठन द्वारा की जा सकती है।

(2) किसी बालक के विरूद्ध संज्ञेय अपराध के संबंध में सूचना की प्राप्ति पर पुलिस तुरंत प्राथमिक सूचना रिपोर्ट (प्रा0सू0रि0) दर्ज करेगी।

(3) किसी बालक के विरूद्ध गैर–संज्ञेय अपराध की सूचना की प्राप्ति पर पुलिस को दैनिक बही में प्रविष्टि करेगी जिसे तुरंत संबंधित मजिस्ट्रेट को भेजा जाएगा जो आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 155 की उप–धारा (2) के अधीन सीधी उचित कार्रवाई करेगा।

(4) बालक के विरूद्ध अपराधों के सभी मामलों में, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी द्वारा जाँच की जाएगी।

(5) जहाँ इस अधिनियम के अधीन कोई अपराध जो बाल देख–रेख संस्था जिसके अंतर्गत विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान भी शामिल हैं के द्वारा नियोजित कर्मी अथवा प्रबंधन से संबंधित किसी व्यक्ति द्वारा कारित होता है तो यथास्थिति समिति अथवा बोर्ड, बाल देख–रेख संस्था अथवा विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान में पूर्व से रखे गए बालकों को किसी अन्य बाल देख–रेख संस्था या विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान में रखने तथा ऐसी संस्था अथवा संस्थान की मान्यता को हटाने तथा रजिस्ट्रीकरण को निरस्त करने की अनुशंसा करने के लिए उपयुक्त आदेश कर सकता है, यदि बाल देख–रेख संस्था या विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान का प्रबंधन यथास्थिति समिति या बोर्ड या न्यायालय या राज्य सरकार के आदेश का पालन या किसी जाँच में सहयोग नहीं करती है।

(6) जहाँ इस अधिनियम तथा नियमों के अधीन किसी अपराध के लिए प्र0सू0रि0 विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान सहित किसी बाल देख–रेख संस्था में कार्यरत व्यक्ति के विरूद्ध दर्ज की जाती है तो ऐसे किसी व्यक्ति को आपराधिक मामले के लंबित रहने के दौरान बालकों सहित प्रत्यक्ष रूप से काम से निकाला जाएगा और अपराध सिद्ध होने की दशा में सेवा से बर्खास्त कर दिया जाएगा।

(7) जहाँ किसी व्यक्ति को इस अधिनियम और नियमों के अधीन सेवा से पदच्युत किया हो अथवा दोषी पाया गया हो उसे नियुक्ति से अयोग्य ठहराया जाएगा।

(8) किसी भी मामले में किसी बालक को पुलिस हवालात अथवा जेल में बंद नहीं किया जाएगा।

(9) बालक और उसके परिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधीन पारा–विधिक स्वयंसेवक सुलभ कराए जाएँगे।

(10) भोजन, कपड़े, आपातकालीन चिकित्सा सेवा, परामर्श, मनोचिकित्सक सहायता की जरूरतों के संबंध में बालक की तात्कालिक आवश्यकताओं का मूल्यांकन परिवीक्षा अधिकारी या बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्ता या सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा किया जाएगा तथा इन्हें पुलिस स्टेशन में बालक को तुरंत उपलब्ध कराया जाएगा।

(11) जब कोई बालक यौनिक शोषण के अध्यधीन हो, बालक को नजदीक के यथास्थिति जिला अस्पताल अथवा वन–स्टॉप क्राइसिस सेंटर, यदि स्थानीय रूप में उपलब्ध हों, भेजा जा सकता है तथा बालकों का लैंगिक अपराधों के विरूद्ध संरक्षण अधिनियम 2012 के अधीन निर्गत नियमों एवं दिशा–निर्देश के अनुरूप बालकों को यथानिर्देशित सभी प्रकार के सहयोग एवं सहायता जिसके अंतर्गत मनोवैज्ञानिक और विधिक सहायता भी हैं, दी जाएगी।

(12) बालकों की प्रतीक्षा के लिए तथा अपना बयान और साक्षात्कार देने वाले बालकों के लिए पृथक स्थल की सुविधा सहित प्रत्येक न्यायालय परिसर में विशेष बाल कक्ष; पृथक प्रवेश, जहाँ संभव हो; जहाँ कहीं संभव हो बालकों से बातचीत के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग; पुस्तकों, खेलों आदि जैसे बालकों के मनोरंजन का प्रावधान किया जाए। पीड़ित बालकों की सुनवाई अथवा साक्ष्य के अलावा बयान और साक्षात्कार बालकक्ष में बाल अनुकूल प्रक्रिया के माध्यम से अभिलिखित किए जाएंगे।

(13) निम्नलिखित शर्तों को सुनिश्चित करते हुए पीड़ित व्यक्ति/साक्षी बालक का कथन अथवा साक्षात्कार लिया जाएगा:

(i) मजिस्ट्रेट बालक के कक्ष अथवा यदि संभव हो, गृह अथवा संस्था जहाँ वह रह रहा है बालक के आवास स्थल में आपराधिक प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 164 के अधीन बालक का कथन अभिलिखित करेगा।

(ii) बालक द्वार दिए गए अनुसार कथन अक्षरशः अभिलिखित किया जाएगा।

(iii) आपराधिक प्रक्रिया संहित, 1973 की धारा 164 की उप–धारा (1) के उपबंधों के अनुसार, ऑडियो–विडियो साधनों द्वारा भी कथन अभिलिखित किया जा सकता है।

(iv) माता–पिता अथवा संरक्षक या सामाजिक कार्यकर्ता अथवा परामर्शदाता या कोई अन्य व्यक्ति जिस पर बालक विश्वास करता हो बालक के साथ होंगे।

(14) विधिक सेवा प्राधिकरण सुनवाई पूर्व परामर्श देने बालक के कथन को अभिलिखित करने हेतु एक सहायक व्यक्ति अथवा पारा–विधिक स्वयंसेवक उपलब्ध करा सकता है तथा बालक के कथन को अभिलिखित करने के लिए बालक का साथ देने हेतु अग्रिम रूप में न्यायालय तथा न्यायालय परिवेश से बालक को परिचित कराएगा, तथा जहाँ बालक को न्यायालय आने के अनुभव से व्याकुल हुआ पाया जाता है तो सहायक व्यक्ति अथवा पारा–विधिक स्वयंसेवक अथवा विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बालक की ओर से दिए गए आवेदन पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के लिए आदेश न्यायालय द्वारा पारित किया जा सकता है।

(15) यदि पीड़ित बालक अथवा साक्षी जिले अथवा राज्य अथवा देश से संबंधित नहीं है, बालक का कथन अथवा साक्षात्कार अथवा अभिसाक्ष्य वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी अभिलेख किया जा सकता है।

(16) जहाँ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग संभव नहीं है, सभी आवश्यक आवास, बालक के लिए यात्रा व्यय तथा बालक का साथ देने के लिए संरक्षक या सहायक व्यक्ति को राज्य सरकार द्वारा यथार्थ के अनुसार प्रदान किया जाएगा।

(17) बालसाक्षी गवाहों के साक्ष्य अभिलिखित करने के लिए प्रत्येक न्यायालय परिसर में बालसाक्षियों के लिए पृथक कमरे अभिहित किए जाएँगे।

(18) जहाँ तक संभव होगा, बालक से संबंधित सुनवाई के दौरान, बाल अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित मानदंडों का अनुपालन किया जाएगा।

(i) माता–पिता अथवा सरक्षक (कों) हर समय (क्योंकि बालक के सर्वोत्तम हित में है) बालक के साथ रहेंगे। यदि उक्त व्यक्ति हितों की अनदेखी करता है, तो बालक की पसंद पर अन्य व्यक्ति अथवा उपयुक्त व्यक्ति अथवा अभिज्ञात उपयुक्त संस्था का प्रतिनिधि अथवा समिति अथवा न्यायालय द्वारा नियुक्त मनोचिकित्सक न्यायालय के अनुमोदन से हर समय बालक के साथ रहेगा।

(ii) जहाँ कहीं आवश्यक होगा बालक को मनोचिकित्सकीय परामर्श को उपलब्ध कराया जाएगा।

(iii) ऐसी स्थिति में जहाँ माता–पिता अथवा संरक्षक अपराध में लिप्त हैं अथवा जहाँ बालक ऐसे किसी स्थान पर रह रहा हो जहाँ बालक को और अधिक आघात लगने का जोखिम हो, तो इसे न्यायालय के ध्यान में लाया जाता है अथवा स्वयं अपने प्रस्ताव पर न्यायालय बालक को ऐसी अभिरक्षा अथवा देख–रेख से बाहर लाए जाने अथवा ऐसी स्थिति से निकालने के लिए निर्देश देगा तथा बालक को तुरंत समिति के सामने प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

(iv) बालक के साथ अपराधों के संबंध में पीड़ित की आयु के निर्धारण हेतु, अधिनियम के अधीन, इस अधिनियम की धारा 94 के अधीन बोर्ड तथा समिति हेतु अधिदेशित इन प्रक्रियाओं का पालन किया जाएगा।

(v) उपयोग की गई भाषाओं से बालक को परिचित कराया जाएगा तथा यदि आवश्यक हो अनुवादक तथा विशेष शिक्षा देने वाले उपलब्ध कराए जाएँगे।

(vi) बालक का बयान अभिलेख करने से पूर्व, न्यायलय सुनिश्चित करें कि बाल स्वैच्छिक बयान देने में समर्थ है।

(vii) एकमात्र, बालक की आयु के आधार पर सुनवाई में साक्ष्य के रूप में बालक के किसी बयान की उपेक्षा न की जाए।

(viii) बालक के साक्षात्कार में अनुमेय इमेज अथवा बयान बालक के मानसिक अथवा शारीरिक हित के प्रति नुकसानदायक नहीं होने चाहिए।

(ix) सक्षात्कार में अनुमेय प्रश्न, साक्षात्कार का समय बालक को भारस्वरूप न लगे तथा बालक का ध्यान आकर्षित करने के लिए उपयुक्त हो।

(x) छोटे बालकों अथवा अन्यत्र अक्षम बालक के मामले में, बातचीत के वैकल्पिक तौर तरीके तथा साक्ष्य संग्रहण जिसमें डाँट–डपट करना कम हो, अंगीकार किए जाने चाहिए।

(xi) न्यायालय यह सुनिश्चित करे कि सुनवाई के दौरान किसी भी स्तर पर बालक दोषी के सम्मुख न आए।

(xii) गंवाए गए दिनों हेतु स्कूल से विशेष अनुमति तथा उपचारात्मक कक्षाओं के लिए प्रबंध स्कूल प्राधिकारियों द्वारा सुनिश्चित किए जाएं।

(19) बालक को, जैसा कि मामला हो, का प्रतिनिधित्वः

(i) उसकी पसंद के वकील, अथवा

(ii) पब्लिक प्रोसिक्युटर, अथवा

(iii) विधायी सेवा प्राधिकरण द्वारा तय किए गए, अथवा पैनल में रखे गए वकील द्वारा।

(20) न्यायालय के समस्त कार्मिकों तथा संबंधित अन्य में बालकों की विशेष जरूरतों तथा बाल अधिकारों पर संचेतना पैदा की जाए।

(21) सुनवाई की प्रक्रिया के उपरांत।

(i) बालक अथवा संरक्षक को न्यायिक कार्यवाही के निर्णय तथा इसके प्रस्ताव की सूचना दी जानी चाहिए।

(ii) बालक अथवा संरक्षक को उनके विधायी विकल्पों के बारे में अवगत कराया जाना चाहिए।

(22) अधिनियम के अंतर्गत किसी अपराध से संबंधित दण्ड के लिए इन नियमों में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, ऐसा दण्ड जो किसी भी केन्द्र या विशेष स्थानीय कानूनों के तहत मात्रा में गुरुतर है, अधिनियम की धारा 88 के अनुरूप, अभिभावी होगा।

55. **अधिनियम की धारा 75 के अधीन अपराध के मामले में प्रक्रिया।**– (1) इस अधिनियम की धारा 75 तथा इस नियम के प्रयोजनार्थ, किसी बालक का विवाह करना बालक के साथ क्रूरता समझा जाएगा। विवाह किए जाने वाले बालक के जोखिम की सूचना की प्राप्ति पर, पुलिस अथवा इस अधिनियम के अधीन प्राधिकृत अथवा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 (2007 का 6) के अधीन कोई अधिकारी बालक को उपयुक्त निर्देशों तथा पुनर्वास उपायों के लिए समिति के सम्मुख प्रस्तुत करेगी।

(2) जहाँ किसी बालक के साथ क्रूरता का कार्य किसी बाल देख–रेख संस्था, अथवा किसी स्कूल में अथवा बालक को रखे गए किसी देख–रेख और संरक्षण के किसी स्थान पर होता है तो बालक के सर्वोत्तम हित को समझते हुए बालक तथा अथवा माता–पिता अथवा संरक्षकों से परामर्श के उपरांत बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय बालक के लिए वैकल्पिक आय अथवा यदि आवश्यक हो, तो उपयुक्त वैकल्पिक पुनर्वास उपलब्ध कराएगा।

(3) तुरंत चिकित्सा अवधान की अपेक्षा बाल अधिनियम के अधीन आने वाले बालक को इस संबंध में बोर्ड अथवा समिति द्वारा दिए गए निर्देश पर किसी अस्पताल अथवा क्लीनिक अथवा सुविधा के अधीन निःशुल्क अपेक्षित चिकित्सा देख–रेख और उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। तुरंत चिकित्सा उपलब्ध कराने में हुई विफलता जिसके कारण गंभीर चोट, अनिवर्त्य क्षति अथवा जीवन जाने की आशंका अथवा मृत्यु हुई हो बालक के प्रति जानबूझकर की गई लापरवाही समझा जाएगा तथा विस्तृत जाँच के बाद बोर्ड अथवा समिति के निर्देश पर अधिनियम की धारा 75 के अधीन क्रूरता के समतुल्य होगा।

56. **अधिनियम की धारा 77 के अधीन अपराध की दशा में प्रक्रिया।**–(1) जब कभी कोई बाल मदान्ध करने वाली शराब अथवा स्वापक नशीले पदार्थों अथवा मनःप्रभावी पदार्थों अथवा तम्बाकू उत्पादों के प्रभाव में अथवा लत में, बिक्री की प्रयोजनार्थ सहित, पाया जाता हो तो पुलिस इस बात की जाँच करेगी कि बालक किस प्रकार से ऐसे मदान्ध करने वाली शराब अथवा स्वापक नशीले पदार्थों अथवा मनः प्रभावी पदार्थों अथवा तम्बाकू उत्पादों के प्रभाव में आया अथवा लत पड़ी तथा तुरंत प्र.सू.रि. दर्ज करेगी।

(2) वह बालक जिसको स्वापक नशीले पदार्थ अथवा मनःप्रभावी पदार्थ का सेवन कराया गया अथवा इनके प्रभाव में आया पाया जाता है, उसे या तो बोर्ड या समिति, यथास्थिति, के सम्मुख

प्रस्तुत किया जाए तथा बोर्ड या समिति बालक के पुनर्वास तथा नशा मुक्ति हेतु उचित आदेश पारित करेगी।

(3) यदि कोई बालक मदान्ध करने वाली शराब अथवा तम्बाकू उत्पादों का आदि पाया जाता है, बालक को समिति के सम्मुख पेश किया जाएगा जो बालक की नशे की लत छुड़ाने और इस प्रयोजन के लिए, अभिज्ञात उपयुक्त सुविधा में बालक के स्थानांतरण सहित पुनर्वास के लिए निर्देश पारित करेगी।

(4) यदि कोई बालक मदान्ध करने वाली शराब अथवा स्वापक नशीले पदार्थ अथवा मनःप्रभावी पदार्थ अथवा तम्बाकू उत्पाद किसी बाल देख–रेख संस्था में लेते हुए पाया जाता है तो बालक को तुरंत बोर्ड या समिति के सम्मुख पेश किया जाएगा। केवल उन मामलों को छोड़कर जहाँ बालक बोर्ड या समिति के सम्मुख पेश किए जाने की स्थिति में न हो तथा तुरंत चिकित्सा की जानी अपेक्षित हो।

(5) बोर्ड स्वयं या समिति से प्राप्त शिकायत पर तुरंत प्र.सू.रि. दर्ज करने के लिए पुलिस को निर्देश जारी करेगां

(6) बोर्ड अथवा समिति उन परिस्थितियाँ, जिनमें ऐसे उत्पाद बाल देख–रेख संस्था में प्रविष्ट हुए तथा बालक तक पहुँच के बारे में जाँच के उपयुक्त निर्देश भी जारी करेगी तथा चूक करने वाले पदाधिकरियों तथा बाल देख–रेख संस्थान के खिलाफ उचित कार्रवाई की अनुशंसा करेगी। ऐसी जाँच दिशा–निर्देश जारी होने के 15 दिवस के भीतर पूरी की जाएगी जैसा कि निर्देशित किया गया हो।

(7) यथास्थिति, बोर्ड अथवा समिति बालक को किसी दूसरी बाल देख–रेख संस्था में स्थानांनतरण, जैसा भी ममला हो, के लिए भी निर्देश जारी करेगी।

(8) मदान्ध करने वाली शराब, तम्बाकू उत्पाद बेचने वाली दुकानों को अपनी दुकान पर प्रमुख स्थान पर एक संदेश प्रदर्शित करना चाहिए कि किसी बालक को मदान्ध करने वाली शराब या तम्बाकू उत्पाद देना और बेचना एक दंडनीय अपराध है जिसमें 7 वर्ष तक का सक्षम करावास तथा एक लाख रूपए तक का जुर्माना हो सकेगा, से दंडनीय होगा।

(9) सभी तम्बाकू उत्पाद और मदान्ध करने वाली शराब पर अवश्य ही संदेश प्रदर्शित होना चाहिए कि किसी बालक को मदान्ध करने वाली शराब अथवा तम्बाकू उत्पाद देना और बेचना एक दंडनीय अपराध है जिसमें 7 वर्ष तक कठोर कारावास और जुर्माना जो एक लाख रूपए तक हो सकेगा, से दंडनीय होगा।

(10) इस अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत अथवा मान्यता प्राप्त किसी बाल देख–रेख संस्था के अथवा किसी समिति अथवा बोर्ड के कार्यालय के 200 मीटर के भीतर मदान्ध करने वाली शराब, स्वापक, नशे के पदार्थ अथवा मनःप्रभावी पदार्थ अथाव तम्बाकू उत्पादों को देना अथवा बेचना इस अधिनियम की धारा 77 के अधीन अपराध समझा जाएगा।

57. **अधिनियम की धारा 78 के अधीन अपराध के मामले में प्रक्रिया।**– (1) जब कभी कोई बालमदान्ध करने वाली शराब, स्वापक नशीली दवाएं या मनःप्रभावी पदार्थ बेचता, ले जाता, आपूर्ति करता या तस्करी करता पाया जाता है तो पुलिस इस बात की जाँच करेगी कि बालक

पर कैसे और किसके संग मदान्ध करने वाली, शराब स्वापक नशीली दवाओं अथवा मनःप्रभावी पदार्थों की लत पड़ी तथा तुरंत प्र.सू.रि. दर्ज करेगी

(2) कोई बालक जो अधिनियम की धारा 78 के अधीन अपराध करने का अभिकथित है, उसे बोर्ड के सम्मुख पेश किया जाएगा, यदि बाल देख–रेख और संरक्षण की जरूरतमंद है तो उसे बोर्ड, समिति के पास भेजेगा।

58. **अधिनियम की धारा 80 के अधीन अपराध के मामले में प्रक्रिया।**– (1) जहाँ कोई अनाथ, परित्यक्त या छोड़ा गया बालक इस अधिनियम में यथा प्रदत्त प्रक्रियाओं और नियमों का अनुपालन किए बिना दत्तकग्रहण के प्रयोजनार्थ पेश अथवा दिया अथवा लिया जाता है तो पुलिस स्व–प्रेरणा से अथवा इस संबंध में सूचना की प्राप्ति पर तुरंत प्र.सू.रि. दर्ज करेगी।

(2) वह बालक जिसे दत्तकग्रहण के प्रयोजनार्थ दिया अथवा लिया गया है, को तुरंत समिति के सम्मुख प्रस्तुत किया जाएगा जो ऐसे बालकों को किसी विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान में रखने सहित बालक को पुनर्वास हेतु उचित निर्देश पारित करेगी।

(3) जहाँ कहीं किसी मान्यता प्राप्त विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान अथवा ऐसे किसी अभिकरण से संबद्ध किसी व्यक्ति द्वारा अधिनियम की धारा 80 के अधीन कोई अपराध किया जाता है, तो समिति किसी अन्य बाल देख–रेख संस्था अथवा विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान में रखे गए बालकों को विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान में रखने हेतु भी उचित आदेश पारित कर सकती है।

59. **अधिनियम की धारा 81 के अधीन अपराध के मामले में प्रक्रिया।**– (1) किसी बालक को बेचने अथवा खरीदने के बारे में सूचना प्राप्त होने पर पुलिस अविलंब प्र.सू.रि. दर्ज करेगी।

(2) प्राधिकरण द्वारा तैयार दत्तकग्रहण विनियमों के अधीन यथा अनुमति प्रात को छोडकर दत्तकग्रहण के विचार से किसी संबंधित दत्तकग्राही माता–पिता (ओं) अथवा बालक के माता–पिता अथवा संरक्षक अथवा विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान द्वारा दत्तकग्रहण शुल्क अथवा सेवा प्रभार अथवा बाल देख–रेख संपत्ति के विषय में कोई भुगतान अथवा परितोषिक देना या देने पर सहमत होना, प्राप्त करना अथवा प्राप्त करने पर सहमत होना इस अधिनियम की धारा 81 तथा इस नियम के अधीन अपराध समझा जाएगा।

(3) बेचने अथवा खरीदने के अध्यधीन कोई बालक अविलंब समिति के सम्मुख प्रस्तुत किया जाएगा, जो उस बालक के पुनर्वास के लिए उचित आदेश पारित करेगी।

(4) जहाँ किसी माता–पिता अथवा बालक के संरक्षक अथवा वास्तविक प्रभार रखने वाले व्यक्ति अथवा बालक के अभिरक्षक द्वारा इस अधिनियम की धारा 81 के अधीन कोई अपराध किया जाता है। समिति यथास्थिति, किसी बाल देख–रेख संस्था अथवा उपयुक्त संस्था अथवा किसी उपयुक्त व्यक्ति के साथ, बालक को रखने के लिए उपयुक्त आदेश पारित करेगा।

(5) जहाँ विशेषीकृत दत्तकग्रहण अभिकरण अथवा किसी अस्पताल अथवा नर्सिंग होम अथवा मातृत्व गृह अथवा ऐसी किसी संस्था अथवा अभिकरण से संबद्ध व्यक्ति द्वारा अधिनियम की धारा 81 के अधीन कोई अपराध किया जाता है, तो समिति ऐसी बाल देख–रेख संस्था अथवा विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान अथवा अस्पताल अथवा नर्सिंग होम अथवा मातृत्व गृह में रखे गए अन्य बालकों यथास्थिति किसी अन्य बाल देख–रेख संस्था अथवा विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान

अथवा अस्पताल नर्सिंग होम अथवा मातृत्व गृह, में रखने के उचित आदेश पारित कर सकती है।

(6) समिति, राज्य सरकार से अनुशंसा करेगी कि लागू समय के लिए किसी विधि के अधीन ऐसे अभिकरण या संस्था का या मान्यता या ऐसे किसी अस्पताल या नर्सिंग होम या मातृत्व गृह या ऐसे संबद्ध व्यक्ति का रजिस्ट्रीकरण या लाईसेंस भी वापस लिया जाएगा।

60. **इस अधिनियम की धारा 82 के अधीन अपराध के मामले में प्रक्रिया।**– (1) इस अधिनियम की धारा 82 के अधीन बालक को शारीरिक दंड देने की शिकायत, बालक, द्वारा अथवा उसकी ओर से किसी अन्य द्वारा दी जा सकती है।

(2) प्रत्येक बालक देख–रेख संस्था शारीरिक दंड की शिकायतें प्राप्त करने के लिए अपने भवन में एक प्रमुख स्थल पर शिकायत पेटिका रखेगी।

(3) शिकायत पेटिका मास में एक बार जिला बाल संरक्षण इकाई के प्रतिनिधि की उपस्थिति मे खोली जाएगी।

(4) ऐसी सभी शिकायते बाल देख–रेख संस्था के नजदीक प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष तुरंत प्रस्तुत की जाएंगी तथा तत्संबंधी प्रतियां बोर्ड या समिति को भेजी जाएगी।

(5) न्यायिक मजिस्ट्रेट संबंधित बाल कल्याण पुलिस अधिकारी द्वारा मामले को जाँच के लिए देगा तथा कोई शिकायत प्राप्त होने पर उचित उपाय करेगा।

(6) बोर्ड या समिति, बालक जिसने शिकायत की है अथवा जो शारीरिक दंड के अध्यधीन रहा है, के सर्वोत्तम हित में, उसे अन्य बाल देख–रेख संस्था में स्थानांतरित करने पर विचार कर सकती है।

(7) जहाँ प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट यह पाता है कि संस्था का प्रबंधन इस अधिनियम की धारा 82 की उपधारा (3) के अधीन जाँच में सहयोग अथवा न्यायलय के आदेशों का पालन नहीं कर रहा है, तहां प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट या तो स्वयं अपराध का संज्ञान लेगा अथवा प्र. सू.रि. के रजिस्ट्रीकरण का निर्देश देगा तथा संस्था के प्रबंधन के भारसाधक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करेगा।

(8) जहाँ बोर्ड अथवा समिति अथवा राज्य सरकार बाल देख–रेख संस्था में शारीरिक दंड की किसी घटना के संबंध में संस्था के प्रबंधन को कोई निर्देश जारी करता है, प्रबंधन इनका पालन करेगा।

(9) गैर–अनुपालन के मामले में, बोर्ड स्वयं या समिति या राज्य सरकार की शिकायत पर इस अधिनियम की धारा 82 की उपधारा (3) के अधीन प्र.सू.रि. का प्रत्यक्ष रजिस्ट्रीकरण करेगा।

(10) जहाँ अथवा इस अधिनियम की धारा 82 की उपधारा 21(2) के अधीन कोई व्यक्ति सेवा से पदच्युत अथवा बालकों के साथ सीधे कार्य करने से विवर्जित किया गया हो, बालक को शरीरिक दंड देने के अपराध का दोषी पाया जाता है तो उसे इस अधिनियम तथा नियमों के अधीन आगे कहीं नियुक्ति से निर्हित होगा।

अध्याय–9

विविध

61. **किसी बाल देख–रेख संस्था के भारसाधक व्यक्ति के कर्त्तव्य।**– (1) भारसाधक व्यक्ति की प्राथमिक जिम्मेदारी बाल देख–रेख संस्था का रख रखाव करना तथा बालकों को गुणवत्तापूर्वक देख–रेख और संरक्षण उपलब्ध कराना है।

(2) भारसाधक व्यक्ति जब कभी बालकों या कर्मचारीवृंद द्वारा उपेक्षित होगा उपलब्ध कराए जाने वाले परिसर में रहेगा तथा जहाँ परिसर में आवास की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी वहां उसे बाल देख–रेख संस्था में ऐसा आवास उपलब्ध कराया जाने तक, बाल देख–रेख संस्था के अत्यधिक सामीप्य वाले स्थान पर रहेगा।

(3) प्रभारी व्यक्ति के साधारण कर्त्तव्य और कृत्य में निम्नलिखित शामिल होंगे:

(i) अधिनियम के प्रावधानों तथा इसके अधीन कराए गए नियमों और आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करना;

(ii) बोर्ड अथवा समिति अथवा बाल न्यायालय के आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करना;

(iii) बालकों को घर जैसा माहौल देना तथा प्यार, स्नेह, देख–रेख और उनकी चिंता करना;

(iv) बालकों के विकास और कल्याण का प्रयास करना;

(v) बालकों और स्टाफ के अनुशासन और कल्याण का पर्यवेक्षण और प्रबोधन करना;

(vi) यथास्थिति, प्रशिक्षण और उपचार कार्यक्रमों अथवा सुधारात्मक कार्यकलापों, सहित सभी कार्यकलापों, कार्यालयों तथा ऑपरेशनों की योजना बनाना, कार्यान्वयन तथा समन्वय करना;

(vii) संस्था के चिकित्सा अधिकारी या वह चिकित्सक जिसके द्वारा बच्चे का इलाज किया जा रहा हो की सलाह पर सांसर्गिक अथवा संक्रामक रोगी से पीड़ित किसी बालक को पृथक रखना; जहाँ कहीं उपेक्षित हो किसी बालक को पृथक रखना;

(viii) जहाँ कहीं आवश्यक हो किसी बालक को पृथक रखना;

(ix) दैनिक दिनचर्या, कार्यकलापों का प्रेक्षण और अनुवर्ती कार्रवाई सुनिश्चित करना;

(x) गृह में स्थानीय तथा राष्ट्रीय उत्सव आयोजित करना;

(xi) बालकों के लिए दौरे या सैर अथवा पिकनिक आयोजित करना;

(xii) प्रत्येक सप्ताह यथास्थिति, बोर्ड अथवा समिति को, बाल देख–रेख संस्था में प्ररूप 40 में बालकों की सूची भेजना तथा यदि किसी बालक को बोर्ड अथवा समिति के सम्मुख प्रस्तुत करने की कोई तारीख नहीं दी जाती है तो इसे बोर्ड अथवा समिति के ध्यान में लाना;

(xiii) कार्मिकों को कर्त्तव्यों का आवंटन;

(xiv) बाल देख–रेख संस्था में देख–रेख के मानकों का रखरखाव करना;

(xv) उचित भंडारण तथा भोजन और परोसे गए भोजन का निरीक्षण करना;

(xvi) बाल देख–रेख संस्था के भवनों और परिसरों का रखरखाव करना;

(xvii) गृह में उचित साफ–सफाई बनाए रखना एवं निश्चित समय अन्तराल पर पानी के टैंकों की सफाई एवं उनका उचित प्रबंधन;

(xviii) परिसर में दुर्घटना और अग्निशामक उपाय, आपदा प्रबंधन उपलब्ध कराना तथा साथ ही प्राथमिक उपचार किट रखना एवं समय–समय पर अपडेट करना;

(xix) पानी के भंडारण, पावर बैक–अप, इन्वर्टरों, जेनरेटरों के लिए अतिरिक्त प्रबंध करना;

(xx) उपकरण की सावधानीपूर्वक हैंडलिंग सुनिश्चित करना;

(xxi) उपयुक्त सुरक्षा उपाय नियोजित एवं प्रबंधन करना;

(xxii) बाल देख–रेख संस्थाओं के दैनिक निरीक्षण और दौरों सहित आवधिक निरीक्षण आयोजित करना;

(xxiii) आकस्मिकताओं की पूर्ति करने हेतु शीघ्र कार्रवाई करना;

(xxiv) सभी अनुशासनिक मामलों की शीघ्र, दृढ़ और पर्याप्त हैंडलिंग सुनिश्चित करना;

(xxv) मामलों फाइलों का उचित तथा समय से रखरखाव सुनिश्चित करना;

(xxvi) इस अधिनियम और इन नियमों के अधीन एवं समय–समय पर राज्य सरकार द्वारा जारी किए गए दिशानिर्देश के अपेक्षित सभी अभिलेखों और रजिस्टरों का रखरखाव करना;

(xxvii) बजट तैयार करना तथा वित्तीय मामलों पर नियंत्रण रखना;

(xxviii) इस नियमों के नियम 39 के अधीन स्थापित प्रबंधन समिति की बैठकें आयोजित करना तथा आवश्यक सहायता प्रदान करना;

(xxix) इस नियमों के नियम 39 के अधीन स्थापित प्रबंधन समिति द्वारा सभी अभिलेखों तथा रजिस्टरों का मासिक सत्यापन सुनिश्चित करना;

(xxx) क्षेत्रीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का उपभोग बाल देख–रेख संस्थाओं के द्वारा संचालित सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार हेतु नेटवर्किंग एवं संयोजन करना;

(xxxi) जब कभी आवश्यक हो राज्य बाल संरक्षण समिति तथा जिला बाल संरक्षण समिति के साथ संपर्क बनाना, समन्वय तथा सहयोग करना;

(xxxii) यह सुनिश्चित करने के लिए कि प्रत्येक बालक को विधिक रूप से प्रस्तुत किया जाता है तथा निःशुल्क विधिक सहायता और अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाती है, जिला बाल संरक्षण इकाई अथवा जिला अथवा राज्य विधायी सेवा प्राधिकरण में विधिक–सह–परिवीक्षा अधिकारी के साथ समन्वय;

(xxxiii) बोर्ड अथवा समिति अथवा बाल न्यायालय के समक्ष ऐसी उपस्थिति की तारीख को बालक की प्रस्तुति को सुनिश्चित करना तथा सुनिश्चित करना कि उक्त प्रयोनार्थ तारीखें अभिलिखित की जाती है।

(4) भारसाधक व्यक्ति जितना संभव होगा बाल देख–रेख संस्था विशेष आवश्यकता वाले बालकों के लिए विशेष इकाई सहित का निरीक्षण करेगा परंतु किसी भी दिन दो बार से अन्यून नहीं। वह अपने निरीक्षण के समय का अभिलेख रखेगा तथा साथ ही इस प्रयोजनार्थ विशेषकर निम्नलिखित के संबंध में रखी गई एक पृथक पुस्तिका में अपनी टिप्पणियों भी दर्ज करेगा:

(i) साफ–सफाई तथा स्वच्छता का रखरखाव तथा बालकों की व्यक्तिगत साफ–सफाई एवं शौचालयों की साफ–सफाई, रखरखाव का प्रबंधन

(ii) आदेश का अनुरक्षण;

(iii) भोजन की गुणवत्ता तथा मात्रा;

(iv) खाद्य वस्तुओं तथा अन्य प्रदायों की साफ–सफाई का अनुरक्षण;

(v) चिकित्सा केंद्र में साफ–सफाई का चिकित्सा देखभाल के प्रावधान;

(vi) बालकों तथा कर्मचारिवृंद का व्यवहार;

(vii) सुरक्षा प्रबंधन; और

(viii) फाइलों, रजिस्टरों तथा पुस्तकों का रखरखाव;

(ix) जहाँ पर बालकों के माता–पिता एवं विधिक अभिभावक उपलब्ध नहीं है ऐसी स्थिति में उनके औपचारिक विद्यालय या खुला विद्यालय अथवा अन्य व्यावसायिक प्रशिक्षण में पंजीकरण/प्रवेश हेतु अभिभावक के रूप में कार्य करेगी।

(5) भारसाधक व्यक्ति की जानकारी में आने वाली किसी अनियमितता की जाँच की जाएगी और समाधान किया जाएगा तथा की गई कार्रवाई की तारीख, समय और प्रकृति पुस्तिका में दर्ज की जाएगी।

621

(6) जहाँ तात्कालिक प्रकृति की कोई समस्या का दो दिवसों में कोई समाधान नहीं किया गया हो, तो बोर्ड अथवा समिति अथवा जिला बाल संरक्षण इकाई को सूचित किया जाएगा।

(7) यदि भारसाधक व्यक्ति अवकाश पर है अथवा उपलब्ध न हो, भारसाधक व्यक्ति का कर्त्तव्य भारसाधक व्यक्ति द्वारा यथा अभिहित बाल कल्याण अधिकारी द्वारा निष्पादित किया जाएगा।

62. **बाल कल्याण अधिकारी अथवा मामला कार्यकर्त्ता के कर्त्तव्य।**– (1) प्रत्येक बाल कल्याण अधिकारी अथवा बाल देख–रेख संस्था में मामला कार्यकर्त्ता बोर्ड अथवा समिति अथवा बाल न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों का कार्यान्वयन करेगा।

(2) बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्त्ता बालक के पुनर्वास और सामाजिक पुनर्समेकन तथा आवश्यक अनुवर्ती कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु स्वैच्छिक कार्यकर्त्ताओं, संगठनों तथा राज्य सरकार के आदेश से स्थानीय स्तर पर गठित बाल संरक्षण समिति के साथ संपर्क स्थापित करेगा।

(3) बाल कल्याण अधिकारी या किसी बालक को लेने के लिए बाल देख–रेख संस्था में उपलब्ध मामला कार्यकर्त्ता उसे मित्र बनाने और उसकी सुगमता को दृष्टिगत रखते हुए लिए गए बालक के साथ बातचीत करेगा तथा बालक प्राप्त करने की प्रक्रिया का पर्यवेक्षण करेगा।

(4) पुलिस अथवा बाल कल्याण पुलिस अधिकारी से सूचना की प्राप्ति पर अथवा बाल देख–रेख संस्था में बालक के पहुँचने पर बाल कल्याण अधिकारी अथवा मामला कार्यकर्त्ता बालक के व्यक्तिगत साक्षात्कारों के माध्यम से तुरंत बालकों की सामाजिक जाँच करना और उसके परिवार, सदस्यों, सामाजिक अभिकरणें तथा अन्य स्त्रोतों से पूर्ववर्ती तथा बालक का परिवार इतिहास की जाँच करता है तथा जो भी प्रासंगिक सामग्री हो, ऐसी अन्य सामग्री को एकत्र करता है तथा 15 दिनों के भीतर बोर्ड (प्ररूप 6) या समिति (प्ररूप 22) या बाल न्यायालय को सामाजिक जाँच रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

(5) बाल देख–रेख संस्था में सभी बालक बाल कल्याण अधिकारी अथवा मामला कार्यकर्त्ता मामला को सौंपे जाएँगे तथा ऐसा बाल कल्याण अधिकारी अथवा मामला कार्यकर्त्ता बालक की देख–रेख और विकास अर्थात् सभी पहलुओं, बालक के बारे में बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय को रिपोर्ट करने अथवा बाल देख–रेख संस्था में बाल अभिलेखों का रखरखाव करने में उसको सौंपे गए बालक के लिए जिम्मेदार होगा।

(6) बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्त्ता को बालक को सौंपे जाने पर, बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्त्ता निम्नलिखित कार्य करेगा:

(i) बालक की मामला फाइल तैयार करना;

(ii) बालक का इतिवृत्त तैयार करना;

(iii) संरक्षणात्मक अभिरक्षा कार्ड का रखरखाव करना;

(iv) बालक का चिकित्सा अभिलेख तैयार करना और उसका रखरखाव करना और सुनिश्चित करना कि बालक का उपचार बाधित अथवा उपेक्षित न हो;

(v) बालक की सुरक्षा, कल्याण और विकास सुनिश्चित करने, बाल देख–रेख संस्था में जीवन के साथ समंजन के लिए बालक की सहायता करने के लिए बालक से प्रत्येक दिन मिलना। नए लिए गए बालक के साथ दिन में एक बार से अधिक बार मुलाकात की जाएगी;

(vi) बालक की शिक्षा, व्यावसायिक स्थिति और कौशल और भावनात्मक स्थिति का पता लगाने के लिए शुरूआत के पाँच दिनों में बालक के बारे में सूचना एकत्रित करना;

(vii) जरूरी चिकित्सा और मानसिक जाँच कराना, बालक का मूल्यांकन और परीक्षा कराना;

(viii) रिपोर्टों का अध्ययन करना और बालक और उसके परिवार के सदस्यों के परामर्श से लंबित जाँच की अवधि के दौरान बालक की केस फाइल में लगाने के लिए प्ररूप 7 में व्यक्तिगत देख–रेख योजना तैयार करना। बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्त्ता, जैसा भी वह इस संबंध में उचित समझे, परामर्शदाता, मनोवैज्ञानिक या चिकित्सक से परामर्श कर सकता है एवं तद्नुसार केस फाइल अध्ययन करेगा।

(ix) व्यक्तिगत देखरेख योजना के अनुसार, बालक के लिए एक दिनचर्या तैयार की जाए और बालक को इसकी जानकारी दी जाए;

(x) यह सुनिश्चित करना कि बालकों के लिए तैयार की गई दिनचर्या की गतिविधियों का अनुपालन करे और इस संबंध में जैसा मामला हो हाउस फादर, हाउस मदर अथवा अन्य कोई देख–रेख कर्ता से समय पर रिपोर्ट लेना;

(xi) व्यक्तिगत देख–रेख योजना के कार्यान्वयन और कारगरता की आवधिक समीक्षा करना और यदि आवश्यक हो, प्रबंधन समिति के अनुमोदन से प्ररूप 7 में व्यक्तिगत देख–रेख योजना और/या दिनचर्या में उचित आशोधन करना;

(xii) बालक की समस्याओं को हल करना और गृह में जीवन में उनकी कठिनाइयों का सहानुभूतिपूर्वक निपटान करना;

(xiii) बालक से संबंधित अभिविन्यास, निगरानी, शिक्षा, व्यवसायिक एवं पुनर्वास कार्यक्रमों में भागीदारी करना और उन्हें सौंपे गए बालकों के संबंध में विद्यालयों में अभिभावक शिक्षक बैठकों में उपस्थिति रहना;

(xiv) बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय की कार्यवाही में उपस्थिति रहना और सभी सूचनाएँ उपलब्ध कराना और सभी रिपोर्टें जिनकी माँग की गई हो, दाखिल करना;

(xv) आयु की घोषणा का आदेश प्राप्त होने पर, बालक की आयु के संबंध में अभिलेख में, यदि कोई परिवर्तन अपेक्षित हो, आवश्यक परिवर्तन करना और बालक की मामला फाइल में उक्त आदेश की प्रति लगाना;

(xvi) रिहाई–पूर्व कार्यक्रम में भागीदारी करना और बालक से संपर्क स्थापित करने में सहायता करना जो रिहाई के बाद बालक को भावनात्मक और सामाजिक समर्थन प्रदान कर सकता;

(xvii) बालकों की रिहाई के बाद उनसे संपर्क बनाए रखना तथा रिहाई के प्रथम छः माह में प्रत्येक माह कम से कम एक बार अनुवर्ती कार्रवाई करना, उन्हें सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करना एवं अनुवर्ती कार्रवाइयों से संबंधित प्रतिवेदनों को बालकों के मामला फाइल में रखना;

(xviii) उनके पर्यवेक्षण के अधीन बालक के आवास का और ऐसे बालक के नियोजन के स्थान या विद्यालयों जिसमें वह पढ़ाई कर रहा हो, का भी नियमित दौरा करना और पाक्षिक या अन्यथा जैसा भी निदेश दिया गया हो, रिपोर्टें प्रस्तुत करना;

(xix) बालक को जहाँ कहीं भी संभव हो, यथास्थिति, बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय से, जैसा भी, बाल देख–रेख संस्था तक बालक के साथ जाना;

(xx) बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय के समक्ष बालक को पेश करने या चिकित्सा उपचार की अगली तारीख का अभिलेख रखना और यह सुनिश्चित करना कि उक्त तारीख को बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय के समक्ष या चिकित्सा उपचार के लिए बालक को पेश किया जाए;

(xxi) समय–समय पर यथा विनिर्दिष्ट रजिस्टरों का रखरखाव करना;

(xxii) बाल देख–रेख संस्था के प्रभारी अधिकारी द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य;

(7) बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्ता जिसे बाल देख–रेख संस्था के परिसर की दैनिक सफाई को जाँचने का कार्य सौपा गया है, ऐसी जाँच दिन में दो बार करेगा, पहली सुबह की सफाई के बाद और दूसरी शाम की सफाई के बाद। बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्ता गृह–व्यवस्था रजिस्टर में इसका उल्लेख करेगा।

(8) बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्ता जिसे दैनिक खाना पकाने के कार्य को जाँचने का कार्य सौंपा गया है, प्रत्येक आहार के बारे में आहार रजिस्टर में इसका उल्लेख करेगा।

63. **गृह माता या गृह पिता के कर्तव्य।**–(1) प्रत्येक गृह पिता या गृह माता प्रभारी व्यक्ति के निर्देशों का पालन करेगा/करेगी।

(2) गृह पिता या गृह माता के साधारण कर्तव्य, कार्य और उत्तरदायित्व निम्नलिखित होगें:

(i) बाल देख–रेख संस्था में प्रत्येक बालक के साथ प्यार और स्नेह के साथ व्यवहार करना;

(ii) बालक की उचित देख–रेख करना और उसका कल्याण सुनिश्चित करना;

(iii) प्रत्येक बालक को उसकी प्राप्ति पर कपड़ों, प्रसाधन सामग्री और दैनिक उपयोग के लिए अपेक्षित ऐसी अन्य वस्तुओं जैसी सभी आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराएगा;

(iv) मानक और बालक की जरूरतों के अनुसार खाद्य आपूर्ति और सामान की पुनः पूर्ति करना;

(v) बालक के बीच अनुशासन बनाए रखना;

(vi) बड़े बालकों द्वारा छोटे बालकों का किसी भी प्रकार का शोषण की रोकथाम करना।

(vii) यह सुनिश्चित करना कि बाल व्यक्तिगत सफाई और स्वच्छता बनाए रखें;

(viii) अनुरक्षण और सफाई की देख–रेख करना और आस–पास स्वच्छता बनाए रखें;

(ix) प्रत्येक बालक की दैनिक दिनचर्या का दक्षतापूर्वक रीति से कार्यान्वयन और इसमें बालकों की सहभागिता सुनिश्चित करना;

(x) ऐसी स्थिति में जब बालकों का इलाज किसी चिकित्सक द्वारा किया जा रहा हो, यह सुनिश्चित करना कि उनके द्वारा नियत की गयी दवाइयों को वे समय पर ले रहे हैं।

(xi) यह सुनिश्चित करना यदि बालकों के व्यवहार में या किसी भी प्रकार शोषण के लक्षण शरीर पर परिलक्षित होता हो तो तुरंत डॉक्टर और परामर्शदाता को सूचित करना।

(xii) बाल देख–रेख संस्था में सुरक्षा और संरक्षा की देखभाल करना;

(xiii) बालकों का, वे जब कभी बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय के समक्ष पेश होने के अलावा अन्य किसी प्रयोजन से बाल देख–रेख संस्था से बाहर जाते हैं, मार्गरक्षण कराना;

(xiv) प्रभारी अधिकारी को रिपोर्ट करना और बाल कल्याण अधिकारी को सौंपे गए बालक के बारे में बाल कल्याण अधिकारी को सूचित करना;

(xv) उनके कर्तव्यों से संबंधित रजिस्टरों का रखरखाव करना; और

(xvi) बाल देख–रेख संस्था के प्रभारी अधिकारी द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य।

64. **परिवीक्षा अधिकारी के कर्तव्य।**–(1) अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (1) के खंड (ii) के अधीन पुलिस या बाल कल्याण अधिकारी से सूचना प्राप्त होने पर, बोर्ड या बाल न्यायालय से किसी औपचारिक आदेश की प्रतीक्षा किए बिना, परिवीक्षा अधिकारी बालक की उन परिस्थितियों की जाँच करेगा जो बोर्ड द्वारा जाँच पर प्रभाव डालती है और बोर्ड या बाल न्यायालय को प्ररूप 6 में सामाजिक अन्वेशण रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

(2) सामाजिक अन्वेषण रिपोर्ट में उत्तेजक और गंभीरता कम करने वाले कारकों सहित जोखिम का मूल्यांकन जिसमें उन परिस्थितियों को विशेष रूप से स्पष्ट किया गया हो जिनमें अवैध व्यापार करने वाले या दुरूपयोगकर्ताओं, वयस्क गिरोहों, नशीली दवाओं का सेवन करने वालों का पड़ोस में रहना, हथियारों तथा नशीली दवाओं तक पहुँच, आयु अनुचित व्यवहार और सूचना तथा सामग्री के प्रति अरक्षितता की जानकारी दी जाएगी।

(3) परिवीक्षा अधिकारी, बोर्ड द्वारा दिए गए सभी निदेशों का पालन करेगा और निम्नलिखित कर्तव्यों, कार्यों और उत्तरदायित्वों का निर्वहन करेगा:

(i) प्ररूप 6 में बालक का सामाजिक अन्वेशण करना;

(ii) बोर्ड या बाल न्यायालय की कार्यवाही में उपस्थित रहना और जब कभी अपेक्षित हो, रिपोर्ट प्रस्तुत करना;

(iii) बालकों की समस्याओं को स्पष्ट करना और संस्थागत जीवन में उनकी कठिनाइयों को हल करना;

(iv) अभिविन्यास, निगरानी, शिक्षा, व्यावसायिक और पुनर्वास कार्यक्रमों में भाग लेना;

(v) बालक और भारसाधक अधिकारी के बीच सहयोग और समझदारी स्थापित करना;

(vi) बालक की परिवार के साथ संपर्क विकसित करने में सहायता करना और परिवार के सदस्यों को भी सहायता प्रदान करना;

(vii) रिहाई–पूर्व कार्यक्रमों में भाग लेना और बालक को ऐसे संपर्क स्थापित करने में सहायता करना जो बालक को रिहाई के बाद भावनात्मक और सामाजिक समर्थन प्रदान कर सकते हैं;

(viii) सामाजिक अन्वेशण रिपोर्ट प्राप्त करने, पर्यवेक्षण और अनुवर्तन के लिए अन्य जिलों और राज्यों के परिवीक्षा अधिकारियों के साथ संपर्क स्थापित करना;

(ix) बालकों के पुनर्वास और सामाजिक पुनर्समेकन को सुकर बनाने और आवश्यक अनुवर्तन सुनिश्चित करने के लिए स्वैच्छिक कार्यकर्ताओं और संगठनों से संपर्क स्थापित करना;

(x) बालक की रिहाई के पश्चात् नियमित अनुवर्ती कार्रवाई और उनकी सहायता और मार्गदर्शन करना और समाज की मुख्य धारा में उनकी वापसी को समर्थ और सुकर बनाना;

(xi) बालकों के लिए व्यक्तिगत देख–रेख योजना और रिहाई पश्चात् योजना तैयार करना;

(xii) परिवीक्षा में रखे गए बालकों का व्यक्तिगत देख–रेख योजना के अनुसार पर्यवेक्षण करना;

(xiii) उनके पर्यवेक्षणाधीन बालक के आवास और नियोजन के स्थान या ऐसे विद्यालय का जिसमें बालक अध्ययन कर रहा है, नियमित दौरा करना और प्ररूप 10 में आवधिक रिपोर्टें प्रस्तुत करना;

(xiv) जहाँ कहीं संभव हो, बोर्ड के कार्यालय से, यथास्थिति, प्रेक्षण गृह, सुरक्षा का स्थान या उपयुक्त सुविधा तक बालक के साथ जाना;

(xv) सुरक्षा के स्थान में बालकों की प्रगति का आवधिक आधार पर मूल्यांकन करना और मनो–सामाजिक सहित रिपोर्ट तैयार करना और उसे बाल न्यायालय को अग्रेषित करना;

(xvi) निगरानी प्राधिकारी के रूप में, जहाँ कहीं बाल न्यायालय द्वारा ऐसी नियुक्ति की गई हो, कार्यों का निर्वहन करना;

(xvii) उसके दैनिक कार्यकलापों जैसे कि उसके द्वारा किए गए दौरों, उसके द्वारा तैयार की गई सामाजिक अन्वेषण रिपोर्ट, उसके द्वारा किया गया अनुवर्तन और उसके द्वारा तैयार की गई पर्यवेक्षण रिपोर्टों का अभिलेख रखने के लिए एक डायरी या रजिस्टर का रखरखाव करना;

(xviii) सामुदायिक सेवाओं के विकल्प अभिनिर्धारित करना और बालकों के पुनर्वास और सामाजिक पुनर्समेकन को सुकर बनाने के लिए स्वैच्छिक क्षेत्र एवं राज्य सरकार के आदेश से स्थानीय स्तर पर गठित बाल संरक्षण समिति के साथ संपर्क स्थापित करना; और

(xix) सौंपा गया कोई अन्य कार्य।

625

65. **पुनर्वास–सह–स्थापन अधिकारी।**–(1) सभी बाल देख–रेख संस्थाओं में सुरक्षा के स्थान सहित, पुनर्वास–सह–स्थापन अधिकारी अभिहित किया आएगा।

(2) पुनर्वास–सह–स्थापन अधिकारी के पास समाज कार्य या मानव संसाधन प्रबंधन में मास्टर डिग्री और पुनर्वास, रोजगार सृजन और संसाधन संघटन के क्षेत्र में कम से कम तीन वर्षों का अनुभव होना चाहिए।

(3) पुनर्वास–सह–स्थापन अधिकारी निम्नलिखित कार्यों का निर्वहन करेगा:

(i) उपयुक्त तंत्र के माध्यम से और बाल कल्याण अधिकारी, मामला कार्यकर्ता, परामर्शदाता और व्यावसायिक अनुदेशक के साथ परामर्श से बाल देख–रेख संस्थाओं में स्थापन किए गए बालकों के कौशल और अभिक्षमता अभिनिर्धारित करना;

(ii) ऐसे सभी अभिकरण को जो पाठ्यक्रम के अंत में कार्य स्थापन के साथ व्यावसायिक या कौशल विकास सेवाएँ प्रदान करती हैं, अभिनिर्धारित करना और उनसे संपर्क विकसित करना;

(iii) स्व–रोजगार के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम और सहायता प्रायोजित करने के लिए संसाधनों को संघटित करने के लिए व्यक्तियों, कॉर्पोरेटों, मान्यता प्राप्त संगठनों और निधियन करने वाली अन्य अभिकरणों का नेटवर्क बनाना;

(iv) बाल देख–रेख संस्थाओं में आयु, अभिक्षमता, रूचि और क्षमता के अनुसार व्यावसायिक प्रशिक्षण इकाइयों की स्थापना करने के लिए व्यक्तियों, कॉर्पोरेटों, मान्यता प्राप्त संगठनों और निधियन करने वाली अन्य अभिकरणों की सहायता करना और उनके साथ समन्वय करना;

(v) व्यावसायिक अनुदेशकों को संघटित करना जो बाल देख–रेख संस्थाओं में प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन करने के लिए सेवाएँ प्रदान करते हैं;

(vi) स्व–रोजगार के लिए उद्यमशील कौशल विकसित करना और वित्तीय और विपणन समर्थन सुकर बनाना;

(vii) अपराध की प्रकृति और बालक की निजी विशेशताओं को ध्यान में रखकर पुनर्वास योजनाएँ तैयार करना;

(viii) प्ररूप 14 में पुनर्वास कार्ड का रखरखाव करना और बालक द्वारा की गई प्रगति की नियमित आधार पर निगरानी करना और प्रबंधन समिति को ऐसी रिपोर्टें प्रस्तुत करना;

(ix) शिक्षा या व्यावसायिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पूरा होने पर प्रमाण पत्र प्राप्त करने में बालक को सुगम बनाना;

(x) प्रत्येक पात्र और प्रशिक्षित बालक का उपयोगी स्थापन सुनिश्चित करने के लिए प्रयास करना;

(xi) केंद्रीय और राज्य सरकार के अधीन उपलब्ध पुनर्वास कार्यक्रमों और सेवाओं के बारे में कार्यशालाएं आयोजित करना, और ऐसी स्कीमों और सेवाओं के बारे में जागरूकता का प्रसार करना और पहुँच सुकर बनाना;

(xii) बालक को उपयोगी और जिम्मेवार नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए व्यक्तित्व विकास, जीवन कौशल विकास, सामंजस्य कौशल, तनाव प्रबंधन और अन्य व्यावहारिक कौशलों पर कार्यशालाएं आयोजित करना;

(xiii) बालकों की नियमित निगरानी करने और यथापेक्षित कोई अन्य सहायता प्रदान करने के लिए उन अभिकरणों का नियमित दौरा करना जहाँ उनका स्थापन किया गया है; और

(xiv) बालकों के व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट संबंधी प्रगति के रिकॉर्ड का संधारण करना।

66. **कार्मिक अनुशासन।**—(1) कर्तव्य की कोई उपेक्षा, नियमों और आदेशों के उल्लंघन को गंभीरता से लिया जाएगा और भारसाधक व्यक्ति द्वारा गलती करने वाले कर्मचारी के विरूद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी या कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी।

(2) बाल देख–रेख संस्था का कोई भी कर्मचारी बाल देख–रेख संस्था के भीतर किसी अनधिकृत स्थान पर उपस्थित नहीं होगा।

(3) बाल देख–रेख संस्था का कोई भी कर्मचारी संस्था में कोई भी निषिद्ध वस्तु नहीं लाएगा।

(4) बाल देख–रेख संस्था का कोई भी कर्मचारी, भले ही उस समय वह ड्यूटी पर हो अथवा न हो, बाल देख–रेख संस्था के परिसर में शराब, बीड़ी, सिगरेट, तम्बाकू जैसा कोई व्यसनकारी पदार्थ अथवा कोई अन्य नशीले पदार्थ का सेवन नहीं करेगा अथवा किसी मादक पदार्थ के नशे में ड्यूटी के लिए रिपोर्ट नहीं करेगा।

(5) बाल देख–रेख संस्था का कोई भी कर्मचारी किसी भी बालक को कोई वस्तु नहीं बेचेगा या लाभ के लिए किराए पर नहीं देगा या ऐसे बालक या उसके माता–पिता के साथ कोई व्यवसाय नहीं करेगा।

623

(6) बाल देख–रेख संस्था को कोई भी कर्मचारी बाल देख–रेख संस्था के परिसर में अपमानजनक या अशिष्ट भाषा का प्रयोग नहीं करेगा या आयु–अनुपयुक्त विषय पर चर्चा नहीं करेगा या अश्लील सामग्री नहीं देखेगा या अश्लील साहित्य नहीं पढ़ेगा।

(7) बाल देख–रेख संस्थान हेतु राज्य सरकार द्वारा बनायी गयी बाल सुरक्षा नीति को प्रत्येक कर्मचारी पालन करेंगे।

67. **सुरक्षा उपाय।–(1)** बाल देख–रेख संस्था में रखे गए बालकों की श्रेणी, बालको के आयु वर्ग, बाल देख–रेख संस्था का प्रयोजन और बालकों और बालक से जोखिम को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक बाल देख–रेख संस्था में पर्याप्त संख्या में सुरक्षा कर्मियों को नियुक्त करेगा।

(2) सुरक्षा कर्मियों को नियुक्त करते समय, पुनर्वास महानिदेशक के माध्यम से या उनके द्वारा अनुशंषित अभिकरणों द्वारा भर्ती किए गए भूतपूर्व सैनिको को प्राथमिकता दी जाएगी।

(3) लड़कियो को रखने वाली बाल देख–रेख संस्था में, बाल देख–रेख संस्था के भीतर महिला सुरक्षा गार्ड लगाए जाएंगे और पुरूष सुरक्षा गार्डो को बाहर से सुरक्षा के लगाया जाएगा।

(4) किसी भी आपातकालीन परिस्थिति के लिए सुरक्षा कर्मियों को रिजर्व में भी रखा जाएगा।

(5) भारसाधक व्यक्ति सुनिश्चित करेगा कि हर समय पर्याप्त सुरक्षा सहित निम्नलिखित उपाय किए गए है :

(i) सुरक्षा भारसाधक और गार्ड की तैनाती से संबद्ध विभाग के परामर्श से भारसाधक व्यक्ति द्वारा अभिनिर्धारित किए जाने वाले सभी स्थानों पर अलग–अलग पालियों में पर्याप्त संख्या में गार्ड तैनात किये जाएँगे;

(ii) कोई भी बालक जो रात में चिकित्सा समस्या या किसी अन्य समस्या की शिकायत करता है, संबंधित देखेरेखकर्ता को रिपोर्ट करेगा। देख–रेख कर्ता यथा अपेक्षित ऐसे आवश्यक उपाय करेगा और आपात स्थिति में संबंधित चिकित्सा अधिकारी या प्रभारी व्यक्ति को, जैसी भी आवश्यकता हो, सूचित करेगा जो तत्काल उपयुक्त उपाय करेगा;

(iii) भारसाधक व्यक्ति द्वारा ड्यूटी रोस्टर तैयार किया जाएगा और बाल देख–रेख संस्था परिसर में कुछ महत्वपूर्ण स्थानों पर प्रदर्शित किया जाएगा;

(6) प्रत्येक देख–रेख कर्ता या गृह का अन्य कर्मचारी, यदि उसे बालकों में अशांति की किसी घटना या संभावना का पता चलता है, उसे बिना समय गंवाए भारसाधक व्यक्ति के संज्ञान में लाएगा जो स्थिति की आवश्यकता के अनुसार आवश्यक उपाय करेगा और ऐसी सूचना या

घटना की जानकारी के साथ–साथ उसके द्वारा किए गए उपायों की जानकारी लिखित में बोर्ड या समिति को देगा।

(7) भारसाधक व्यक्ति बाल देख–रेख संस्था का रात में, जितने अंतराल पर संभव हो सके, लेकिन सप्ताह में एक बार से अन्यून नहीं, औचक निरीक्षण करेगा। वह इस प्रयोजन के लिए उसके द्वारा रखे जा रहे रजिस्टर में अपने निरीक्षण के समय को अभिलेख करेगा और अपनी टिप्पणियां भी लिखेगा।

(8) बाल देख–रेख संस्था के बाहर अशांति के मामले में, पाली प्रभारी तत्काल संबंधित पुलिस स्टेशन को सूचना देगा।

(9) बाल देख–रेख संस्था के भीतर हिंसा या अशांति के मामले में, पाली भारसाधक, भारसाधक व्यक्ति की अनुमति से पुलिस की सहायता लेगा। पाली भारसाधक पहले बालक को चेतावनी जारी करेगा।

(10) प्राकृतिक आपदा या आग या ऐसी किसी दुर्घटना के मामले में, पाली भारसाधक राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा बाल देख–रेख संस्थाओं के लिए यथा विकसित आपदा प्रबंधन नवाचार के अनुसार बालकों के निकास और सुरक्षा के लिए उपयुक्त उपाय करेगा।

(11) उक्त उपायों का अनुपालन करने के लिए अधिकारियों, बालकों और गार्डों को तैयार करने के लिए भारसाधक व्यक्ति द्वारा पूर्व में नोटिस दिए बिना मास में एक बार व्यावहारिक अभ्यास का आयोजन किया जाएगा।

(12) बालकों की निजता और गरिमा को ध्यान में रखते हुए बाल देख–रेख संस्था के सभी प्रवेश और निकास के सभी बिंदुओं, स्वागत कक्ष, गलियारों, रसोई, रसोई–भंडार या भंडार कक्ष, शयनागार, शौचालयों के प्रवेश एवं निकास बिंदुओं जैसे प्रमुख बिन्दुओं पर बंद परिपथ टेलीविजन कैमरों को लगाया जाए।

(13) प्रत्येक बाल देख–रेख संस्था में पर्याप्त संख्या में स्कैनर और मेटल डिटेक्टर लगाए जाएं।

68. **तलाशी और अभिग्रहण।**–(1) प्रभारी व्यक्ति और गृह के प्राधिकृत अधिकारी यदि आवश्यक हो, तलाशी लेगा और निषिद्ध वस्तुओं को, यदि पाई जाती हे, अभिग्रहण करेगा।

(2) अभिग्रहण के मामले में निम्न प्रक्रिया होगी:

(i) तलाशी के दौरान जैसा कि नियम 70 की उप–नियम (1) में वर्णित है कि पाई गई कोई भी निशिद्व वस्तु भारसाधक अधिकारी द्वारा अभिग्रहण की जाएगी और ऐसी जब्ती की सूची तैयार की जाएगी;

(ii) बालक से या शयनागार में हथियार, शस्त्र, हथियार के रूप में उपयोग किए जा सकने वाली वस्तुओं या आपराधिक गतिविधियों के लिए औजार या मादक पदार्थ पाए जाने के मामले में, भारसाधक अधिकारी ऐसी वस्तुओं की उपस्थिति और ऐसे कृत्य के लिए जिम्मेवार व्यक्तियों का पता लगाने के लिए जाँच करेगा;

(iii) भारसाधक अधिकारी इस संबंध में पुलिस को रिपोर्ट देगा और शीघ्रातिशीघ्र बोर्ड या समिति को सूचित करेगा;

(iv) बोर्ड ऐसी रिपोर्ट या समिति द्वारा अग्रेशित की गई रिपोर्ट पर अभिग्रहण की गई वस्तुओं के निस्तारण के लिए उपयुक्त कार्रवाई शुरू कर सकता है;

(v) राज्य सरकार जिम्मेवार व्यक्ति के विरूद्व, यदि ऐसा व्यक्ति बाल देख–रेख संस्था का अधिकारी है या उस अभिकरण जिसके द्वारा वह व्यक्ति नियुक्त किया गया है या बाल देख–रेख संस्था के विरूद्व उचित कार्रवाई करेगी;

(vi) जिम्मेवार बालक के संबंध में कार्रवाई अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुसार की जाएगी;

(3) अभिग्रहण की गई सभी वस्तुओं को, इस बात की संतुष्टि होने के बाद कि अभिग्रहण की गई वस्तुओं की किसी अधिकारी के विरूद्व किसी जाँच या विभागीय कार्यवाही के लिए या किसी आपराधिक अन्वेषण और कार्यवाही में जरूरत नहीं होगी, सक्षम न्यायालय के आदेश पर नष्ट या निस्तारित कर दिया जाएगा।

69. **बालकों का संस्थागत प्रबंधन।**–क.(1) प्रत्येक बालक को बाल देख–रेख संस्था के अधिकारी या बालक को प्राप्त करने के लिए प्रभारी व्यक्ति द्वारा विधिवत् प्राधिकृत ऐसे अन्य अधिकारी द्वारा, जिसे प्राप्तकर्ता अधिकारी कहा जाएगा, प्राप्त किया जाएगा।

(2) प्राप्तकर्ता अधिकारी बालक की पहचान के संबंध में स्वयं का समाधान करेगा और किसी भी संदेह की दशा में, प्राप्तकर्ता अधिकारी तुरंत प्रभारी अधिकारी को सूचित करेगा जो अविलंब बोर्ड या समिति को सूचित करेगा और बालक को बिना किसी देरी के बोर्ड या समिति के समक्ष पेश करेगा।

ख. **बाल देख–रेख संस्था में आवास के प्रकार**–(1) कानून का उल्लंघन करने वाले बालकों के मामलें में, बाल देख–रेख संस्था में बालकों के आवास तीन प्रकार के हैं :

(i) संरक्षणात्मक अभिरक्षा;

(ii) रात भर का संरक्षणात्मक आवास;

(iii) पुनर्वास आवास।

(2) देख–रेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालकों के मामले में, बाल देख–रेख संस्था में बालकों के आवास दो प्रकार के है :

(i) रात भर का संरक्षणात्मक आवास;

(ii) पुनर्वास आवास।

ग. **संरक्षणात्मक अभिरक्षा**–(1) ऐसे आवास के लिए बोर्ड द्वारा विधिवत् हस्ताक्षर किया हुआ प्रपत्र 41 में संरक्षणात्मक अभिरक्षा कार्ड या बाल न्यायालय द्वारा हस्ताक्षर किया हुआ अभिरक्षा वारंट अपेक्षित होता है।

(2) ऐसे आवास की अवधि बोर्ड या बाल न्यायालय यथा निदेशित या उनके द्वारा समय–समय पर यथा विस्तारित होगी।

(3) ऐसा आवास जाँच के लंबन के दौरान होगा।

घ. **रात भर का संरक्षणात्मक आवास**–(1) ऐसे आवास का प्रयोजन बालक को आवास प्रदान करना और एक विकल्प प्रदान करके उसे पुलिस स्टेशन या किसी अन्य अनुपयुक्त स्थान पर पूरी रात रखने से निवारित करना है।

(2) ऐसा आवासन सायंकाल के 18.00 बजे के बाद और अगले दिन 10.00 बजे तक हो सकता है।

(3) प्राप्त करने वाले अधिकारी को बाल कल्याण अधिकारी द्वारा रात भर के संरक्षणात्मक आवासन के लिए भेजे गए लिखित आवेदन पर बालक को बाल देख–रेख संस्था में एक रात के आवासन की अनुमति दी जाएगी। आवेदन के साथ उन परिस्थितियों को जिनमें बालक को पकड़ा या पाया गया है और बालक की चिकित्सा स्थिति दर्शाने वाले सुसंगत दस्तावेजों की प्रति होगी।

(4) बालक की पहचान के बारे में समाधान होने पर, प्राप्तकर्ता अधिकार द्वारा बालक को प्राप्त किया जाएगा और प्ररूप 42 तीन प्रतियों में भरा जाएगा। प्ररूप की एक प्रति बाल देख–रेख संस्था के अभिलेख के रूप में रखी जाएगी, एक प्रति बाल कल्याण अधिकारी को दी जाएगी और तीसरी प्रति बोर्ड या संबंधित समिति को उनके अभिलेख के लिए अग्रेषित की जाएगी।

619

(5) बालक को अगले दिन प्ररूप में दिए गए समय पर बाल कल्याण अधिकारी के प्रभार में सौंप दिया जाएगा और प्ररूप की प्रति में उक्त बाल कल्याण अधिकारी से प्राप्ति ली जाएगी।

(6) यदि बाल कल्याण अधिकारी निर्दिष्ट समय पर बालक का प्रभार नहीं लेता है, बाल देख–रेख संस्था के प्रभारी अधिकारी द्वारा ऐसे तथ्यों का उल्लेख करते हुए रिपोर्ट के साथ बालक को संबंधित बोर्ड या समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

(7) यह टिप्पणी करते हुए कि बालक को रात भर के संरक्षणात्मक आवास के लिए प्राप्त किया गया है, बालक के ब्यौरे, प्रवेश और छुट्टी रजिस्टर में प्रविष्ट किए जाएँगे।

(8) बालक की शारीरिक रूप से तलाशी ली जाएगी और उसका सभी व्यक्तिगत सामान, यदि कोई पाया जाता है, बाल कल्याण अधिकारी को जिसने बालक को प्रस्तुत किया है, सौंप दिया जाएगा और वह सभी वस्तुओं का अभिग्रहण करेगा और ऐसे अभिग्रहण की एक प्रति प्राप्तकर्ता अधिकारी को देगा।

(9) बालक को, यदि वह भूखा है, तो उसकी प्राप्ति के समय पर ध्यान दिए बिना, खाने एवं पीने के लिए भोजन प्रदान किया जाएगा।

(10) बालक को यथास्थिति स्वागत शयनागार या पृथक इकाई में, रात के लिए रखा जाएगा।

ङ **पुनर्वास आवास**–(1) बालक को ऐसे आवास के लिए समिति द्वारा बाल गृह में और बोर्ड या बाल न्यायालय द्वारा विशेष गृह या सुरक्षित स्थान में भेजा जाएगा।

(2) बालक को प्रपत्र 14 में पुनर्वास कार्ड जारी किया जाएगा जिसमें बालक के आवास की अवधि का उल्लेख होगा जब तक कि बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय द्वारा उस संबंध में विशिष्ट आदेश के द्वारा अवधि को कम न किया गया हो।

च. **बालक को प्राप्त करते समय अपनाई जाने वाली प्रक्रिया**–(1) प्राप्तकर्ता अधिकारी बालक को प्रस्तुत करते समय निम्नलिखित प्रक्रिया का अनुपालन करेगा:

(i) बालक का पूरा व्यक्तिगत ब्यौरा प्रवेश और छुट्टी रजिस्टर में प्रविष्ट किया जाएगा। पुनर्वास आवास के मामले में, बालक की रिहाई की तारीख भी लिखी जाएगी;

(ii) बालक को तलाशी की आवश्यकता और प्रक्रिया को स्पष्ट करने के बाद और शिष्टता और सम्मान का पूरा ध्यान रखते हुए उसकी तलाशी ली जाएगी और सभी व्यक्तिगत सामान का इन नियमों के नियम 72 में यथा उल्लिखित रीति से निपटान किया जाएगा। बालिका की तलाशी महिला कर्मचारी द्वारा ही ली

जाएगी; बालक को, यदि वह भूखा है, उसकी प्राप्ति के समय पर ध्यान दिए बिना, खाने एवं पीने के लिए भोजन प्रदान किया जाएगा;

(iii) बालक को खराब स्वास्थ्य, चोट, मानसिक बीमारी, रोग या व्यसन जिसके लिए तत्काल ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है, चिकित्सा देख–रेख प्रदान की जाएगी;

(iv) बालक को विशेषरूप से चिन्हित शयनागार या वार्ड या अस्पताल में, यदि उसके ऐसे संक्रामक या संचारी रोग से ग्रस्त होने की संभावना है जिसके लिए विशेश देख–रेख और सावधानी की जरूरत है, विलग किया जाएगा;

(v) बालक से परीक्षा या साक्षात्कार में उपस्थिति होना, परिवार के सदस्यों से संपर्क करने जैसी किसी तत्काल और अविलंब आवश्यकता के बारे में पूछा जाएगा। प्राप्तकर्ता अधिकारी द्वारा इसके बारे में एक टिप्पणी या यह तथ्य कि ऐसी कोई जरूरत नहीं है, लिखा जाएगा और बाल कल्याण अधिकारी मामला कार्यकर्ता जिसको बालक सौंपा गया है, प्रस्तुत करेगा। वही टिप्पण बालक की केस फाइल में भी रखा जाएगा;

(2) बाल देख–रेख संस्था में प्राप्त किए गए प्रत्येक बालक को पहले चौदह दिनों तक इस प्रयोजन के लिए विशेषरूप से बनाए गए शयनागार मे या पृथक इकाई में रखा जाएगा ताकि बालक, बाल देख–रेख संस्था के जीवन में समंजित हो सके।

छ. **बालक को प्राप्त करने के बाद अपनाई जाने वाली प्रक्रिया**–(1) यदि बालक रात में प्राप्त किया जाता है, उसी दिन या अगले दिन निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाई जाएगी :

(i) बालक का फोटो लिया जाएगा। एक फोटो बालक की केस फाइल में रखा जाएगा और दूसरा बालक के ब्यौरे के साथ सूचक कार्ड में चिपकाया जाएगा। एक प्रति क्रमांकित एलबम में रखी जाएगी और फोटो की एक प्रति बोर्ड या समिति को भेजने के साथ–साथ जिला बाल संरक्षण इकाई को भेजी जाएगी और इस प्रयोजन के लिए नामनिर्दिष्ट पोर्टल पर अपलोड की जाएगी;

(ii) बालक को स्नान कराया जाए और उसे साफ कपड़े प्रदान किए जाए। देख–रेख कर्ता इन नियमों के नियम 30 के अनुसार बालक को प्रसाधन वस्तुएं, कपड़ों का नया सेट, बिस्तर और अन्य सामग्री एवं उपकरण देगा, जिनकी एक सूची उसकी केस फाइल में रखी जाएगी। सामानों की इन नियमों के नियम 30 के अनुसार समय–समय पर पुनः पूर्ति की जाएगी;

617

(iii) बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्ता नए भर्ती किए गए प्रत्येक बालक को बाल देख–रेख संस्था और इसके कार्यकरण से, विशेशकर निम्नलिखित क्षेत्रों से, परिचित कराएगा:–

(क) व्यक्तिगत स्वास्थ्य, स्वच्छता और सफाई;

(ख) बाल देख–रेख संस्था का अनुशासन और आचरण संहिता;

(ग) दैनिक नियमित कार्यकलाप और सहजात वार्तालाप; और

(घ) बाल देख–रेख संस्था में अधिकार, उत्तरदायित्व और कर्तव्य।

(iv) बालक का चिकित्सा अधिकारी द्वारा परीक्षण किया जाएगा जो बालक के स्वास्थ्य की स्थिति और उसके शरीर पर कोई घाव या चिह्न और कोई अन्य टिप्पणी जिसे चिकित्सा अधिकारी ठीक समझे, को अभिलिखित करेगा और जिसकी एक प्रति बालक के चिकित्सा अभिलेख में रखी जाएगी;

(v) प्रभारी अधिकारी द्वारा बालक को बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्ता समानुदेशित करेगा;

ज बालक को प्राप्त करने के चौदह दिन के भीतर अपनाई जाने वाली प्रक्रिया–(1) नियत बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्ता जितनी बार संभव हो सके, बालक से वार्तालाप करेगा।

(2) बालक को प्राप्त करने के दो दिन के भीतर, यदि अपेक्षित हो, उसके लिए पुनर्वास योजना तैयार करने में सहायता करने के लिए उसके व्यक्तित्व और जरूरतों का मूल्यांकन करने के लिए उसकी शारीरिक, चिकित्सीय, मनोवैज्ञानिक स्थिति और उसकी व्यसन स्थिति समझने के लिए चिकित्सको के पैनल द्वारा उसकी जाँच की जाए।

(3) बालक को समानुदेशित किया गया बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्ता बालक के परिवार के सदस्यों के साथ भी, जहाँ कहीं उपलब्ध है, वार्तालाप करेगा। एक मामला पूर्ववृत्त प्ररूप 43 में तैयार किया जाएगा और बालक की केस फाइल में रखा जाएगा। इसके लिए जानकारी बालक के माता–पिता या अभिभावकों, घर, स्कूल, मित्रों, नियोक्ता और समुदाय सहित सभी संभव और उपलब्ध स्त्रोतों के माध्यम से एकत्रित की जाएगी।

(4) बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्ता अन्य तकनीकी कर्मचारियों की सहायता से आयोजित की गई परीक्षाओं और साक्षात्कारों के आधार पर बालक के शैक्षणिक स्तर और उसकी व्यावसायिक अभिरूचि का मूल्यांकन करेगा। इस संबंध में, बाहरी विशेषज्ञों और समुदाय

आधारित कल्याण अभिकरणों, मनोवैज्ञानिकों, मनोचिकित्सकों, बाल मार्ग दर्शन चिकित्सालयों, अस्पतालों और अन्य सरकारी और गैर–सरकरी संगठनों के साथ आवश्यक संपर्क स्थापित किए जाएंगे।

ञ. पहले **चौदह दिन की समाप्ति पर अपनाई जाने वाली प्रक्रिया–(1)** बालक को नियमित शयनागारों में से एक में स्थनांतरित किया जाएगा और शयनागार में एक विशिष्ट बिस्तर, अलमारी और अध्ययन मेज दी जाएगी।

(2) शयनागार का समानुदेशन निम्नलिखित के आधार पर किया जाएगा

(i) आयु;

(ii) बालक द्वारा या उसके विरूद्व किए गए अपराध की प्रकृति;

(iii) बालक की शारीरिक और मानसिक स्थिति;

(iv) बालकों को जिन्हें विशेश देख–रेख की जरूरत है, अलग शयनागार में रखा जाएगा।

(3) बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्ता द्वारा बालक के मामला पूर्ववृत्त, शिक्षा एवं व्यवसायिक अभिरूचि के आधार पर प्ररूप 7 में बालक में व्यक्तिगत देख–रेख योजना तैयार की जाएगी। पुनर्वास आवास के मामले में, देख–रेख योजना आवास की संपूर्ण अवधि के लिए निरूपित की जाएगी और पुनर्वास के लिए सेतु पाठ्यक्रम, औपचारिक, अनौपचारिक या सतत् शिक्षा सहित बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय द्वारा दिया गया कोई या सभी निदेश आवश्यक रूप से शामिल किए जाएँगे।

(4) बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्ता व्यक्तिगत देख–रेख योजना की समीक्षा करेगा और अपनी स्वयं की टिप्पणियों, बालक और उसके शिक्षकों या अनुदेशकों के साथ वार्तालाप और गृह पिता या गृह माता से प्राप्त फीडबैक के आधार पर प्ररूप 14 में पुनर्वास कार्ड में अपना मत लिखेगा।

(5) बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्ता बाल देख–रेख संस्था में बालक के सामने आई कोई भी कठिनाई तथा कठिनाई को दूर करने के लिए किए गए उपायों के बारे में टिप्पणी के साथ अभिलेख रखेगा।

(6) बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्ता उसी प्रकार बाल देख–रेख संस्था में सुविधाओं के बारे में बाल द्वारा की गई शिकायत के साथ–साथ उस पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पण के साथ अभिलेख रखेगा।

615

(7) व्यक्तिगत देख–रेख योजना की शुरूआत के तीन मास में प्रत्येक पखवाड़ें में और उसके बाद प्रत्येक मास में समीक्षा की जाएगी। इसकी कारगरता और अपर्याप्तता के बारे में ऐसे मत के कारणों के साथ रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

ञ. **तीन मास बाद अपनाई जाने वाली प्रक्रिया**–(1) बालक की व्यक्तिगत देख–रेख योजना में लिखित उद्देश्यों और लक्ष्यों के विशेष संदर्भ में बालक की प्रगति की जाँच की जाएगी। बालक की प्रगति की समीक्षा की जाएगी और प्ररूप 14 में पुनर्वास कार्ड में लिखी जाएगी।

(2) तिमाही प्रगति रिपोर्ट को प्रबंधन समिति के अवलोकनार्थ एवं विचारार्थ प्रस्तुत किया जाएगा।

(3) प्रबंधन समिति द्वारा विचार–विमर्श के बाद, व्यक्तिगत देख–रेख योजना में उपयुक्त रूप से संशोधन किया जाएगा। बालक की दिनचर्या और बालक के पुनर्वास के प्रति उपागम में भी उपयुक्त रूप से संशोधन किया जाएगाा। ऐसी संशोधित देख–रेख योजना और दिनचर्या का अभिलेख बालक की केस फाइल में रखा जाएगा। प्रगति की समीक्षा की जाएगी और प्ररूप 14 में पुनर्वास कार्ड में रिकार्ड की जाएगी।

ट. **रिहाई–पूर्व योजना**–(1) रिहाई–पूर्व योजना का सु–विचारित कार्यक्रम और बाल गृहों, विशेष गृहों और सुरक्षा के स्थान से छुट्टी किए गए मामलों का अनुवर्तन बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय के निदेशों के अनुसार सभी संस्थाओं में आयोजित किया जाएगा।

(2) बालक द्वारा बिना अनुमति के बाल देख–रेख संस्था छोड़ने या संस्था के भीतर कोई अपराध करने की स्थिति में, प्रभारी अधिकारी द्वारा पुलिस और परिवार को, यदि पता हो, सूचना दी जाएगी और बालक को खोजने के लिए किए गए प्रयासों सहित, यदि बालक लापता है, परिस्थितियों की विस्तृत रिपोर्ट बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय को, जैसा भी मामला हो, भेजी जाएगी।

ठ. **बाल देख–रेख संस्था में दिनचर्या**–(1) प्रत्येक बालक, बाल देख–रेख संस्था के किसी भी अधिकारी या गृह के प्रतिनिधि के आदेश का पालन करेगा और हमेशा अनुशासित रहेगा।

(2) प्रत्येक संस्था में बाल समिति के परामर्श से तैयार की गई एक दिनचर्या होगी जिसे संस्था में विभिन्न स्थानों पर विशिष्टता से प्रदर्शित किया जाएगा।

(3) दिनचर्या में अन्य बातों के साथ–साथ विनियमित और अनुशासित जीवन, व्यक्तिगत स्वास्थ्य और सफाई, शारीरिक व्यायाम, योगा, शैक्षणिक कक्षाएं, व्यावसायिक प्रशिक्षण, संगठित मनोरंजन एवं खेल, नैतिक शिक्षा, सामूहिक कार्यकलाप, प्रार्थना और सामुदायिक गायन और रविवार और छुट्टियों के लिए विशेष कार्यक्रम शामिल होगें।

ड. **बालक का व्यवहार**–(1) बाल देख–रेख संस्था में बालक अच्छे व्यवहार के नियमों और मानको का अनुपालन करने के लिए अभिविन्यस्त और प्रशिक्षित होंगे।

(2) प्रत्येक अस्वीकार्य व्यवहार का बाल कल्याण समिति द्वारा संज्ञान लिया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए गए बालक से स्पष्टीकरण देने को कहा जाएगा। बाल समिति उचित कार्रवाई करने के लिए प्रभारी अधिकारी को अनुशंषा कर सकती है। प्रभारी अधिकारी द्वारा चौबीस घंटे के भीतर रिपोर्ट की प्रति जिसमें घटना का विवरण और उस पर की गई कार्रवाई समाविश्ट होगी, बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय को प्रस्तुत की जाएगी। रिपोर्ट की एक प्रति ऐसी घटनाओं के निवारण के लिए दीर्घकालीन कार्यनीति की आयोजना बनाने के लिए प्रबंधन समिति के समक्ष भी प्रस्तुत की जाएगी।

(3) रिपोर्ट की एक प्रति संबंधित बालक की केस फाइल में रखी जाएगी।

(4) प्रभारी अधिकारी बाल समिति की अनुशंसाओं और बालक की सुरक्षा और सम्मान पर पूरा ध्यान देते हुए उल्लंघन के मामलों से उपयुक्त रूप से निपटेगा।

(5) प्रभारी अधिकारी स्थिति से निपटने के लिए परामर्शदाता या बाल कल्याण अधिकारी या केस वर्कर, बाल देख–रेख संस्था से संबद्व किसी गैर–सरकारी संगठन की सहायता ले सकता है।

(6) असाधारण अच्छा व्यवहार दर्शाने वाले बालक पर प्रभारी व्यक्ति द्वारा उपयुक्त पुरस्कार और प्रसुविधा देने के लिए विचार किया जाएगा और बालक की केस फाइल में इसके बारे में टिप्पण रखा जाएगा।

ढ़ **अस्वीकार्य व्यवहार से निपटने की रीति**–(1) की गई कार्रवाई उल्लंघन की प्रकृति और मात्रा और बालक की आयु के अनुरूप होगी और निम्नलिखित में से कोई एक हो सकती है :

(i) औपचारिक चेतावनी;

(ii) गृह व्यवस्था से संबंधित कार्य सौंपना;

(iii) लेखन आरोपण अर्थात् बार–बार यह लिखना कि वह व्यवहार की पुनरावृत्ति न करे; और

(iv) विशेषाधिकारों अर्थात् टेलीविजन देखने की अनुमति, बाहरी कार्यकलापों के लिए जाने की अनुमति, खेल और मनोरंजन और अन्य मुख्य कार्यकलाप का समपहरण;

(2) कोई भी बालक शारीरिक दंड या बालक के सम्मान को प्रभावित करने वाले अपमानजनक व्यवहार सहित किसी भी मानसिक उत्पीड़न से दंडित नहीं किया जाएगा।

ण. **असाधारण अच्छा व्यवहार**–निम्नलिखित को अच्छा व्यवहार माना जाएगा, अर्थात् :

813

(i) एक माह से अधिक की अवधि में आंका गया, अनुशासन के नियमों का पालन करना और दिनचर्या का अनुपालन करना;

(ii) किसी अन्य बालक को अस्वीकार्य व्यवहार करने से रोकना या हिंसा का निवारण करना;

(iii) चेतावनी देकर कोई दुर्घटना घटित होने से रोकना, आपदा के मामले में अन्य बालकों को निकालना;

(iv) व्यवस्था बनाए रखने में बाल देख–रेख संस्था के किसी अधिकारी की सहायता करना। गृह प्रतिनिधियों के लिए, ऐसी परिस्थितियों में जो आपात स्थिति में विकसित हो सकती हैं, चेतावनी देने से पहले के व्यवहार पर विचार किया जाएगा;

(v) अशांति फैलाने या भाग जाने की किसी योजना के बारे में बाल कल्याण अधिकारी को सूचना देना;

(vi) कोई प्रतिषिद्व या निषिद्व वस्तु के बारे में प्रभारी अधिकारी को सूचना देना या;

(vii) अभिघात से बाहर निकलने में दूसरे बालक की सहायता करना;

(viii) अपनी शिक्षा जारी रखने की परीक्षा, या व्यावसायिक या पुनर्वास पाठ्क्रमों में असाधारण प्रदर्शन करना;

(ix) सकारात्मक और अनुकूलनीय व्यवहार;

(x) कोई अन्य अच्छा व्यवहार जो प्रभारी अधिकारी द्वारा असाधारण पाया गया हो।

त. **असाधारण व्यवहार बनाए रखने के लिए पुरस्कार और प्रसुविधा**–प्रभारी अधिकारी द्वारा संस्था के प्रबंधन द्वारा समय–समय पर निर्धारित की जाने वाली दरों पर पुरस्कार बालक को अच्छे कार्य और अच्छे व्यवहार के लिए प्रोत्साहन के रूप में प्रदान किया जाएगा और रिहाई के समय वह पुरस्कार उस बालकों लेने के लिए आने वाले उसके माता–पिता अथवा अभिभावक या बालक को स्वयं रसीद प्राप्त करने के बाद दिया जाएगा।

70. **प्रतिषिद्व वस्तुएं।**–(1) कोई भी व्यक्ति बाल देख–रेख संस्था में प्रतिषिद्व वस्तुएं नहीं लाएगा, अर्थात्:–

(i) किसी भी प्रकार की स्वापक वस्तुएं, मनःप्रभावी पदार्थ, शराब, गांजा, भांग, अफीम, स्मैक आदि;

(ii) सभी विस्फोटक, जहरीले पदार्थ, तेजाब और रसायन, चाहे वह तरल या ठोस किसी भी रूप में हो;

(iii) सभी आग्नेयास्त्र, अस्त्र–शस्त्र या हथियार, चाकू और कटाई के सभी उपकरण और वस्तुएं, जो किसी भी प्रकार के हथियार के रूप में उपयोग लाई जा सकती है;

(iv) सभी अश्लील सामग्री;

(v) डोरी, रस्सी, जंजीर और किसी भी प्रकार के सामान जो डोरी या रस्सी या जंजीर के रूप में उपयोग लाया जा सकता है;

(vi) लकड़ी, बांस, डंडा, लाठी, सीढ़ी, ईंट, पत्थर और किसी भी प्रकार की मिट्टी;

(vii) ताश और जुआ खेलने की अन्य सामग्री;

(viii) तम्बाकू से बनी वस्तुएं, पान मशाला या इसी प्रकार की वस्तु;

(ix) दवाइयाँ जो विशिष्टरूप से विनिर्दिष्टि नहीं की गई हैं;

(ग) इस निमित्त राज्य सरकार द्वारा सामान्य या विशेष आदेश के द्वारा विनिदिर्ष्टित अन्य कोई वस्तु।

(2) सभी सोना–चांदी, धातु सिक्के, आभूषण, गहने, मुद्रा नोट, प्रतिभूतियां और मोबाइल फोन, डिजिटल कैमरा, आई–पैड आदि जैसे इलैक्ट्रॉनिक उपकरणो सहित सभी प्रकार की मूल्यवान वस्तुएँ सुरक्षित अभिरक्षा में जमा की जाएंगी।

(3) प्रतिषिद्व वस्तुओं का निपटान इन नियमों के नियम 72 के अनुसार किया जाएगा।

71. **तलाशी लेने और निरीक्षण के समय पाई गई वस्तुएँ।**–(1) प्रभारी अधिकारी यह सुनिश्चित करेगा कि संस्था में प्राप्त किए जाने वाले प्रत्येक बालक की तलाशी ली जाए, उसके व्यक्तिगत सामान का निरीक्षण किया जाए और उसके पास पाए गए किसी धन या मूल्यवान वस्तु को उस प्रभारी अधिकारी की सुरक्षित अभिरक्षा में रखा जाए। बालिकाओं की तलाशी के मामले में, महिला कर्मचारी द्वारा ही तलाशी ली जाएगी। किसी भी बालक के पास पाए धन, बहुमूल्य वस्तुओं और अन्य वस्तुओं का अभिलेख प्रत्येक संस्था में "व्यक्तिगत सामान रजिस्टर" में रखा जाएगा जिसमें वस्तुओं का विवरण अंतर्विष्ट होगा।

(2) व्यक्तिगत सामन रजिस्टर में प्रत्येक बालक के संबंध में की गई प्रविष्टियां एक साक्षी की उपस्थति में बालक को पढ़कर सुनाई जाएगी और ऐसी प्रविष्टयों के सही होने के प्रतीक के रूप में साक्षी के हस्ताक्षर लिए जाएंगे और इन प्रविष्टियों पर प्रभारी अधिकारी द्वारा प्रति हस्ताक्षर किए जाएंगे।

72. **वस्तुओं का निपटान।**–(1) बालक के धन या मूलयवान वस्तुओं का निम्नलिखित रीति से निपटान किया जाएगा, अर्थात:

(i) संस्था में बालक को प्राप्त करने पर, प्रभारी अधिकारी बालक की धनराशि को बालक के खाते में जमा कराएगा;

(ii) मूल्यवान और अन्य वस्तुएँ, यदि कोई हैं, सुरक्षित अभिरक्षा में रखी जाएंगी;

(iii) जब ऐसे बालक को एक संस्था से दूसरी संस्था में स्थान्तरित किया जाता है, तब उसका धन, मूल्यवान और अन्य वस्तुएं, संपूर्ण और सही विवरणी के साथ, बालक के साथ उस संस्था के प्रभारी अधिकारी को स्थानान्तरित किए जाएंगे, जिसमें उस बालक का स्थानान्तरण किया गया है;

611(

(iv) ऐसे बालक की रिहाई समय, सुरक्षित अभिरक्षा में रखी गई उसकी मूल्यवान और अन्य वस्तुएँ और बालक के नाम में जमा धनराशि यथास्थिति उसके माता–पिता या अभिभावक को, सौंपी जाएगी और इस विषय में रजिस्टर में प्रविष्टि की जाएगी और माता–पिता या अभिभावक द्वारा हस्ताक्षर किए जाएगे;

(v) जब संस्था में किसी बालक की मृत्यु हो जाती है, तब मृतक द्वारा छोडी गई मूल्यवान और अन्य वस्तुएं और बालक के नाम में जमा धनराशि प्रभारी अधिकारी द्वारा बालक के माता–पिता या अभिभावक को सौंपी जाएगी;

(vi) ऐसे व्यक्ति से ऐसी धनराशि, मूल्यवान और अन्य वस्तुओं की प्राप्ति की रसीद ली जाएगी; और

(vii) यदि बालक की मृत्यु या उसके भाग जाने की तारीख से छह मास की अवधि के भीतर कोई दावेदार उपस्थित नहीं होता है, तो बालक की मूल्यवान और अन्य वस्तुएँ और उसके नाम में जाम धनराशि का इन नियमों के नियम 39 के अधीन प्रबंधन समिति द्वारा लिए गए विनिश्चय के अनुसार निपटान किया जाएगा।

73. **मामले की फाइल का रखरखाव।**–(1) बाल देख–रेख संस्था में सुरक्षित अभिरक्षा में रखी गई प्रत्येक बालक की मामला फाइल गोपनीय होगी।

(2) मामला फाइल को बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय के अवलोकन के लिए पेशी की प्रत्येक तारीख पर बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

(3) मामला फाइल में निम्नलिखित जानकारी होगी अर्थात्:

(i) पुलिस रिपोर्ट सहित बोर्ड या समिति के समक्ष बालक को प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति या अभिकरण की रिपार्ट;

(ii) बालक के द्वारा या उसके विरूद्व किए गए अपराध के मामले में प्रथम सूचना रिपोर्ट या रोजनामचे की प्रति;

(iii) फोटो पहचान पत्र, आधारकार्ड/आधार क्रमांक या बैंक खाता संख्या यदि उपलबध हो;

(iv) मामला कार्यकर्ता या बाल कल्याण अधिकारी की नियुक्ति का आदेश;

(v) मामला इतिवृत्त प्रपत्र;

(vi) बालक की किसी तात्कालिक जरूरत की रिपोर्ट;

(vii) प्रभारी अधिकारी, परिवीक्षा अधिकारी या बाल कल्याण अधिकारी, परामर्शदाता और मामला कार्यकर्ता की रिपोर्ट;

(viii) किसी पिछली संस्था में रखी गई बालक की केस फाइल, यदि कोई हो तो;

(ix) बालक से प्रारंभिक वार्तालाप की रिपोर्ट, उसके परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों, समुदाय, मित्रों से प्राप्त जानकारी और विविध स्त्रोतों से प्राप्त जानकारी;

(x) बालक, उसके परिवार आदि के बारे में आगे की जानकारी का स्त्रोत;

(xi) कर्मचारियों से प्राप्त पर्यवेक्षण रिपोर्ट;

(xii) चिकित्सा अधिकारी से प्राप्त यथास्थिति नियमित स्वास्थ्य स्थिति रिपोर्ट, नशामुक्ति कार्यक्रम की प्रगति रिपोर्ट;

(xiii) मनो–सामाजिक प्रोफाइलिंग, नियमित परामर्श रिपोर्ट, जहाँ कहीं लागू हो, मानसिक स्वास्थ्य अंतक्षेप की कोई अन्य;

(xiv) बुद्धिलब्धि (आई०क्यू०) परीक्षा रिपोर्ट, अभिरूचि परीक्षा रिपोर्ट, ज्ञानात्मक मूल्यांकन, शैक्षणिक या व्यावसायिक परीक्षाओं की, यदि आयोजित की गई है, रिपोर्ट;

(xv) प्रशिक्षण और उपचार कार्यक्रम और विशेष सावधानियाँ रखे जाने के संबंध में अनुदेश;

(xvi) व्यक्तिगत सामान रजिस्टर की प्रति;

(xvii) बालक की आयु घोषित करने वाले आदेश की प्रति;

(xviii) प्रदान की गई छुट्टियां और अन्य विशेषाधिकार;

(xix) पुनर्वास कार्ड;

(xx) तिमाही प्रगति रिपोर्ट;

(xxi) यथा विहित रिहाई–पूर्व कार्यक्रम, रिहाई के उपरांत योजना और अनुवर्ती योजना सहित व्यक्तिगत देख–रेख योजना और उनमें आशोधन;

(xxii) देख–रेख योजना की कारगरता के बारे में पाक्षिक और मासिक रिपोर्ट;

(xxiii) बालक के सामने आ रही कठिनाइयों का अभिलेख और उनका समाधान;

(xxiv) बालक की शिकायतों और उन पर की गई कार्रवाई का रिकार्ड;

(xxv) बालक द्वारा दिया गया फीडबैक;

(xxvi) छुट्टी और पर्यवेक्षणाधीन रिहाई;

(xxvii) ऐसे मुलाकाती की रिपोर्ट जो बालक से मुलाकात करते समय आपत्तिजनक या प्रतिषिद्व वस्तुओं के साथ पाया गया हो;

(xxviii) ऐसी वस्तुएँ रखने के बारे में बालक की रिपोर्ट और इस बारे में की गई कार्रवाई रिपोर्ट;

(xxix) किसी अस्वीकार्य व्यवहार एवं परिणाम की रिपोर्ट;

(xxx) किसी असाधारण व्यवहार एवं परिणाम की रिपोर्ट;

(xxxi) विशेष उपलब्धियाँ और नियमों का उल्लंघन, यदि कोई हो;

(xxxii) बालक को पुरस्कार या उसके उपार्जन का टिप्पण और बालक या उसके माता–पिता या अभिभावक की प्राप्ति;

(xxxiii) रिहाई या वापसी आदेश;

(xxxiv) रिहाई के समय बालक के माता–पिता अथवा अभिभावक द्वारा लाया गया परिचय पत्र एवं अन्य जरूरी कागजात की छायाप्रति।

(xxxv) अनुरक्षण आदेश, यदि कोई हो;

(xxxvi) पुनर्वास अंतःक्षेप आवास के अंतर्गत बालकों के मामले में रिहाई की अनुपालना रिपोर्ट;

(xxxvii) रिहाई नहीं किए जा रहे बालक की रिपोर्ट और बालक की गैर–रिहाई के संबंध में जारी किए गए निदेशों की अनुपलना रिपोर्ट;

(xxxviii) अनुवर्ती रिपोर्ट;

(xxxix) वार्षिक फोटो;

(xl) बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय के निदेशानुसार रिहाई उपरांत मामलों की अनुवर्ती रिपोर्ट;

(xli) बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय द्वारा बालक के मामले में मांगी किसी अन्य रिपोर्ट की प्रति; और

(xlii) टिप्पणियों, यदि कोई हों।

(4) बालक के चिकित्सा अभिलेख में उसके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति, व्यसन की स्थिति और उपचार आदि के बारे में बालक की सभी रिपोर्ट और अभिलेख अंतर्विष्ट होंगे।

(5) केस फाइल के रखरखाव का उत्तरदायित्व बाल कल्याण अधिकारी या संबंधित मामला कार्यकर्ता का होगा।

(6) संस्था द्वारा रखी गई सभी मामलों की फाइलें कम्प्यूटरीकृत की जाएगी और राज्य सरकार इसके लिए उचित प्रक्रिया विकसित करेगी।

74. **बालकों से मिलना और उनसे सूचना का आदान प्रदान करना।**–(1) बाल देख–रेख संस्था में प्रत्येक बालको उसके रिश्तेदारों से सप्ताह में एक बार मिलने की अनुमति होगी:

परंतु विशिष्ट मामले में, जहाँ माता–पिता या अभिभावक दूसरे राज्य या जिला से लंबी दूरी यात्रा करके आए हैं, प्रभारी अधिकारी ऐसे माता–पिता या अभिभावकों को, उनकी पहचान की पुष्टि होने पर और उनके बारे में बालक के साथ दुर्व्यवहार या उसका शोषण करने में उनकी संलिप्तता की कोई रिपोर्ट नहीं है, परिसर में प्रवेश करने और उनके बच्चों से अन्य दिनों में मिलने की अनुमति दे सकता है।

(2) नए प्राप्त किए गए बालक को उसके माता–पिता या अभिभावक या परिवार के सदस्य से उनके पहले भ्रमण पर किसी भी दिन मिलने की अनुमति होगी।

(3) ऐसे माता–पिता या अभिभवकों या रिश्तेदारों को जहाँ ऐसे आगंतुकों की बालक के साथ हिंसा, दुर्व्यवहार या उसका शोषण करने में या प्रतिषिद्व वस्तुओं के लाने में संलिप्तता पाई गई है, बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय द्वारा प्रदत्त स्पष्ट अनुमति के सिवाय और जब ऐसी

मुलाकात बालक के परामर्शदाता द्वारा विशेष रूप से निदेशित नहीं की गई हो, मिलने की कोई अनुमति नहीं होगी।

(4) प्रत्येक बालक को अपने माता–पिता या अभिभावक या रिश्तेदारों को सप्ताह में दो पत्र लिखने की अनुमति होगी। आवश्यक लेखन और डाक सामग्री प्रभारी अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।

(5) प्रभारी अधिकारी बालक द्वारा या बालकों लिखे गए किसी भी पत्र को पढ़ सकेगा और ऐसे कारणों से जिन्हें बालक की केस फाइल में लिखा जाएगा, पत्र को सुपुर्द करने या आगे भेजने से मना कर सकेगा। इसकी रिपोर्ट तैयार की जाएगी और प्रबंधन समिति के समझ रखी जाएगी। रिपोर्ट की एक प्रति केस फाइल में रखी जाएगी और दूसरी प्रति बोर्ड या बाल न्यायालय या समिति को भेजी जाएगी।

(6) प्रत्येक बालक को यथास्थिति बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय में, जैसा भी मामला हो, देने के प्रयोजन से कोई भी लिखित संप्रेषण लाने की अनुमति होगी और इसके लिए उसे लेखन सामग्री आदि उपलब्ध कराई जाएगी।

(7) प्रभारी अधिकारी, बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्त्ता या परिवीक्षा अधिकारी के पर्यवेक्षण में बालक को सप्ताह में एक बार दूरभाष पर उसके माता–पिता या अभिभावकों से बातचीत करने की अनुमति दे सकता है और ऐसे वार्तालाप का विधिवत् अभिलेख रखा जाएगा।

(8) बालकों से मुलाकात करने का इच्छुक प्रत्येक व्यक्ति, मुलाकात से पहले प्रमाण के साथ अपना नाम व पता बताएगा जिसे आगंतुक पुस्तिका में लिखा जाएगा और आगंतुक द्वारा उसमें हस्ताक्षर किए जाएँगे। आगंतुक के पते एवं फोटो पहचान पत्र की प्रति मुलाकात से पहले ली जाएगी और संस्था द्वारा रख ली जाएगी। यदि आगंतुक अपना विवरण प्रकट नहीं करता है, उसे मुलाकात करने में मना कर दिया जाएगा।

(9) आगंतुक मुख्य द्वारा पर तलाशी के लिए स्वयं को प्रस्तुत करेगा, महिला आगंतुक की तलाशी केवल महिला कर्मचारी द्वारा ली जाएगी।

(10) प्रत्येक मुलाकात बाल देख–रेख संस्था के कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्त्ता या परिवीक्षा अधिकारी की उपस्थिति में की जाएगी जो होने वाली किसी भी अनियमितता के लिए जिम्मेवार होगा और जो इस प्रकार उपस्थिति रहेगा कि वह पक्षों के बीच गुजरने वाली किसी भी आपत्तिजनक या प्रतिषिद्व वस्तु को देखने और रोकने में समर्थ है।

(11) प्रत्येक बालक की मुलाकात से पहले और बाद में आगंतुक की उपस्थिति में सावधानीपूर्वक तलाशी ली जाएगी। बालक के पास मुलाकात के लिए जाने से पहले कोई भी वस्तु नहीं होनी चाहिए।

(12) यदि बैठक से पहले ली गई तलाशी में काई आपत्तिजनक प्रतिषिद्व वस्तुएँ पाई जाती है:

(i) उक्त वस्तु जब्त कर लिया जाएगा;

(ii) प्रभारी व्यक्ति बालक तक वस्तु को पहुँचाने के लिए जिम्मेवार व्यक्ति (यों) का पता लगाने के लिए जाँच करेगा;

(iii) यदि जिम्मेवार व्यक्ति बाल देख–रेख संस्था के कर्मचारियों में से हैं, उनके विरूद्व उपयुक्त कार्रवाई की जाएगी; और

(iv) जाँच की विस्तृत रिपोर्ट और इसका परिणाम विभाग और बोर्ड या सक्षम दाण्डिक क्षेत्राधिकार वाले न्यायालय को अग्रेषित किया जाएगा।

(13) यदि बैठक के बाद ली गई तलाशी में कोई आपत्तिजनक या प्रतिषिद्व वस्तु पाई जाती है तो:

(i) वस्तु जब्त कर ली जाएगी;

(ii) किसी गैर–कानूनी वस्तु के पाये जाने के मामले में, जिसमें कानूनी कार्यवाही किया जाना न्यायसंगत हो, वस्तु और आगंतुक को निरूद्व कर लिया जाएगा और पुलिस को सूचना दी जाएगी। आगंतुक और ऐसी वस्तु को पुलिस को सौंप दिया जाएगा;

(iii) ऐसे आगंतुक के बारे में रिपोर्ट तैयार की जाएगी और बालक की केस फाइल में रखी जाएगी;

(iv) घटना की एक रिपोर्ट को बोर्ड या सक्षम दाण्डिक क्षेत्राधिकार वाले न्यायालय को अग्रेषित किया जाएगा; और

(v) रिपोर्ट की प्रति बालक की केस फाइल में रखी जाएगी।

(14) कोई भी बालक जो मुलाकात के विशेषाधिकार का दुरूपयोग करता है, ऐसी अवधि के लिए जिसके लिए प्रभारी अधिकारी निदेश दे सकता है, उस अधिकार से वंचित कर दिया जाएगा। इसकी रिपोर्ट बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय को भेजी जाएगी और इसकी प्रति बालक की केस फाइल में रखी जाएगी।

(15) प्रत्येक बालक को निम्नलिखित के अधीन रहते हुए कानूनी परामर्शदाता से संवाद करने का हक होगा:

(i) तलाशी और जब्ती के नियम सभी कानूनी परामर्शदाताओं पर भी लागू होंगे;

(ii) ऐसे प्रत्येक साक्षात्कार गृह के अधिकारी की नजर में होगा, यद्यपि वह सुरक्षित दूरी पर होगा ताकि वह सुनने के दायरे से बाहर रहे;

(iii) बालक के अधिवक्ता की हैसियत से उसका साक्षत्कार लेने की इच्छा रखने वाला व्यक्ति बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय द्वारा सत्यापित वकालतनामा की एक प्रति के साथ अपना नाम, पता और नामांकन संख्या देते हुए लिखित में आवेदन करेगा;

(iv) किसी भी बालक को जो अधिवक्ता नहीं होने का दावा करता है, विधिक सहायता अधिवक्ताओं से मिलने की अनुमति होगी जो सामान्य कार्य प्रणाली में बाल देख–रेख संस्था का दौरा करते हैं।

75. **बालक की मृत्यु।**– (1) बाल देख–रेख संस्था में किसी बालक की मृत्यु होने अथवा आत्महत्या का कोई मामला होने की दशा में निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाई जाएगी:

(i) संस्था को यह सुनिश्चित करना होगा कि मृत्यु समीक्षा और शव परीक्षण की कार्यवाही यथाशीघ्र की जाए।

(ii) किसी प्राकृतिक कारण से या रोगग्रस्त होने के कारण किसी बालक की मृत्यु की दशा में, प्रभारी अधिकारी चिकित्सा अधिकारी से रिपोर्ट प्राप्त करेगा जिसमें मृत्यु का कारण दर्शाया जाएगा और मृत्यु के बारे में लिखित सूचना तत्काल निकटवर्ती पुलिस थाने, बोर्ड, या समिति और उस बालक के माता–पिता या अभिभावकों या रिश्तेदारों को भेजी जाएगी।

(iii) मामला कार्यकर्ता या परिवीक्षा अधिकारी या बाल कल्याण अधिकारी द्वारा प्रभारी अधिकारी और चिकित्सा अधिकारी को तुरंत सूचना दी जाएगी और प्रभारी अधिकारी तत्काल निकटवर्ती पुलिस थाने, बोर्ड या समिति और मृतक बालक के माता–पिता या अभिभावकों या रिश्तेदारों को सूचित करेगा।

(iv) यदि बाल देख–रेख संस्था में प्रवेश पाने के चौबीस घंटे के भीतर किसी बालक की मृत्यु हो जाती है, तो बाल देखरेख संस्था का प्रभारी अधिकारी पुलिस और जिला चिकित्सा अधिकारी या निकटवर्ती सरकारी अस्पताल और ऐसे बालक के माता–पिता या अभिभावकों या रिश्तेदारों को सूचित करेगा।

(v) बाल देख–रेख संस्था के प्रभारी अधिकारी और चिकित्सा अधिकारी उस बालक की मृत्यु की परिस्थितियां रिकॉर्ड करेंगे और संबंधित मजिस्ट्रेट, पुलिस, बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय और जिला चिकित्सा अधिकारी या निकटवर्ती सरकारी अस्पताल, जिसमें निरीक्षण और मृत्यु के कारण की जाँच के लिए बालक के शव को भेजा गया हो, एक रिपोर्ट भेजेंगे और प्रभारी अधिकारी और चिकित्सा अधिकारी मृत्यु के कारण के विषय में अपने विचार, यदि कोई हों, भी अभिलिखित करेंगे और इसे संबंधित मजिस्ट्रेट और पुलिस को देंगे।

(vi) बाल देख–रेख संस्था का प्रभारी अधिकारी और चिकित्सा अधिकारी ऐसे किसी बालक की मृत्यु के कारणों और अन्य ब्यौरों के संबंध में पुलिस या मजिस्ट्रेट द्वारा की जाने वाली किसी भी जाँच के लिए उपलब्ध रहेंगे।

(vii) जैसे ही मृत्यु समीक्षा पूरी हो जाती है, बालक का शव उसके माता–पिता या अभिभावक' या रिश्तेदारों को सौंपा जाएगा या किसी दोवदार के उपस्थिति न होने की दशा में भविष्य में संदर्भ के लिए बालक का फोटोग्राफ रखने के बाद उस बालक के ज्ञात धर्म के अनुसार बाल देखरदेख संस्था के प्रभारी अधिकारी की देख–रेख में उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

76. **बालक का दुर्व्यवहार, शोषण एवं उपेक्षा से बचाव।**–(1) प्रत्येक संस्था में यह सुनिश्चित करने की व्यवस्था की जाएगी कि संस्था में किसी भी बालक के साथ कोई दुर्व्यहार, उपेक्षा और दुराचार न हो और इसमें उन कर्मचारियों को शामिल किया जाएगा जो दुर्व्यवहार, उपेक्षा और दुराचार का अर्थ और इनके प्रारंभिक संकेतों को और इन दुर्व्यवहारों से कैसे निपटते हैं, जानते हैं।

(2) किसी भी संस्था में बालकों की देख–रेख और संरक्षण के उत्तरदायी व्यक्तियों द्वारा बालकों की उपेक्षा सहित उनके साथ शारीरिक, लैंगिक या भावनात्मक दुर्व्यवहार की दशा में निम्नलिखित कार्रवाई की जाएगी, अर्थात्:

(i) दुर्व्यवहार और शोषण की घटनाओं की सूचना प्राप्त होने पर संस्था के किसी भी कर्मचारी द्वारा यह रिपोर्ट तत्काल प्रभारी अधिकारी को की जाएगी तथा यदि प्रभारी व्यक्ति के ऊपर बालकके साथ दुर्व्यवहार या शोषण की घटना कारित करने का आरोप लगता है तो उक्त की सूचना तत्काल प्रभाव से जिला बाल संरक्षण इकाई एवं राज्य बाल संरक्षण समिति को दी जाएगी;

(ii) जब शारीरिक, लैंगिक या भावनात्मक दुर्व्यवहार के आरोप की जानकारी प्रभारी अधिकारी या जिला बाल संरक्षण इकाई या राज्य बाल संरक्षण समिति को होती है, इस संबंध में बोर्ड या समिति के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी, जो परिणामस्वरूप, विशेष अन्वेषण का आदेश देगी;

(iii) बोर्ड या समिति ऐसे मामले को दर्ज करने, ऐसी घटनाओं का सम्यक संज्ञान लेने और आवश्यक अन्वेषण करने के लिए स्थानीय पुलिस थानो या विशेष किशोर पुलिस इकाई को निदेश देगी;

(iv) बोर्ड या समिति यह सुनिश्चित करने के सभी आवश्यक उपाय करेंगी कि जाँच पूरी हो और पीड़ित बालक को विधिक सहायता के साथ–साथ परामर्श उपलब्ध कराए जाएं;

(v) बोर्ड या समिति ऐसे बालक को किसी अन्य संस्था या सुरक्षा के स्थान या उपयुक्त व्यक्ति को स्थनांतरित करेगी;

(vi) संस्था का प्रभारी अधिकारी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष को भी सूचित करेगा और घटना और उस पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई की रिपोर्ट की एक प्रति प्रबंधन समिति की अगली बैठक में उसके समक्ष प्रस्तुत करेगा;

(vii) संस्थाओं में बालकों की बाबत किए गए किसी अन्य अपराध की दशा में, बोर्ड या समिति उसका संज्ञान लेगी और स्थानीय पुलिस थाना या विशेष किशोर पुलिस इकाई द्वारा किए जाने वाले आवश्यक अन्वेषण की व्यवस्था करेगी;

(viii) बोर्ड या समिति दुर्व्यवहार और शोषण के तथ्यों की जाँच करने के लिए प्रत्येक संस्था में गठित बाल समिति से परामर्श करने के साथ–साथ संस्था में बालकों के दुर्व्यहार और शोषण के मामलों से निपटने से संबंधित स्वैच्छिक संगठनों, बाल अधिकार के विशेषज्ञों, मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों या संकट मध्यक्षेप केंद्रों से सहायता प्राप्त कर सकेगी।

77. **रजिस्टरों का रखरखाव।**–(1) कॉलम (3) में उल्लिखित व्यक्ति अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन स्तंभ (2) में उल्लिखित रजिस्टरों का जिसका अभिरक्षक स्तंभ (4) में उल्लिखित व्यक्ति होगा, निम्नानुसार रखरखाव करेगा:

सारणी

क्र.सं.	रजिस्टर और प्ररूप	जिनके द्वारा रखरखाव किए जाएगा	अभिरक्षक
(1)	(2)	(3)	(4)
1	प्रवेश और छुट्टी रजिस्टर जो अभिरक्षा की प्रकृति में परिवर्तन संसूचित करेगा	बाल कल्याण अधिकारी/ मामला कार्यकर्ता/परिवीक्षा अधिकारी/ प्राप्त कर्ता अधिकारी	प्रभारी अधिकारी
2	कर्मचारियों और बालकों की	पाली प्रभारी	प्रभारी अधिकारी

	उपस्थिति रजिस्टर		
3	बजट विवरण फाइल	प्रभारी अधिकारी	प्रभारी अधिकारी
4	प्रत्येक बालक की केस फाइल	बाल कल्याण अधिकारी/मामला कार्यकर्ता/परिवीक्षा अधिकारी	प्रभारी अधिकारी
5	रोकड़ बही	लेखा अधिकारी/खजाँची	प्रभारी अधिकारी
6	बालक सुझाव पुस्तिका	बालक समिति	प्रभारी अधिकारी
7	परामर्श रजिस्टर	परामर्शदाता	प्रभारी अधिकारी
8	नशा मुक्ति कार्यक्रम नामांकन और प्रगति रजिस्टर	बाल कल्याण अधिकारी/ मामला कार्यकर्ता/परिवीक्षा अधिकारी	प्रभारी अधिकारी
9	प्रभार सौंपने का रजिस्टर	पाली प्रभारी	प्रभारी अधिकारी
10	गृह व्यवस्था और सफाई रजिस्टर	गृह माता–पिता	प्रभारी अधिकारी
11	निरीक्षण पुस्तिका	प्रभारी अधिकारी	प्रभारी अधिकारी
12	विधिक सेवा रजिस्टर	बाल कल्याण अधिकारी/मामला कार्यकर्ता/परिवीक्षा अधिकारी	प्रभारी अधिकारी
13	पुस्तकालय रजिस्टर	शिक्षक	प्रभारी अधिकारी
14	लॉग बुक	चालक	प्रभारी अधिकारी
15	भोजन रजिस्टर/पोषण आहार फाइल	गृह माता–पिता/ परिवीक्षा अधिकारी	पाली प्रभारी
16	प्रत्येक बालक की चिकित्सा फाइल	स्टाफ नर्स/पारा मेडिकल स्टाफ	प्रभारी अधिकारी
17	बैठक पुस्तिका	बाल कल्याण अधिकारी/ मामला कार्यकर्ता/परिवीक्षा अधिकारी	प्रभारी अधिकारी
18	बालक समितियों की कार्यवृत्त रजिस्टर	बाल कल्याण अधिकारी/ मामला कार्यकर्ता/परिवीक्षा अधिकारी	प्रभारी अधिकारी
19	प्रबंधन समिति की कार्यवृत्त रजिस्टर	प्रभारी अधिकारी	प्रभारी अधिकारी
20	आदेश पुस्तिका	प्रभारी अधिकारी	प्रभारी अधिकारी
21	व्यक्तिगत सामान रजिस्टर	बाल कल्याण अधिकारी/ मामला कार्यकर्ता/परिवीक्षा अधिकारी	प्रभारी अधिकारी
22	प्रस्तुति रजिस्टर	परिवीक्षा अधिकारी/बाल कल्याण अधिकारी/मामला कार्यकर्ता/ परिवीक्षा अधिकारी	प्रभारी अधिकारी
23	कर्मचारी संचालन रजिस्टर	सुरक्षा प्रभारी	प्रभारी अधिकारी
24	स्टॉक रजिस्टर	लेखापाल–सह–भण्डारपाल	प्रभारी अधिकारी
25	आगमन एवं बहिर्गमन रजिस्टर	सुरक्षा गार्ड	प्रभारी अधिकारी
26	आगंतुक पुस्तिका	सुरक्षा गार्ड	मुख्य द्वारपाल
27	अन्य कोई रजिस्टर जैसा कि राज्य सरकार द्वारा दिये गये आदेश/दिशानिर्देश में वर्णित है	राज्य सरकार द्वारा दिए गए आदेशानुसार	प्रभारी अधिकारी

78. **खुलापन और पारदर्शिता।**– (1) समस्त बाल देख–रेख संस्थाओं को बोर्ड या समिति या प्रभारी अधिकारी की अनुमति से आगंतुकों के लिए खोला जाएगा। बोर्ड या समिति या प्रभारी अधिकारी स्वैच्छिक संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, अनुसंधानकर्ताओं, चिकित्सकों, शिक्षाविदों को अंदर आने की अनुमति दे सकते हैं और उसी तरह ऐसे अन्य व्यक्तियों को प्रबंधन समिति बालकों की सुरक्षा, कल्याण और हित का ध्यान रखते हुए उपयुक्त समझे, अनुमति दे सकती है।

603

(2) जहाँ उप–नियम (1) में निर्दिष्ट अनुमति प्रभारी अधिकारी द्वारा दी जाती है, वह राज्य यथास्थिति जिला बाल संरक्षण इकाई तथा राज्य बाल संरक्षण समिति और बोर्ड या समिति, जैसा भी मामला हो, के लिए भी ऐसी अनुमति की मासिक रिपोर्ट तैयार करेगा जिसमें बोर्ड या समिति से प्राप्त आदेश शामिल होंगे।

(3) बाल देख–रेख संस्था का प्रभारी अधिकारी संस्था में स्थितियों में सुधार करने या बालक की सहायता करने के लिए स्थानीय समुदाय और नियमों को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करेगा।

(4) प्रभारी अधिकारी आगंतुकों की टिप्पणियों का अभिलेख रखने के लिए आगंतुक पुस्तिका रखेंगे।

(5) प्रभारी अधिकारी बालकों की गरिमा बनाए रखने के लिए आगंतुकों को सूचित करने के सभी उपाय करेगा।

79. **बाल देख–रेख संस्था से बालक की रिहाई।**–(1) बाल देख–रेख संस्था का प्रभारी अधिकारी बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय द्वारा यथा आदेशित आवास की अवधि की समाप्ति पर रिहा किए जाने बाले बालकों के मामलों का रोस्टर रखेगा।

(2) बालक की रिहाई और रिहाई की सही तारीख की समयोचित सूचना बालक के माता–पिता या अभिभावक को दी जाएगी और माता–पिता या अभिभावक को उस तारीख को बालक का प्रभार लेने के लिए परिचय पत्र के अतिरिक्त अन्य कोई जरूरी कागजात जो कि बालक के साथ उनके संबंध को प्रमाणित करता है, को लेकर बाल देख–रेख संस्था में बुलाया जाएगा और यदि आवश्यक हो, माता–पिता या अभिभावक की दोनों ओर की यात्रा और बालक की बाल देख–रेख संस्था से यात्रा के वास्तविक व्यय का भुगतान बालक की रिहाई के समय प्रभारी अधिकारी द्वारा माता–पिता या अभिभावक को किया जाएगा।

(3) यदि माता–पिता या अभिभावक, नियत तारीख को आने में और बालक का यथास्थिति प्रभार लेने में असफल रहते हैं, बालक को बाल देख–रेख संस्था के मार्गरक्षी या विशेष पुलिस ईकाई या चाइल्डलाईन या अन्य सामाजिक या स्वैच्छिक संस्था के द्वारा ले जाया जाएगा, और बालिका के मामले में, उसे महिला मार्गरक्षी द्वारा ले जाया जाएगा जो उसे उसके माता–पिता/अभिभावक की अभिरक्षा में सौंपेगी।

(4) रिहाई या छुट्टी के समय, बालक को उपयुक्त कपड़ों का सेट और आवश्यक प्रसाधन सामग्री दी जा सकेगी।

(5) जब बालक अठारह वर्ष की आयु का हो जाता है, उसका स्थापन, यदि वह पात्र है, बालक की सहमति और बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय के अनुमोदन अध्यधीन, परवर्ती देख–रेख कार्यक्रम में किया जा सकेगा।

(6) यदि रिहाई की तारीख रविवार या सार्वजनिक अवकाश वाले दिन पड़ती है, तो बालक को उससे पूर्वगामी दिन छुट्टी दे दी जाएगी और छुट्टी रजिस्टर में इस संबंध में एक प्रविष्टि की जाएगी।

(7) बाल देख–रेख संस्था का प्रभारी अधिकारी उपयुक्त मामलों में, राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर नियत दरों पर यथास्थिति निर्वाह धन और रेल/या सड़क किराया, का भुगतान कर सकेगा।

(8) जहाँ किसी बालिका के पास रिहाई के बाद जाने का कोई स्थान नहीं होता है और वह आवास की अवधि की समाप्ति के बाद भी बाल देख–रेख संस्था में रूकने का अनुरोध करती है, प्रभारी अधिकारी, बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय के अनुमोदन के अध्यधीन, सीमित समय के लिए जब तक उस बालिका द्वारा कोई अन्य उपयुक्त व्यवस्था नहीं कर ली जाती है, उसके आवास को अनुमति दे सकेगा।

80. **ऐसे रोगों से जिनके लिए अनुमोदित स्थान में दीर्घकालिक चिकित्सा उपचार की जरूरत होती है, पीड़ित बालक और बालिका का स्थानांतरण जो मानसिक रूप से रोगग्रस्त है या अल्कोहल या अन्य नशीली दवाइयों का आदी है.**–(1) बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय ऐसे बालक को जो मानसिक रूप से रोगग्रस्त है या अल्कोहल या अन्य नशीली दवाइयों या किसी अन्य मादक पदार्थ का आदी है जिसके परिणामस्वरूप किसी व्यक्ति में व्यवहारगत परिवर्तन होते है, ऐसी अवधि या उसके आवास की शेष अवधि के लिए जो ऐसे बालक को, बालक के उपचार के लिए यथा आवश्यक है, उपयुक्त सुविधा में भेजेगा जिसे चिकित्सा अधिकारी या मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ द्वारा प्रमाणित किया गया है या प्रभारी अधिकारी या बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्ता द्वारा अनुशंसा की गई है।

(2) जब बालक रोग या शारीरिक या मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से ठीक हो गया हो, बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय ऐसे बालक को उस देख–रेख में जहाँ से उसे उपचार के लिए हटाया गया था, वापस रखे जाने का आदेश देगा और यदि उस बालक को और अधिक समय तक देख–रेख में रखा जाना आवश्यक नहीं है, तो बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय उसकी छुट्टी करने का आदेश कर सकेगा।

(3) राज्य सरकार व्यसनी बालकों के लिए उपयुक्त आयु समूहों के आधार पर अलग समेकित पुनर्वास केंद्रों की स्थापना करेगी।

81. **बालक का स्थानांतरण**।–(1) जाँच के दौरान, यदि यह पाया जाता है कि बालक बोर्ड या समिति के कार्यक्षेत्र से बाहर के स्थान का है, तो बोर्ड या समिति बालक के स्थानांतरण का आदेश करेगी और आदेश की एक प्रति जिसमें ऐसे स्थानांतरण के कारणों एवं परिस्थितियों को लेखबद्व किया जाएगा, राज्य सरकार और जिला बाल संरक्षण इकाई को भेजेगी।

(2) तद्नुसार जिला बाल संरक्षण इकाई :–

(i) उपयुक्त बोर्ड या समिति को, जिसके कार्यक्षेत्र में वह क्षेत्र आता है जहाँ बोर्ड या समिति द्वारा बालक के स्थानांतरण का आदेश किया गया है, स्थानांतरण की सूचना भेजेगी; और

(ii) संस्था के प्रभारी अधिकारी को जहाँ बालक को स्थानांतरण आदेश के समय देख–रेख और संरक्षण के लिए रखा गया है, सूचना की एक प्रति भेजेगी।

(3) बालक के मार्गरक्षण आदेश में यथा विनिर्दिष्टित स्थान या व्यक्ति तक पहुँचाने में आने वाले खर्च का राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मानदंडों के आधार पर निर्धारित रूप में किया

601

जाएगा तथा अंतरर्राज्यीय स्थानान्तरण के मामले में बच्चे के हस्तांतरण में किये गये खर्च का वहन दैनिक आधार पर निर्धारित यात्रा भत्ता के अनुसार किया जाएगा, जिसका भुगतान संबंधित राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा, जिसके द्वारा बालक का स्थानांतरण किया गया है। राज्य के भीतर बच्चों के स्थानान्तरण के मामले में खर्च का वहन निर्धारित मानदंडों के अनुसार संबंधित जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा किया जाएगा, जहाँ बालक का स्थानांतरण किया गया है।

(4) ऐसे स्थानांतरण पर, बालक की केस फाइल और उसके अभिलेख जिसमें राज्य सरकार तथा/अथवा केन्द्र सरकार द्वारा विकसित अभिहित पोर्टल पर उपलब्ध सूचना भी शामिल है, बालक के साथ भेजे जाएँगे।

(5) जहाँ बालक दूसरे देश का नागरिक है, ऐसे देश को छोड़कर, जिसके साथ नागरिकों के स्वतंत्र आवाजाही/आवागमन के संबंध में विशेष संधि की गयी हो जैसे–नेपाल, बोर्ड या समिति के समक्ष बालक को प्रस्तुत करने पर बोर्ड या समिति तत्काल राज्य सरकार को सूचित करेगी जो गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के परामर्श से, जैसा भी मामला हो, शीघ्र बालक के प्रत्यावर्तन की प्रक्रिया शुरू करेगी।

(6) प्रत्यावर्तन को अंतिम रूप दिया जाना लंबित रहने की अवधि के दौरान, बालक को देख–रेख संस्था में रखा जाएगा।

(7) दूसरे देश में बालक के प्रत्यावर्तन पर हुए व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।

82. **वापस भेजा जाना और अनुवर्तन।**–(1) बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय, बालक और उनके माता–पिता या अभिभावक की सुनवाई के बाद और माता–पिता या अभिभावक होने का दावा करने वाले व्यक्तियों की पहचान के बारे में स्वयं को संतुष्ट करने के बाद बाल देख–रेख संस्था में रखे गए बालक (बाल श्रमिक को छोड़कर) की रिहाई के लिए प्ररूप 44 में आदेश देगी।

(2) बालक को वापस भेजे जाने का आदेश पारित करते समय, बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय उपयुक्त मामले में बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय के निर्देश पर तैयार की गई गृह अध्ययन रिपोर्ट सहित परिवीक्षा अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता या बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्ता की रिपोर्टों और बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया कोई अन्य प्रासंगिक दस्तावेज या रिपोर्ट पर विचार करेगा।

(3) वापस भेजे जाने के आदेश में परिवीक्षा अधिकारी या सामाजिक कार्यकर्ता या बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्ता या गैर–सरकारी संगठन द्वारा तैयार की व्यक्तिगत देख–रेख योजना सम्मिलित की जाएगी।

(4) बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय, बालक को वापस भेजे जाने का निदेश देते समय, जहाँ कहीं आवश्यक है, प्ररूप 45 में मार्गरक्षण के लिए आदेश पारित करेगा।

(5) पुलिस के अतिरिक्त, बोर्ड या समिति, बालक को परिवार में वापस भेजे जाने के लिए गैर–सरकारी संगठनों का सहयोग लेगी।

(6) बालिकाओं के मामले में, बालिका को महिला अभिरक्षा दल के साथ भेजा जाएगा।

(7) पुलिसकर्मी बालक के मार्गरक्षण के समय अपनी वर्दी में नहीं होंगे।

(8) मार्गरक्षण दल ऐसे स्थान या पड़ोस में जहाँ पर बालक को पुनर्समेकित करने का आदेश दिया गया है, उस स्थान पर अथवा पारगमन के समय बालक की गरिमा एवं सूचना की गोपनीयता की रक्षा करेंगे।

(9) बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय द्वारा वापस भेजे जाने के आदेश की प्रति के साथ–साथ मार्गरक्षण आदेश की प्रति जिला बाल संरक्षण इकाई को भेजी जाएगी जो यात्रा और अन्य आकस्मिक खर्चों सहित बालक को वापस भेजे जाने के लिए राशि प्रदान करेगी।

(10) जब कोई बालक परिवार में वापस जाने की अनिच्छा प्रकट करता है, तो बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय इस कारणों का पता लगाने के लिए बालक के साथ वार्तलाप करेगा और इस बात को दर्ज करेगा और बालक को परिवार में वापस जाने के लिए न तो बाध्य किया जाएगा और न ही समझाया जाएगा। बालक को ऐसी स्थिति में भी परिवार में वापस नहीं भेजा जाएगा जहाँ बाल कल्याण अधिकारी या सामाजिक कार्यकर्ता या मामला कार्यकर्ता या गैर–सरकारी संगठन यह सिद्व करता हो कि बालक का परिवार में वापस जाना उसके हित में नहीं है। बालक को ऐसे परिबार में भी वापस नहीं भेजा जाएगा जहाँ माता–पिता या अभिभावक बालक को वापस स्वीकार करने से इंकार करते हैं। ऐसे सभी मामलों में, बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय पुनर्वास के वैकल्पिक साधन प्रदान करेगा।

(11) व्यक्तिगत देख–रेख योजना के भाग के रूप में परिवीक्षा अधिकारी या बाल कल्याण अधिकारी या मामला कार्यकर्ता या समाजिक कार्यकर्ता या गैर–सरकारी संगठन द्वारा एक अनुवर्ती योजना तैयार की जाएगी।

(12) अनुवर्ती रिपोर्ट में बालक को वापस भेजने के बाद उसकी स्थिति और बालक की असुरक्षा में आगे और कमी लाने के लिए आवश्यक उपायों का उल्लेख होगा।

83. किशोर न्याय निधि।–(1) राज्य सरकार इस अधिनियम और इन नियमों के अधीन आने वाले बालकों के कल्याण और पुनर्वास के लिए किशोर न्याय निधि नामक निधि का सृजन करेगी।

(2) राज्य सरकार किशोर न्याय निधि के लिए पर्याप्त बजट उपबंध करेगी।

(3) किशोर न्याय निधि में दान, स्वैच्छिक अभिदान, अंशदान या निगम सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत निधि, चाहे किसी विशेष प्रयोजन के लिए या बिना किसी विशेष प्रयोजन के, प्राप्त कर सकेगी और ऐसी निधि सीधे किशोर न्याय निधि में जमा की जाएगी।

(4) किशोर न्याय निधि का राज्य सरकार द्वारा उपयोग निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए किया जा सकेगा अर्थात् :–

(i) बाल देख–रेख संस्थाओं की स्थापना और संचालन;

(ii) बाल देख–रेख संस्थाओं में बालकों के कल्याण के लिए अभिनव कार्यक्रमों को सहायता;

(iii) विधिक सहायक और समर्थन का सुदृढीकरण;

599

(iv) उद्यमशीलता सहायता, कौशल विकास या व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना;

(v) अठारह वर्ष की आयु की होने पर बाल देख–रेख संस्था छोड़कर जा रहे बालकों का एकमुश्त निर्वहन सहायता प्रदान करना;

(vi) ऐसे व्यक्तियों को जिन्होंने संस्थागत देख–रेख में अठारह वर्ष की आयु पार कर ली है, जीवन की मुख्यधारा में पुनर्समेकन को समर्थन देने के लिए छोटे व्यापार शुरू करने के लिए पूंजी और अवसंरचना उपलब्ध कराने के लिए देख–रेख सुविधाएँ और उद्यमशीलता निधि प्रदान करना;

(vii) पालन–पोषण देख–रेख, प्रायोजकता और परवर्ती देख–रेख प्रदान करना;

(viii) उग्रवादी समूहों और वयस्क समूहों से छूटे बच्चे सहित विशेष परिस्थितियों में रह रहे बालकों का पुनर्वास;

(ix) बालक को विचारण और वापस भेजे जाने के लिए यात्रा के व्यय को वहन करना, पुलिस सहित मार्गरक्षकों के व्यय सहित;

(x) बाल अनुकूल पुलिस थानों, बोर्डो, न्यायालयों और समितियों का सृजन करना;

(xi) बालकों की जरूरतों को समझने के लिए माता–पिता और देख–रेख कर्ताओं की क्षमता निर्माण;

(xii) बाल अधिकारों और बालकों के विरूद्व होने वाले अपराधों पर जागरूकता विकास कार्यक्रम;

(xiii) बालकों को विरूद्व अपराधों को पहचानने और उनकी रिपोर्ट करने के लिए समुदाय आधारित बाल संरक्षण कार्यक्रमों को तैयार करना;

(xiv) इस अधिनियम के अंतर्गत समाविष्ट किए गए बालकों के लिए विशेषज्ञ व्यावसायिक सेवाएं, परामर्शदाता, अनुवादक, दुभाषिया, विशेष शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता, मानसिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता, व्यावसायिक प्रशिक्षक आदि प्रदान करना;

(xv) बाल देख–रैख संस्थाओं में रहनेवाले बालकों सहित इस अधिनियम के अंतर्गत समाविष्ट किए गए बालकों को मनोरंजन सुविधाएँ और उनके लिए पाठयक्रम संबंधी अतिरिक्त कार्यकलाप;

(xvi) कैंसर से पीड़ित बालकों को प्रशामक देख–रेख और उनके माता–पिता को ठहरने की सुविधाएं;

(xvii) नाजुक परिस्थिति में या जीवन रक्षा के लिए चिकित्सीय उपचार; और

(xviii) इस अधिनियम और इन नियमों में शामिल किए बालक के समग्र संवृद्वि, विकास और कल्याण को समर्थन देने के लिए राज्य सरकार द्वारा कोई अन्य कार्यक्रम या कार्यकलाप जो बच्चों के सर्वोत्तम हित हेतु उचित हो।

(5) किशोर न्याय निधि का रखरखाव और संचालन इस अधिनियम से संबंधित राज्य सरकार के विभाग द्वारा राज्य बाल संरक्षण समिति के माध्यम से किया जाएगा।

(6) राज्य सरकार के अनुमोदन से राज्य बाल संरक्षण समिति किशोर न्याय निधि के उपयोग का नियमन करने के लिए वित्तीय नियमों को अंगीकार करेगी।

84. राज्य **बाल संरक्षण समिति**।—(1) राज्य बाल संरक्षण समिति निम्नलिखित कार्य करेगी अर्थात् :

(i) राज्य में अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के कार्यान्वयन की निगरानी और अधिनियम के अधीन अभिकरणों और संस्थाओं का पर्यवक्षण और उन्हें मॉनीटर करना;

(ii) बालकों की देख–रेख और संरक्षण से संबंधित बाधाओं, मुद्दों और शिकायतों को हल करना;

(iii) यह सुनिश्चित करना कि इस अधिनियम और इन नियमों के अधीन स्थापित सभी संस्थाएं अपने स्थान पर हैं और उन्हें सौंपे गए कर्तव्यों का निर्वहन कर रही है;

(iv) विभिन्न जिलों में संस्थाओं के कार्यकरण पर विभिन्न जिला बाल संरक्षण इकाइयों से प्राप्त रिपोर्टों की समीक्षा करना और जहाँ कही आवश्यक है, बालकों के संरक्षण को सुकर बनाने के लिए कार्रवाई करना और जिला बाल संरक्षण इकाइयों के कार्यकरण की मानीटर करना;

(v) पालन–पोषण देख–रेख, प्रायोजकता और परवर्ती देख–रेख के लिए कार्यक्रम तैयार करना;

(vi) बाल देख–रेख संस्थाओं में और अन्य संस्थागत देख–रेख के अधीन मृत्यु या आत्महत्या के मामलों की जाँच करना, रिपोर्ट मंगाना और सिफारिशें करना;

(vii) राज्य और केंद्रीय सरकार के संबंधित विभागों और अन्य राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों की राज्य बाल संरक्षण समिति से अंतर–विभागीय समन्वय और संपर्क सुनिश्चित करना;

(viii) इस अधिनियम और इन नियमों के दक्षतापूर्वक कार्यान्वयन के लिए कार्य कर रहे नागरिक समाज के संगठनों के साथ नेटवर्क और समन्वय करना;

(ix) संस्थागत देख–रेख और परिवार आधारित गैर–संस्थागत देख–रेख में सभी बालकों का राज्य स्तरीय डाटा बेस का रखरखाव करना और इसका तिमाही आधार पर अद्यतनीकरण करना;

(x) राज्य स्तर पर बाल देख–रेख संस्थाओं, विशेष दत्तक ग्रहण अभिकरणों, मुक्त आश्रयों, उपयुक्त व्यक्तियों और उपयुक्त सुविधाओं, पंजीकृत पोषक माता–पिता, प्रायोजकों, परवर्ती देख–रेख संगठनों और अन्य संस्थाओं के डाटा बेस का रखरखाव;

(xi) राज्य स्तर पर चिकित्सा और परामर्श केंद्रों, नशा–मुक्ति केंद्रों, अस्पतालों, मुक्त विद्यालयों, शिक्षा सुविधाओं, प्रशिक्षुता और व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों और केंद्रों, प्रदर्शन कला, ललित कला जैसी मनोरंजन सुविधाओं और विशेष जरूरतों वाले बालकों के लिए सुविधाओं और ऐसी अन्य सुविधाओं के डाटा बेस का रखरखाव;

(xii) राज्य सरकार द्वारा स्थापित किशोर न्याय निधि को मॉनीटर करना और संचालित करना जिसमें यथास्थिति जिला बाल संरक्षण इकाइयों, विशेष किशोर पुलिस इकाइयों और पुलिस थानों को, निधियों का संवितरण शामिल है;

(xiii) राज्य बाल संरक्षण समिति द्वारा प्राप्त की गई सभी निधियों जैसे कि किशोर न्याय निधि, केंद्र और राज्य सरकार की स्कीमों के अंतर्गत निधियां, के लिए अलग–अलग खातों का रखरखाव करना और उनकी लेखा परीक्षा कराना;

(xiv) अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के विभिन्न पहलुओं पर विशेषकर विद्यमान संस्थागत ढाँचों, पुनर्वास उपायों, शास्तियों, बालकों के बेहतर संरक्षण संरक्षण की प्रक्रियाओं के बारे लोगों में जागरूकता विकसित करना;

(xv) पक्षकारों के प्रशिक्षण और उनकी क्षमता निर्माण सहित अधिनियम के कार्यान्वयन के लिए कार्यक्रम आयोजित और संचालित करना;

(xvi) बाल संरक्षण पर अनुसंधान कार्यक्रम कराना;

(xvii) राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और विधि महाविद्यालयो के साथ समन्वय करना; और

(xviii) अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के दक्षतापूर्वक कार्यान्वयन के लिए कोई अन्य कार्य।

(2) राज्य बाल संरक्षण समिति का सदस्य–सचिव राज्य में अधिनियम और उसके अधीन बनाये गये नियमों के कार्यान्वयन के लिए नोडल अधिकारी होगा।

85. **जिला बाल संरक्षण इकाई**।– (1) जिला बाल संरक्षण इकाई निम्नलिखित कार्य करेगी अर्थात् :

(i) बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किए गए कानून का उल्लंघन करने वाले बालकों के बारे में बोर्ड द्वारा भेजी गई तिमाही सूचना की रिपोर्टो और समिति द्वारा भेजी गई तिमाही रिपोर्टो का रखरखाव;

(ii) बालकों के लिए व्यक्तिगत या सामूहिक परामर्श और सामुदायिक सेवाओं की व्यवस्था करना;

(iii) जघन्य अपराध करने के लिए कानून का उल्लंघन करने वाले सोलह से अठारह वर्ष की आयु वर्ग के बालकों के लिए बाल न्यायालय के निदेश पर तैयार की गई व्यक्तिगत देख–रेख योजना का अनुवर्तन करना;

(iv) सुरक्षित स्थान पर रखे गए बालकों की प्रत्येक वर्ष समीक्षा करना और बाल न्यायालय को रिपोर्ट अग्रेषित करना;

(v) ऐसे व्यक्तियों की जिन्हें मानीटर प्राधिकारी के रूप नियुक्त किया जा सकता है सूची का रखरखाव करना और ऐसे व्यक्तियों की सूची को बाल न्यायालय को भेजना जिसका प्रत्येक दो वर्ष पर अद्यतनीकरण किया जाएगा;

(vi) बाल देख–रेख संस्थाओं से भाग गए बालकों का अभिलेख रखना;

(vii) जोखिम में रह रहे परिवारों और देख–रेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालकों की पहचान करना;

(viii) कठिन परिस्थितियों में रह रहे बालकों की संख्या का मूल्यांकन करना और कठिन परिस्थितियों में रह रहे बालकों की प्रवृत्ति और स्वरूप का मॉनीटर करने के लिए जिला–विशिष्ट डाटा बेस तैयार करना;

(ix) संसाधन निदेशिका तैयार करने और समय–समय पर समितियों और बोर्डो को सूचना उपलब्ध कराने के लिए जिला स्तर पर बालकों से संबंधित सभी सुविधाओं का नियतकालिक और नियमित मानचित्र तैयार करना;

(x) प्रत्येक वर्ष जिला बाल संरक्षण योजना तैयार करना एवं राज्य बाल संरक्षण समिति को भेजना;

(xi) बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय के आदेशों के अनुसार प्रायोजन, पालन–पोषण देख–रेख और परवर्ती देख–रेख सहित गैर–संस्थागत कार्यक्रमों का कार्यन्वयन सुकर बनाना;

(xii) बालकों के परिवार में उनको वापस भेजे जाने के सभी स्तरों पर बालकों का स्थानांतरण सुकर बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मानदंडों के आधार पर बालकों के स्थानान्तरण के संबंध में हुए व्यय हेतु मार्गरक्षी दल को आवश्यक निधि प्रदान करना;

(xiii) अंतर–विभागीय समन्वय सुनिश्चित करना और राज्य सरकार के संबंधित विभागों और राज्य की राज्य बाल संरक्षण समिति और राज्य की अन्य जिला बाल संरक्षण इकाइयों से संपर्क बनाना;

(xiv) अधिनियम के अधीन कार्य कर रहे नागरिक समाज के संगठनों के साथ नेटवर्क बनाना और समन्वय करना;

(xv) जिले में संचालित चाइल्डलाईन सेवा से समन्वय करना;

(xvi) बाल देख–रेख संस्थाओं में और अन्य संस्थागत देख–रेख के अधीन मृत्यु या आत्महत्या के मामलों की जाँच करना, रिपोर्ट मंगाना और कार्रवाई कराना और राज्य बाल संरक्षण समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करना;

(xvii) बाल सुझाव पेटिका में मिली बालकों की शिकायतों और उनके सुझावों की जाँच करना और उपयुक्त कार्रवाई करना;

(xviii) बाल देख–रेख संस्थाओं की प्रबंधन समितियों में प्रतिनिधि होना;

(xix) बाल संरक्षण के निषेधात्मक तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए ग्राम, प्रखंड तथा वार्ड स्तर पर बाल संरक्षण समितियों का गठन करना तथा उनको अपने कार्यों के क्रियान्वयन में सहायता प्रदान करना;

(xx) संस्थागत देख–रेख में गुमशुदा बालकों के जिला स्तरीय डाटा बेस का रखरखाव करना और उसे नामनिर्दिष्ट पोर्टल पर अपलोड करना और मुक्त आश्रयों की सुविधा ले रहे बालकों और पालन पोषण देख–रेख में रखे गए बालकों के जिला स्तरीय डाटा बेस का रख रखाव करना;

(xxi) जिला स्तर पर बाल देख–रेख संस्थाओं, विशेष दत्तक ग्रहण अभिकरणों, मुक्त आश्रयों, उपयुक्त व्यक्तियों और उपयुक्त सुविधाओं, पंजीकृत पोषक माता–पिता, परवर्ती देख–रेख संगठनों और संस्थाओ आदि के डाटा बेस का रखरखाव करना और उसे बोर्डों या समितियों या बाल न्यायालयों, जैसा भी मामला हो, और राज्य बाल संरक्षण समिति को अग्रेषित करना;

(xxii) जिला स्तर चिकित्सा और परामर्श केंद्रों, नशा–मुक्ति केंद्रों, अस्पतालों, मुक्त विद्यालयों, शिक्षा सुविधाओं, प्रशिक्षुता और व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों और केंद्रों, प्रदर्शन कला, ललित कला जैसी मनोरंजन सुविधाओं और विशेष जरूरतों वाले बालकों के लिए सुविधाओं और ऐसी अन्य सुविधाओं के डाटा बेस का रख रखाव करना और उसे बोर्डों या समितियों या बाल न्यायालयों और राज्य बाल संरक्षण समिति को अग्रेषित करना;

(xxiii) जिला स्तर पर विशेष शिक्षकों, मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों, अनुवादक, दुभाषिया, परामर्शदाता, मनोवैज्ञानिकों या मनः–सामाजिक कार्यकर्ताओं और अन्य विशेषज्ञों, जिन्हें कठिन परिस्थितियों में रह रहे बालकों के साथ कार्य करने का अनुभव है, सुविधाओं के डाटा बेस का रखरखाव करना और उसे बोर्डों या समितियों या बाल न्यायालयों ओर राज्य बाल संरक्षण समिति को अग्रेषित करना;

(xxiv) जागरूकता विकसित करना और अधिनियम के अधीन पक्षकारों के प्रशिक्षण और उनकी क्षमता निर्माण सहित अधिनियम के कार्यान्वयन के लिए कार्यक्रमों का आयोजन और संचालन करना;

(xxv) जिला स्तर के सभी पक्षकारों के साथ किशोर न्याय अधिनियम तथा बाल संरक्षण से संबंधित अन्य अधिनियमों के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा तथा समन्वयन के मुद्दों को हल करने के लिए तिमाही बैठकें आयोजित करना;

(xxvi) राज्य बाल संरक्षण समिति को मासिक/त्रैमासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना;

(xxvii) बोर्ड या समिति में रिक्त पदो के बारे में, ऐसे पद रिक्त होने से छह माह पूर्व, राज्य सरकार को सूचित करना;

(xxviii) जाँच समितियों की रिपोर्टो की समीक्षा करना और पक्षकारों के बीच समन्वय करके उठाए गए मुद्दों को हल करना;

(xxix) समितियों और बोर्डों को सचिवालयी कर्मचारी प्रदान करना;

(xxx) बाल देख–रेख संस्थाओं के कार्यकरण में सुधार के लिए समुदाय और निगमों के साथ संपर्क सहित अधिनियम के दक्षतापूर्ण कार्यान्वयन के लिए सभी अन्य आवश्यक कार्य।

(2) जिला बाल संरक्षण ईकाई के सहायक निदेशक जिले में अधिनियम और उसके तहत बनाए गए नियमों के कार्यान्वयन के लिए नोडल अधिकारी होगा।

86. **विशेष किशोर पुलिस इकाई।**– (1) राज्य सरकार बालकों से संबंधित पुलिस के सभी कृत्यों का समन्वय करने के लिए प्रत्येक जिला और शहर में विशेष किशोर पुलिस इकाई गठित करेगी।

(2) केंद्रीय सरकार द्वारा रेलवे सुरक्षा बल या राजकीय रेलवे पुलिस के लिए विशेष किशोर पुलिस इकाई गठित करेगी और जहाँ कहीं विशेष किशोर पुलिस इकाई गठित नहीं की जा सकती है, वहाँ पर रेलवे सुरक्षा बल या राजकीय रेलवे पुलिस के कम से कम एक अधिकारी को बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के रूप में नामनिर्दिष्ट किया जाएगा।

(3) बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों और विशेष किशोर पुलिस इकाई के अन्य पुलिस अधिकारियों को बालकों से संबंधित मामलों से निपटने के लिए उपयुक्त प्रशिक्षण और अभिविन्यास दिया जाएगा।

(4) नामनिर्दिष्ट बाल कल्याण पुलिस अधिकारी का स्थानांतरण और तैनाती अन्य पुलिस थानों की विशेष किशोर पुलिस इकाइयों या जिला इकाई में की जा सकेगी।

(5) बालकों से वार्तालाप करने वाला पुलिस अधिकारी जहाँ तक संभव हो सादा कपड़ों में होगा और वर्दी में नहीं होगा और बालिकाओं के साथ पेश आने के लिए महिला पुलिस कर्मियों को लगाया जाएगा।

(6) बाल कल्याण पुलिस अधिकारी या कोई अन्य पुलिस अधिकारी विनम्र और सौम्य तरीके से बात करेगा और बालक की गरिमा और उसका आत्म सम्मान बनाए रखेगा।

(7) जहाँ कहीं ऐसे प्रश्न पूछे जाने है जो बालक को असहज बना सकते हैं, ऐस प्रश्नों को विनम्र तरीके से पूछा जाएगा।

(8) जब किसी बालक के विरूद्व अपराध के लिए प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की जाती है, प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रति शिकायतकर्ता और पीड़ित बालक को दी सौंपी जाएगी और अन्वेषण पूरा होने के बाद, अन्वेषण की रिपोर्ट और अन्य प्रासंगिक दस्तावेजों की एक प्रति शिकायतकर्ता या उसकी ओर से कार्य करने के लिए प्राधिकृत किसी व्यक्ति को सौंपी जाएगी।

(9) किसी भी अभियुक्त या संभावित अभियुक्त को बालक के संपर्क में नहीं आने दिया जाएगा और जहाँ पीड़ित और कानून का उल्लंघन करने वाला व्यक्ति दोनों ही बालक हैं, उन्हें एक दूसरे के संपर्क में नहीं लाया जाएगा।

(10) विशेष किशोर पुलिस इकाई के पास निम्नलिखित की सूची होगी:

(i) इसके विधिवत क्षेत्राधिकार में बोर्ड और बाल कल्याण समिति, बैठक के उनके स्थान, बैठक के घंटे, बोर्ड के मुख्य मजिस्ट्रेट और सदस्यो के नाम और संपर्क ब्यौरों, समिति के अध्यक्ष और सदस्यों के नाम और संपर्क ब्यौरों और बोर्ड और समिति के सामने अपनाई जाने वाली प्रक्रिया; और

(ii) इसके विधिवत क्षेत्राधिकार में बाल देख–रेख संस्थाओं और उपयुक्त सुविधाओं के संपर्क ब्यौरों।

(11) विशेष किशोर पुलिस इकाई और बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के नाम और संपर्क ब्यौरे पुलिस थानों, बाल देख–रेख संस्थाओं, समितियों, बोर्डो और बाल न्यायालयों के प्रमुख भाग में प्रदर्शित किए जाएंगे।

593

(12) विशेष किशोर पुलिस इकाई उसके क्षेत्राधिकार में बालकों के कल्याण से संबंधित मामलों में जिला बाल संरक्षण इकाई, बोर्ड और समिति के निकट समन्वय में कार्य करेगी।

(13) विशेष किशोर पुलिस इकाई बालकों को कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ समन्वय करेगी।

87. चयन समिति और इसकी अवसंरचना।– (1) राज्य सरकार राजपत्र में अधिसूचना द्वारा तीन वर्ष की अवधि के लिए चयन समिति का गठन करेगी जिसमं निम्नलिखित सदस्य होंगे अर्थात् :

(i) राज्य के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श से अध्यक्ष के रूप में उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश;

(ii) पदेन सदस्य सचिव के रूप में अधिनियम का कार्यान्वयन कर रहे विभाग का एक प्रतिनिधि जो कि निदेशक के स्तर से नीचे का न हो;

(iii) दो अलग–अलग प्रतिष्ठित गैर–सरकारी संगठनों जो क्रमशः बाल विकास और बाल संरक्षण के क्षेत्र में कम से कम सात वर्ष से कार्य कर रहे हों लेकिन किसी भी बाल संस्था का प्रबंधन या संचालन नहीं कर रहे हों, के दो प्रतिनिधि;

(iv) शैक्षणिक निकायों या विश्वविद्यालयों, अधिमानतः समाज कार्य, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, विधि संकाय से दो प्रतिनिधि जिनके पास बालकों से संबंधित मुद्दों पर कार्य करने का कम से कम सात वर्ष अनुभव हो;

(v) राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग का एक प्रतिनिधि; और

(vi) राज्य सेवा के विशेष सचिव स्तर से अन्यून अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति समुदाय के पदाधिकारी।

(2) समिति अपना कार्यकाल पूरा होने के बाद अधिकतम छः मास की अवधि तक बनी रहेगी जिस समय तक नई समिति गठित हो जाएगी।

(3) यदि चयन समिति में कोई पद रिक्त होता है, तो सदस्य सचिव अधिनियम का कार्यान्वयन करने वाले विभाग को सूचित करेगा जो शेष अवधि के लिए रिक्त पद भरने के लिए शीघ्रातिशीघ्र कार्रवाई करेगा।

(4) यदि अध्यक्ष का पद रिक्त हो जाता हो तो इसकी सूचना राज्य सरकार तत्काल मुख्य न्यायधीश, हाईकोर्ट को देगी और इस स्थिति में समिति या बोर्ड के सदस्यों के चयन हेतु प्रधान सचिव/सचिव, समाज कल्याण विभाग चयन समिति की अध्यक्षता करेंगे, जो किसी भी स्थिति में रिक्ति से छः माह की अवधि से अधिक नहीं होगी।

(5) चयन समिति की बैठक के लिए कोरम अध्यक्ष और सदस्य सचिव सहित चार सदस्य से कम नहीं होगा।

(6) चयन समिति का सदस्य सचिव चयन समिति की बैठकें ऐसे समय पर आहूत करेगा जो चयन समिति के कार्यो को सुकर बनाने और करने के लिए आवश्यक हो।

(7) सदस्य सचिव चयन प्रक्रिया और चयन समिति की अन्य सभी बैठकों के कार्यवृत्तों को रखेगा।

(8) चयन समिति के अध्यक्ष और गैर–सरकारी सदस्यों को राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर यथा निर्धारित बैठक शुल्क और यात्रा भत्ते का भुगतान किया जाएगा।

(9) चयन समिति के कार्यकरण और कार्यों के निष्पादन से संबंधित सभी पत्राचार सदस्य सचिव के कार्यालय को संबोधित किए जाएंगे जो उन्हें चयन समिति के समक्ष रखेगा।

(10) चयन से संबंधित सभी अभिलेख संबंधित राज्य सरकार की वेबसाइट पर डाले जाएंगे।

88. **समिति और बोर्डों के अध्यक्ष और सदस्यों का चयन।**–(1) सदस्य सचिव पदधारी द्वारा पदभार छोड़ने के छह मास पहले से रिक्त होने वाले पद को भरने की प्रक्रिया शुरू करेगा:

परंतु यदि समिति के अध्यक्ष या बोर्ड या समिति के सदस्य द्वारा त्यागपत्र देने या उसकी मृत्यु होने के कारण रिक्त होता है तो चयन समिति का सदस्य सचिव ऐसे रिक्त पद को भरने की प्रक्रिया तत्काल शुरू करेगा।

(2) बोर्ड के सदस्यों या समिति के अध्यक्ष और सदस्यों के चयन के लिए राज्य सरकार चयन समिति के सदस्य सचिव के माध्यम से स्थानीय और राष्ट्रीय समाचार पत्रों में और अधिनियम का कार्यान्वयन करने वाले विभाग की वेबसाइट पर सार्वजनिक विज्ञापन के माध्यम से आवेदन आमंत्रित करेगी।

(3) सदस्य सचिव जिलों से प्राप्त हुए सभी आवेदनों की संवीक्षा करेगा और उन आवेदनों को जो पात्रता की बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, चयन समिति के समक्ष रखेगा।

(4) चयन समिति योग्यता, बालकों के साथ कार्य करने के अनुभव और अभ्यर्थी के साथ व्यक्तिगत वार्तालाप के आधार पर अभ्यर्थियों का मूल्यांकन करेगी।

(5) चयन समिति द्वारा चयनित सदस्य :

(i) ऐसे पूर्णकालिक पद का धारक नहीं होना चाहिए, जो अधिनियम और इन नियमों के अनुसार बोर्ड या समिति के कार्य के लिए व्यक्ति को आवश्यक समय और ध्यान देने की अनुमति न देता हो;

(ii) बोर्ड या समिति के सदस्य के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष किसी भी रूप में किसी बाल देख–रेख संस्था या चाईल्डलाईन या विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान से जुड़ा न हो;

(iii) अपने कार्यकाल के दौरान किसी राजनैतिक दल या संगठन जो किसी राजनैतिक दल से संबद्ध हो, का पदाधिकारी न हो;

(iv) समिति या बोर्ड, यथास्थिति, के सदस्यों में आपस में किसी प्रकार का समरक्त अथवा दाम्पत्य का रिश्ता नहीं होगा;

(v) दिवालिया न हो।

591

(6) जिस मामले में चयन समिति को यथास्थिति बोर्ड या समिति के सदस्यों के प्रथम कार्यकाल के समाप्त होने के तीन वर्षों बाद दूसरे कार्यकाल हेतु नवीकरण या कार्यकाल के विस्तार से संबंधित उन मामलो में जहाँ पर निर्धारित समय में नये सदस्यों का चयन न हो पाया हो, जो किसी भी स्थिति में छः माह से अधिक की अवधि का नहीं होगा, आवेदन पर विचार करने की आवश्यकता हो, चयन समिति आगे दर्शाए गए मानदंडों के आधार पर आवेदन का मूल्यांकन करेगी, अर्थात्:

(i) विनिर्दिष्ट प्ररूप के अनुसार जिला न्यायाधीश या जिला मजिस्ट्रेट द्वारा किए गए सदस्य के नियमित तिमाही निष्पादन मूल्यांकन, जिनकी प्रति सदस्य सचिव द्वारा चयन समिति के अध्यक्ष और सदस्यों को उपलब्ध कराई जाएगी;

(ii) कार्यकाल के विस्तार का आवेदन करने वाले व्यक्ति के विरूद्व चयन समिति की यदि कोई शिकायत प्राप्त हुई हो तो वह शिकायत; और

(iii) चयन समिति अभ्यर्थियों की किशोर न्याय अधिनियम, नियमावली एवं बाल संरक्षण से संबंधित अन्य अधिनियमों की जानकारी, बालकों के प्रति संवेदनशीलता एवं लेखन तथा संवाद कौशल का मूल्यांकन करेगी।

(7) चयन समिति बोर्ड के सदस्यों या समिति के अध्यक्ष या सदस्यों के रूप में नियुक्ति के लिए, जैसा भी मामला हो, मूल्यांकन प्रक्रिया और मानदंडों के आधार पर पैनल में से नामों का चयन और सिफारिश राज्य सरकार को करेगी।

(8) नामों के पैनल की सिफारिश करते समय चयन समिति बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष और सदस्यों और किशोर न्याय परिषद के सदस्यों के पदों के लिए अलग–अलग पैनल तैयार करेगी।

(9) चयन समिति प्रत्येक पद के लिए तीन नामों का पैनल तैयार करेगी, जो कि एक वर्ष की अवधि के लिए वैध होगा।

(10) अंतिम रूप से निर्धारित नामों की सूची पर चयन के समय मौजूद चयन समिति के सभी सदस्य विधिवत हस्ताक्षर करेंगे और सदस्य सचिव अंतिम रूप से तैयार सूची को नियुक्ति के लिए राज्य सरकार को भेजेंगे। राज्य सरकार प्रत्येक जिले में यथास्थिति एक या एक से अधिक बोर्डों या समितियों का गठन चयन समिति की सिफारशों की प्राप्ति की तारीख से दो मास की अवधि में राजपत्र में अधिसूचना द्वारा करेगी।

(11) यदि चयन समिति की जानकारी में यह लाया जाता है कि बोर्ड या समिति में नियुक्त कोई सदस्य अपनी शैक्षणिक योग्यता एवं/अथवा अनुभव के संबंध में चयन के समय कोई गलत सूचना दी है, तो सरकार, चयन समिति द्वारा सम्यक् जाँचोपरान्त ऐसा तथ्य प्रमाणित होने पर, उस सदस्य की नियुक्ति को अमान्य घोषित कर उसे समुचित कानून के अंतर्गत गलत तथ्य प्रस्तुत करने के आधार पर अभियोजित करने और उस सदस्य को दिए गए मानदेय, यदि भुगतान किया गया है, की वसूली हेतु प्रवृत्त होगी।

(12) ऐसे रिक्त पदों को भरने के लिए, जो ऐसी अवधि में बोर्ड या समिति के कार्यकाल के दौरान या तो चयनित व्यक्तियों द्वारा नियुक्ति की तारीख से निर्धारित समय के भीतर उपस्थित नहीं होने के कारण या अन्यथा रिक्त पदों को भरने के लिए नामों पर विचार करने के लिए पैनल में दिए नाम एक वर्ष की अवधि के लिए वैध होंगे जिसे छह मास की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकेगा जहाँ पर नया पैनल उस समय तक तैयार नहीं किया गया है।

(13) यदि बोर्ड या समिति में कोई पद रिक्त होता है, जिला बाल संरक्षण इकाई ऐसे रिक्त पद को भरने के लिए राज्य सरकार को सूचित करेगी।

(14) राज्य सरकार जिला बाल संरक्षण इकाई से ऐसी सूचना प्राप्त होने के तीन मास की अवधि के भीतर चयन समिति द्वारा अनुशंसा किए गए नामों के पैनल के आधार पर रिक्त पदों को भरेगी।

(15) यदि बोर्ड या समिति के किसी सदस्य के विरूद्व कोई शिकायत की जाती है, तो राज्य सरकार, न्यायिक अधिकारियों से संबंधित शिकायतों के अलावा, आवश्यक जाँच कराएगी या न्यायिक अधिकारयिों के विरूद्व शिकायतें कार्रवाई के लिए उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार को अग्रेषित की जाएंगी।

(16) राज्य सरकार एक मास की अवधि के भीतर जाँच पूरी करेगी और दो मास के भीतर उपयुक्त कार्यवाही करेगी।

(17) यदि संबंधित व्यक्ति के विरूद्व कोई आपराधिक मामला दर्ज होता है, सरकार यथोचित जाँच के बाद ऐसी अवधि के लिए नियुक्ति को निलंबित कर सकती है।

89. **बालकों से व्यवहार कर रहे कार्मियों को प्रशिक्षण।**– (1) राज्य सरकार इस अधिनियम के अधीन नियुक्त किए गए और कर्मचारीवृंद के प्रत्येक प्रवर्ग के कार्मिकों को उनके कानूनी उत्तरदायित्वों और विनिर्दिष्टि कार्य अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण देगी।

(2) प्रशिक्षण कार्यक्रम में निम्नलिखित सम्मिलित होगा:

(i) अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों की प्रस्तावना;

(ii) बाल कल्याण, देख–रेख, संरक्षण और बाल अधिकार पर अभिविन्यास;

(iii) नए भर्ती किए गए कार्मिकों को प्रतिस्थापना प्रशिक्षण;

(iv) पुनश्चर्या प्रशिक्षण पाठयक्रम और कौशल उन्नयन कार्यक्रम, प्रलेखीकरण और अच्छी पद्वतियों की साझेदारी; और

(v) सम्मेलन,, संगोष्ठियां और कार्यशालाएं।

(3) कार्मिकों की निम्नलिखित श्रेणियों को अपने कार्यकाल की अवधि में कम से कम सात दिनों का प्रशिक्षण लेना होगा अर्थात् :–

क्र. सं.	कार्मिक
1.	बाल न्यायालयों के कर्मचारी और किशोर न्याय बोर्डों के मुख्य मजिस्ट्रेट
2.	किशोर न्याय बोर्डों के सदस्य
3.	बाल कल्याण समितियों के अध्यक्ष और सदस्य
4.	बाल कल्याण पुलिस अधिकारी और विशेष किशोर पुलिस इकाइयों के अन्य पुलिस अधिकारी
5.	राज्य बाल संरक्षण समितियों और राज्य दत्तक ग्रहण ग्रहण संसाधन अभिकरणों के कार्यक्रम प्रबंधक और कार्यक्रम अधिकारी
6.	राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरणों के कर्मचारी
7.	जिला बाल संरक्षण इकाइयों के विधि–सह–परिवीक्षा अधिकारी और बाल देख–रेख संस्थाओं के परिवीक्षा अधिकारी

8.	जिला बाल संरक्षण इकाइयों और राज्य बाल संरक्षण समितियों के कर्मचारी
9.	बाल देख–रेख संस्थाओं के प्रभारी अधिकारी (मुक्त आश्रयों सहित)

(4) राज्य सरकार अन्य कार्मियों को जैसे कि सामाजिक कार्यकर्ताओं, बाल कल्याण अधिकारियों, केस वर्करो, पुनर्वास–सह–स्थापन अधिकारियों, देख–रेख कर्ताओं, बाल देख–रेख संस्थाओं के गृह पिताओं और गृह माताओं, बाल देख–रेख संस्थाओं के सुरक्षा कर्मियों और अन्य कर्मचारियों अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं, सेतु पाठयक्रम के शिक्षकों, पहुँच कार्यकर्ताओं और सामुदायिक स्वयंसेवकों, विशेष दत्तक ग्रहण अभिकरणों के सामाजिक कार्यकर्ताओं, विशेष दत्तक ग्रहण अभिकरणों के निदेशकों या प्रभारियों, अधिनियम के अधीन बाल देख–रेख संस्थाओं के चलाने के लिए पंजीकृत संगठनों के मुख्य कार्यकर्ताओं, मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सकों, मनोवैज्ञानिकों, मनोचिकित्सकों, मानसिक रोगी सामाजिक कार्यकर्ताओं, विधिक सेवा के अधिवक्ताओं, अधिनियम और उसके तहत बनाए गए, नियमों के अधीन गठित समितियों और सोसायटियों के सदस्यों को भी प्रशिक्षण प्रदान करेगी।

(5) राज्य सरकार, राज्य या जिला स्तर या जिला पर पक्षकारों के लिए, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करते समय, यह सुनिश्चित करेगी कि राज्य बाल संरक्षण समिति द्वारा विकसित किए जाने वाले प्रशिक्षण मॉडयूल और प्रशिक्षण मैन्यूअल देश भर में प्रशिक्षण प्रक्रिया में एकरूपता बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान या अपेक्षित विशेषज्ञता वाली संस्थाओं के परामर्श से तैयार किए जाएँ।

(6) राज्यों की न्यायिक अकादमी मुख्य मजिस्ट्रेटों के प्रशिक्षण के लिए बाल मनेविज्ञान, बाल अनुकूल प्रक्रियाओं के उपयोग और बाल अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने, बालकों की देख–रेख, उनके संरक्षण और पुनर्वास पर प्रशिक्षण मॉडयूल और प्रशिक्षण मैन्यूअल तैयार कर सकती है और राज्य स्तर पर ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर सकती है।

(7) राज्यों की पुलिस अकादमी राष्ट्रीय पुलिस अकादमी के परामर्श से पुलिस और बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों के प्रशिक्षण के लिए बाल मनेविज्ञान, बाल अनुकूल प्रक्रियाओं के उपयोग और बाल अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने, बालकों की देख–रेख, उनके संरक्षण और पुनर्वास पर प्रशिक्षण मॉडयूल और प्रशिक्षण मैन्यूअल तैयार कर सकती है और राज्य स्तर पर ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर सकती है।

(8) राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण विधिक सेवा के अधिवक्ताओं और अर्ध विधायी स्वयंसेवकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगी।

(9) राज्य बाल संरक्षण समिति अपेक्षित विशेषज्ञता वाली संस्थाओं के परामर्श से प्रभारी अधिकारी, बाल कल्याण अधिकारी, मामला कार्यकर्ता, परिवीक्षा अधिकारी तथा जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल देख–रेख संस्था एवं विशेष किशोर पुलिस इकाई के कार्मिकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगी।

(10) केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरणों और राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरणों के कर्मचारियों के लिए उपयुक्त प्रशिक्षण मॉडयूल और मैन्यूअल विकसित कर सकता है और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर सकता है।

90. **लंबित मामले।**– (1) किसी भी बालक को इस अधिनियम और इसके अधीन बनाए गए नियमों के फायदों से वंचित नहीं रखा जाएगा।

(2) उप–नियम (1) में निर्दिष्ट फायदे ऐसे सभी व्यक्तियों को उपलब्ध होंगे जो अपराध घटित होने के समय बालक थे, यद्यपि वे जाँच या विचारण लंबित होने के दौरान बालक नहीं रहे हैं।

(3) कानून का उल्लंघन करने वाले बालक के कारावास या आवास या सजा की अवधि की संगणना करते समय, ऐसी सभी अवधियां की जो बालक ने अभिरक्षा, निरोध, आवास या कारावास की सजा में पहले ही बिता चुका है, न्यायालय या बोर्ड के अंतिम आदेश में समाविष्ट की गई आवास या निरोध या कारावास की सजा की अवधि के रूप में गणना की जाएगी।

91. **राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग और राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा अनुश्रवण।**– (1) बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम, 2005 (2006 का 4) के अंतर्गत विनिर्दिष्टि कृत्यों के अलावा, केंद्र और राज्य सरकार के परामर्श में राष्ट्रीय आयोग या राज्य आयोगों आदि निम्नलिखित कृत्य संपादित करेगा अर्थात् :

(i) अधिनियम के अधीन सृजित की गई संस्थाओं की संरचनाओं की समीक्षा;

(ii) बाल अधिकारों और जेंडर संवेदनशीलता पर सूचना, शिक्षा और संप्रेषण (आईईसी) सामाग्री का विकास;

(iii) बालकों के सुधार और पुनर्वास के लिए नवाचारों का विकास;

(iv) बालकों के विरूद्व अपराधों जैसे कि नशीली दवाओं का दुरूपयोग, अवैध मानव व्यापार, बालकों का यौन दुरूपयोग और बाल विवाह सहित बालकों का शोषण और बालकों के विरूद्व हिंसा के अन्य रूपों की पहचान करने और रिपोर्ट करने के बारे में जागरूता विकास;

(v) उन्नत संरक्षण के लिए अपराधों की पहचान करने और रिपोर्ट करने सहित बालकों के विरूद्व अपराधों के बारे में पंचायती राज संस्थाओं और नगर नियमों के लिए संचेतना कार्यशालाओं का आयोजन;

(vi) पीड़ित बाल या साक्षियों और उनके परिवारों के अधिकारों के विस्तृत वर्णन के साथ और स्थानीय भाषा में उपयोगी जानकारी सहित सूचना सामग्री विकसीत करना जिसे पीड़ित और उसके परिवार को उपलब्ध कराना;

(vii) राज्य बाल सरंक्षण समिति, राष्ट्रीय जन सहयोग बाल विकास संस्थान आदि के साथ पक्षकारों के लिए प्रशिक्षण मॉडयूल विकसित करना।

92. **गुमशुदा बालक के बारे में जाँच।**– (1) गुमशुदा बालक एक ऐसा बालक है जिसके ठिकाने की उसके माता–पिता, कानूनी अभिभावक या किसी अन्य व्यक्ति या संस्था को जिसे बालक की अभिरक्षा विधिक रूप से सौंपी गई है, गायब होने की परिस्थितियां या कारण कुछ भी हों, जानकारी नहीं है और उसे जब तक ढूंढ नहीं लिया जाता है या उसकी सुरक्षा और कल्याण को स्थापित नहीं किया जाता है, गुमशुदा और देख–रेख और संरक्षण का जरूरतमंद बालक माना जाएगा।

(2) जब किसी बालक के बारे में जो गुमशुदा है, शिकायत प्राप्त होती है, पुलिस तत्काल एक प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करेंगी।

(3) पुलिस बाल कल्याण अधिकारी को सूचित करेगी और बालक को खोजने के लिए त्वरित कार्रवाई के लिए विशेष किशोर पुलिस इकाई को प्रथम सूचना रिपोर्ट अग्रेषित करेगी।

(4) पुलिस निम्नलिखित करेगी :

(i) गुमशुदा बालक का नवीनतम फोटोग्राफ प्राप्त करेगी और जिला गुमशुदा व्यक्ति इकाई, गुमशुदा व्यक्ति दल, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो/मीडिया आदि के लिए प्रतियाँ बनाएंगी;

(ii) नामनिर्दिष्ट पोर्टल पर प्ररूप भरेगी;

(iii) विशेष रूप से बनाए गए गुमशुदा व्यक्ति सूचना प्रपत्र' को भरेगी और तत्काल गुमशुदा व्यक्ति दल, जिला गुमशुदा व्यक्ति इकाई, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो, राज्य अपराध रिकोर्ड ब्यूरो, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो और अन्य संबंधित संस्थाओं को भेजेगी;

(iv) नामनिर्दिष्ट पोर्टल पर प्रासंगिक सूचना अपलोड करने के बाद गुमशुदा बालक के माता–पिता या अभिभावक के पता और संपर्क फोन नम्बरों के साथ प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रति डाक/ईमेल द्वारा निकटवर्ती विधिक सेवा प्राधिकरण को भेजेगी;

(v) गुमशुदा बालक के फोटो और शारीरिक ब्यौरे के साथ पर्याप्त संख्या में बालक की गुमशुदगी की सूचनाओं को प्रकाशन के लिए भेजने के लिए तैयार करेगी;

(vi) गुमशुदा बालक के फोटो और ब्यौरे को (क) प्रमुख समाचार पत्रों (ख) टेलीविजन/इलैक्ट्रॉनिक मीडिया (ग) स्थानीय केबल टेलीविजन नेटवर्क और सोशल मीडिया में प्रकाशित या प्रसारित कर व्यापक प्रचार–प्रसार करेगी और बाद में बोर्ड या समिति या बाल न्यायालय, जैसा भी मामला हो, द्वारा अनुसमर्थन के लिए प्रस्तुत करेगी;

(vii) लाउड स्पीकरो के उपयोग और बालक की गुमशुदगी की सूचनाओं को वितरण करके और प्रमुख स्थानों पर चस्पा करके आस–पास के क्षेत्र में व्यापक प्रचार–प्रसार करेगी। सूचना को लोगों में फैलाने के लिए सोशल नेटवर्क पोर्टलों, संक्षिप्त संदेश सेवा अलर्ट और सिनेमा घरों में स्लाइडों का उपयोग किया जा सकता है;

(viii) शहर और कस्बे के सभी केंद्रों अर्थात् रेलवे स्टेशनों, बस स्टैण्डों, हवाई अड्डों, क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों और अन्य प्रमुख स्थानों पर बालक की गुमशुदगी की सूचनाओं का वितरण;

(ix) रूचि के क्षेत्रों और स्थानों जैसे कि सिनेमा घरों, शॉपिंग मॉलों, पार्कों, मनोरंजन पार्कों, गेम्स पार्लरों में खोजना और ऐसे क्षेत्रों को जहाँ गुमशुदा और भाग के गए बालक बार–बार आते–जाते हैं, अभिनिर्धारित करना और उन पर नजर रखना;

(x) उस क्षेत्र के, जहाँ से बालक गुमशुदा होने की सूचना मिली है, आस–पास के क्षेत्र में और सभी संभावित मार्गों और बस स्टैण्डों, रेलवे स्टेशनों जैसे पारगमन गंतव्य बिंदुओं और अन्य स्थानों पर लग क्योज सर्किट टेलीविजन कैमरों की रिकार्डिंग को स्कैन करेगी;

(xi) निर्माणाधीन स्थलों, अनुप्रयुक्त भवनों, अस्पतालों और औषधालयों, चाइल्डलाइन सेवाओं, और अन्य स्थानीय पहुँच कार्यकर्ताओं, रेलवे पुलिस, और अन्य स्थानों पर पूछताछ करना;

(xii) गुमशुदा बालकों के ब्यौरे पड़ोसी राज्यों के जिला अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो और सीमावर्ती पुलिस थानों के थाना अधिकारियों और उनके क्षेत्राधिकार में आने वाली सभी पुलिस चौकियो के प्रभारियों को भेजेगी और संबंधितों से नियमित वार्तालाप करेगी ताकि अनुवर्ती कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

(iii) पुलिस जाँच करेगी कि क्या बालक के साथ इस अधिनियम या किसी अन्य कानून के अंतर्गत कोई अपराध हुआ है और यदि ऐसा है तो तदनुसार कार्रवाई ही जाएगी।

(7) केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार इन नियमों को प्रभावी बनाने के लिए जाँच की रीति के लिए उपयुक्त मानक प्रचालन प्रक्रियाएँ तैयार कर सकेगी।

93. **अधिनियम और नियमों का गैर–अनुपालन।**– कोई अधिकारी/संस्था, सांविधिक निकाय आदि, जो इस अधिनियम और इसके अधीन बनाए गए नियमों के प्रावधानों का अनुपालन करने में असफल रहता है, राज्य सरकार यथोचित जाँच के बाद ऐसे अधिकारी/संस्था, सांविधिक निकाय आदि के विरूद्ध कार्रवाई करेगी और साथ–साथ अधिनियम के दक्षतापूर्ण कार्यान्वयन के लिए कृत्यों के निर्वहन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करेगी।

94. **निरसन।**– 10/प्र0गृ0स्था0–17/2003–2140 दिनांक–19 नवम्बर, 2015 के द्वारा अधिसूचित बिहार किशोर न्याय (बालकों की देख–रेख और संरक्षण) नियमावली, 2015 को इसके द्वारा निरस्त किया जाता है :

परंतु यह कि इन नियमों की अधिसूचना से पूर्व 2015 के नियमों के उपबंधो के अधीन की गई कार्रवाई या जारी किया गया आदेश, जहाँ तक वह नियमों के उपबंधों से असंगत नहीं हैं, इन नियमों के उपबंधो के अधीन की गई या जारी किया गया समझा जाएगा।

95. **कठिनाई निराकरण की शक्ति।**– इस नियमावली के प्रावधानों में से किसी को प्रभावी करने में यदि कोई कठिनाई उत्पन्न हो, तो राज्य सरकार, राजपत्र में प्रकाशित आदेश द्वारा, इस नियमावली से संगत ऐसा प्रावधान कर सकेगी, जो कठिनाइयों के निराकरण के लिए आवश्यक या समीचीन प्रतीत हो।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

(अतुल प्रसाद)
प्रधान सचिव
समाज कल्याण विभाग

[851]

ज्ञापांकः–10/विविधि–08/2016– पटना, दिनांकः–

प्रतिलिपिः–सभी विभाग के प्रधान सचिव/सचिव/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/महानिदेशक–सह–आरक्षी महानिरीक्षक, बिहार, पटना/सचिव, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग, पटना/सदस्य सचिव, बिहार विधिक सेवा प्राधिकार, पटना/सभी जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सभी जिला पदाधिकारी/सभी पुलिस अधीक्षक/सभी प्रधान सदस्य–सह–न्यायिक दंडाधिकारी, किशोर न्याय परिषद्/सभी अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति/सभी सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(अतुल प्रसाद)
प्रधान सचिव
समाज कल्याण विभाग

ज्ञापांकः–10/विविधि–08/2016– 1191 पटना, दिनांकः– 14.06.2017

प्रतिलिपिः–अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय, बिहार, पटना से अनुसेवध है कि इसे असाधारण अंक में प्रकाशित करते हुए इसकी 2000 प्रतियाँ मुद्रित कर अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करावें।

(अतुल प्रसाद)
प्रधान सचिव
समाज कल्याण विभाग

[401]

FORM 1

[Rules 8 (1), 8 (5)]

Social Background Report

FIR/DD No .....

U/Sections .....

Police Station .....

Date & Time .....

Name of I.O. .....

Name of CWPO .....

1. Name .....
2. Father/Mother/Guardian's name.....
3. Age/ Date of birth .....
4. Address.....
5. Religion
   - (i) Hindu (OC/ BC/ SC/ ST)
   - (ii) Muslim/ Christian/ Other (pl. specify)
6. Whether the child is differently abled:
   - (i) Hearing Impairment
   - (ii) Speech Impairment
   - (iii) Physically disabled
   - (iv) Mentally disabled
   - (v) Others (please specify)
7. Family Details:

S. No.	Name and Relationship	Age	Sex	Education	Occupation	Income	Health status	History of Mental Illness (if any)	Addictions (if any)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)

8. Reasons for leaving home .....
9. Whether there is a history of involvement of family members in offences, if any
10. Habits of the child

A	B	Yes	No
i) Smoking	i) Watching TV/movies		
ii) Alcohol consumption	ii) Playing indoor/ outdoor games		
iii) Drug use (specify)	iii) Reading books		
iv) Gambling	iv) Drawing/painting/acting/singing		
v) Begging	v) Any other		
vi) Any other			

1

11. Employment Details, if any .....
12. Details of income utilization:
    (i) Sent to family to meet family need — Yes / No
    (ii) Used by self for: — Yes / No
        a) For dress materials — Yes/No
        b) For gambling — Yes/No
        c) For alcohol — Yes/No
        d) For drug — Yes/No
        e) For smoking — Yes/No
        f) Savings — Yes/No
13. The details of education of the child:
    (i) Illiterate
    (ii) Studied up to V Standard
    (iii) Studied above V Standard but below VIII Standard
    (iv) Studied above VIII Standard but below X Standard
    (v) Studied above X Standard
14. The reason for leaving School
    (i) Failure in the class last studied
    (ii) Lack of interest in the school activities
    (iii) Indifferent attitude of the teachers
    (iv) Peer group influence
    (v) To earn and support the family
    (vi) Sudden demise of parents
    (vii) Bullying in school
    (viii) Rigid school atmosphere
    (ix) Absenteeism followed by running away from school
